


29:09:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

# राष्ट्रीय ख़बर

अखबार जो बदल दे नजरिया

हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 12 अंक ›› 266 epaper.rashtriyakhabar.com भाद्र पद, शुक्लपक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

नवद्वारमिदं वेश्म त्रिस्थूणं पञ्चसाक्षिकम्।
क्षेत्रज्ञाधिष्ठितं विद्वान यो वेद स परः कवि॥

**भावार्थ** : नौ द्वारों वाले, तीन स्तंभों वाले, पांच साक्षियों वाले क्षेत्रज्ञ (आत्मा) के आवास (शरीर) को जो विद्वान भली प्रकार से जानता है वही श्रेष्ठ ज्ञानी है।




**पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 30.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .38 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .39 बजे

## सांढ़ के हमले में पूर्व सांसद घायल

**चेन्नई**: तमिलनाडु के दक्षिणी जिले थेनी में पेरियाकुलम के पास जंगली सांढ़ ने द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व लोकसभा सांसद आर. ज्ञानगुरुसामी पर हमला किया, जिसके कारण उनका पैर टूट गया। पुलिस ने बताया कि पूर्व सांसद ज्ञानगुरुसामी (76) बुधवार को जब वह अपने खेत की ओर जा रहे थे, तो एक जंगली सांढ़ ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में पैर टूट गया है और उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। श्री ज्ञानगुरुसामी ने 1996 और 1998 के बीच लोकसभा में पेरियाकुलम का प्रतिनिधित्व किया था।

## जेलेंस्की को और अधिक सैन्य सहायता का वादा

**लंदन**: ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने गुरुवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक के दौरान उन्हें और सैन्य समर्थन देने का वादा किया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। प्रेस बयान में कहा गया, रक्षा मंत्री शाप्स ने राष्ट्रपति जेलेंस्की और उनके समकक्ष रुस्तम उमेरोव से मुलाकात की और ब्रिटेन से और सैन्य मदद का वादा किया। श्री शाप्स की यूक्रेन की राजधानी की यह दूसरी यात्रा है। ब्रिटेन के ऊर्जा सुरक्षा सचिव के रूप में अपनी पूर्व भूमिका में उन्होंने अगस्त में यूक्रेन की यात्रा की। ब्रिटेन ने अब तक यूक्रेन को मुख्य युद्धक टैंक, लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें, सैकड़ों हजारों तोपखाने के गोले और बहुत कुछ प्रदान किया है। वर्ष 2022 में यूक्रेन को कुल 2.3 अरब पाउंड (2.8 अरब डॉलर) सैन्य सहायता थी, इतनी ही राशि इस वर्ष के लिए देने का वादा किया गया है। यह लाखों पाउंड की आर्थिक सहायता और एक सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिरिक्त है, जिसका लक्ष्य वर्ष के अंत तक 30,000 यूक्रेनी रंगरूटों को प्रशिक्षित करना है।

## उम्मीद की आंधी प्रियंका गांधी :कांग्रेस

**प्रयागराज**: लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपनी खोई हुई सियासी जमीन तलाशने की कवायद को लेकर वायरल हो रहे एक वीडियो में प्रियंका गांधी वाड्रा को उम्मीद की आंधी बताया है। फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में प्रयागराज कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग की तरफ से प्रियंका गांधी का पोस्टर जगह-जगह लगाया गया है। पोस्टर पर उम्मीद की आंधी, प्रियंका गांधी लिखा गया है। इस पोस्टर में एक तरफ देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के साथ इंदिरा गांधी की भी तस्वीर छपी है तो दूसरे किनारे पर कांग्रेस का निशान हाथ का पंजा दर्शाया गया है। वीडियो में अल्पसंख्यक वर्ग के शहर अध्यक्ष अरशद अली का कहना है कि फूलपुर लोकसभा सीट देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की रही है। प्रियंका गांधी को अपने नाना की विरासत को बढ़ाने के लिए आगे आना चाहिए और उनको फूलपुर से चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि फूलपुर की आवाम को विश्वास है कि प्रियंका गांधी इस लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ती हैं तब फिर पंजा लहराएगा।

## बैंक कर्मचारी संगठन का दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**हैदराबाद**: अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) ने बैंकों में पर्याप्त भर्तियों की मांग और नियमित नौकरियों की आउटसोर्सिंग का विरोध करते हुए अगले साल 19 और 20 जनवरी को देश भर में दो दिवसीय लगातार हड़ताल का आान किया है। एआईबीईए के महासचिव सी.एच. वेंकटचलम ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इसी मुद्दे पर चार से आठ और 11 दिसंबर को बैंक-वार हड़ताल और दो से छह जनवरी तक राज्य-स्तरीय हड़ताल का भी आान किया है। उन्होंने कहा, जनता से अनुरोध है कि वे बैंक शाखाओं में पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आंदोलन में अपना समर्थन दें, ताकि कर्मचारियों द्वारा बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान की जा सके। एआईबीईए महासचिव ने कहा कि हाल के वर्षों में बैंकों के ग्राहकों की संख्या कई गुना बढ़ गई है, वहीं कारोबार की कुल मात्रा में भारी वृद्धि हुई है, जिससे कर्मचारियों पर काम का बोझ असहनीय रूप से बढ़ गया है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

## इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने दिल्ली में किया नया एलान

# अब शुक्र ग्रह का अभियान की तैयारी

- विज्ञान अकादमी में दी इसकी जानकारी
- इस यान का पे लोड भी विकसित हुआ है
- लैंडर और रोवर भी इस अभियान में जाएगा

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली**: इसरो अब चांद और सूरज से आगे निकलने की तैयारियों में जुटा है। चंद्रयान 3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की मिट्टी को छुआ है। आदित्य एल वन पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से निकलकर सूर्य की तरफ बढ़ रहा है। इसके बीच ही इस नये अंतरिक्ष अभियान की जानकारी आयी है। इसरो सौर मंडल के सबसे चमकीले ग्रह तक पहुंचना चाहते हैं। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। यह बात इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के दौरे के दौरान कही। शुक्र सौर मंडल का सबसे चमकीला ग्रह है। यह सूर्य से दूसरा निकटतम ग्रह है। इसरो प्रमुख ने कहा कि वे आने वाले दिनों में शुक्र ग्रह पर एक अभियान चलाना चाहते हैं। उसी के अनुरूप योजना आगे बढ़ रही है। काम शुरू हो गया है। यहां तक कि शुक्र मिशन में इसरो द्वारा उपयोग किए जाने वाले पेलोड भी विकसित किए जा चुके हैं।




इसरो का शुक्रयान शुक्र मिशन पर जाएगा। इस अभियान का नाम भी दिया गया है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य शुक्र की मिट्टी और वातावरण का निरीक्षण करना होगा। शुक्र का वातावरण अत्यंत भारी, अम्ल से भरा हुआ है। शुक्र का वायुमंडलीय दबाव पृथ्वी की तुलना में 100 गुना अधिक है। इसलिए इस ग्रह पर अभियान चलाना कठिन है। इसरो को उस क्षेत्र में नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इसरो प्रमुख ने कहा, शुक्र एक बहुत ही दिलचस्प ग्रह है। इसका वातावरण इतना भारी है कि इसमें प्रवेश नहीं किया जा सकता। इसलिए हमें नहीं पता कि शुक्र की सतह ठोस है या नहीं। इस ग्रह पर अभियान से कई महत्वपूर्ण अज्ञात जानकारियां ›› पेज 2 भी देखें

**निर्णय** › केंद्र सरकार भी अफसरशाही के पक्षपात को समझ रही है

# श्रीनगर के पुलिस प्रमुख को मणिपुर भेजा गया

- एनआईए जांच टीम के सदस्य थे बलवाल
- पश्चिमी इंफाल में डीसी ऑफिस जलाया गया
- बच्चों पर अधिक सख्ती नहीं करने की अपील

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवहाटीः** श्रीनगर पुलिस प्रमुख राकेश बलवाल को मणिपुर कैडर में वापस भेजा गया है। गृह मंत्रालय के प्रस्ताव के लगभग एक महीने बाद कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने श्रीनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के पद पर तैनात आईपीएस अधिकारी राकेश बलवाल को एजीएमयूटी कैडर से समय से पहले मणिपुर वापस भेजने के गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय जून में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मणिपुर की मौजूदा स्थिति को लेकर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के तीन महीने बाद आया है, जिसमें उन्होंने सदस्यों को सूचित किया



था कि 40 आईपीएस अधिकारियों को राज्य में भेजा गया है। राकेश बलवाल, जिन्होंने 2019 पुलवामा हमले की जांच करने वाली राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) टीम का नेतृत्व किया था, को बढ़ते आतंकवादी हमलों का सामना करने के बाद दिसंबर 2021 में श्रीनगर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। मणिपुर में हर स्तर पर यह आरोप पहले से लगता आ रहा है कि वहां के अधिकारी भी इस आंदोलन में पक्षपाती बन गये हैं। दूसरी तरफ तटस्थ भूमिका निभाने वाली भारतीय सेना और असम राइफल्स पर पक्षपात का आरोप लगाने वाले भी बहुसंख्यक समाज के लोग हैं, जिन्हें इन सुरक्षाबलों के होने से परेशानी हो रही है।

वह 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं, उन्हें नवंबर 2021 में नीति में छूट के तहत तीन साल की अवधि के लिए मणिपुर कैडर से एजीएमयूटी (अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश) कैडर में स्थानांतरित कर दिया गया था।

इससे पहले, उन्होंने प्रतिनियुक्ति पर एनआईए की सेवा की और पुलवामा हमले की जांच का नेतृत्व किया, जिसमें 2019 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 40 जवान मारे गए। माना जाता है कि एक विशेष के समक्ष दायर की गई 13,500 पन्नों की विस्तृत एनआईए चार्जशीट के पीछे उनका ही दिमाग था। श्री बलवाल ने पुलवामा हमले में जैश-ए-मुहम्मद की भूमिका की जांच के लिए अमेरिकी खुफिया एजेंसी, संघीय जांच ब्यूरो के साथ भी काम किया।

इस बीच गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा, मणिपुर में दो युवकों की मौत पर हिंसक विरोध प्रदर्शन गुरुवार (28 सितंबर) तड़के तक जारी रहा, जिसमें भीड़ ने इंफाल पश्चिम में डिप्टी कमिश्नर के कार्यालय में तोड़फोड़ की और दो चार पहिया वाहनों को आग ›› पेज 2 भी देखें

करीब एक दशक पहले हुगली का बैंडेल हाउस छोड़ दिया था

## चार सौ करोड़ की ठगी का आरोपी आसनसोल से गिरफ्तार



- अपनी पत्नी और इकलौती बेटी के साथ आसनसोल में छिपा हुआ था

**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाताः** चिटफंड के नाम पर आम जनता से चार सौ करोड़ से अधिक की ठगी करने वाला सुब्रत दास उर्फ शिबू पुलिस की नजरों से ओझल था। करीब एक दशक पहले हुगली का बैंडेल हाउस छोड़ दिया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वह अपनी पत्नी और इकलौती बेटी के साथ आसनसोल में छिपा हुआ था। चुंचुरा थाने की पुलिस उस तक पहुंच ही नहीं पा रही थी। आखिरकार चुंचुरा पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर अनिमेष हजारी के नेतृत्व में एक टीम आसनसोल पहुंची। सलानपुर थाने के रूपनारायणपुर चौकी की मदद से पचपन वर्षीय शिबू को एक स्थानीय घर से गिरफ्तार किया गया। देश की वित्तीय निवेश कंपनियों के नियामक सेबी ने अवैध निकासी के अपराध में शिबू के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। शिबू के खिलाफ 2018 में गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। इस दिन गिरफ्तारी के बाद चुंचुरा कोर्ट के आदेश पर शिबू को सेबी को सौंप दिया गया था। अपने पैतृक घर बैंडेल में वह बचपन से रहता था। हुगली इमामबाड़ा के पास एक प्राइवेट इंग्लिश मीडियम स्कूल से पढ़ाई शुरू की। सिविल इंजीनियरिंग करने के बाद उन्होंने बिजनेस शुरू किया। वह हुगली एग्रो इन्वेस्टमेंट नाम से चिटफंड चलाते थे। उन पर उस समय हुगली में हजारों लोगों से पैसे वसूलने का आरोप है। 2015 में सेबी ने सुब्रत के खिलाफ करीब 425 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था।

शिबू के पिता रवीन्द्रकुमार जूट मिल मजदूर थे। पंद्रह साल पहले उनकी मौत ›› पेज 2 भी देखें

छत्तीसगढ़ के कृषक सह श्रमिक सम्मेलन में बोले कांग्रेस के अध्यक्ष

# दूसरा संविधान लाना चाहती है भाजपा: खड़गे

- समाज का माहौल बिगाड़ना चालू हो गया
- सिर्फ अमीरों के हित में कानून बन रहे हैं
- भाजपा के तमाम वादे जुमला साबित हुए

**राष्ट्रीय खबर**

**भाटापाराः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोगो का लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा मौजूदा संविधान को



हटाकर दूसरा संविधान लाना चाहती है। श्री खड़गे ने आज यहां आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपनी रणनीति के मुताबिक भाजपा ने इस बारे में अपने विचारों के पक्ष में अपने लोगो से चर्चाएं शुरू करवा दी है। वह लोगो में इसके असर को देखना चाहते है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई में गरीबों,पिछड़ों,दलितों,आदिवासियों को कांग्रेस का साथ देना होगा। उन्होने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने समाज के सभी वर्गों को अधिकार सम्पन्न बनाया,तो मोदी सरकार लगातार लोगो को उनके अधिकार छीन कर कमजोर बनाया जा रहा है। किसानों और मजदूरों के कानून को जहां ›› पेज 2 भी देखें

## कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा गिरफ्तार

**चंडीगढ़** : पंजाब में फिरोजपुर जिले की जलालाबाद पुलिस ने नार्कोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटाँस (एनडीपीएस) के पुराने मामले में भुलत्थ के कांग्रेसी विधायक सुखपाल सिंह खैरा को आज यहां उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। जलालाबाद पुलिस टीम सुबह करीब छह बजे खैरा के आवास पर पहुंची और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के छापे की सूचना खुद खैरा ने फेसबुक पर लाईव होकर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने उनके खिलाफ बदले की भावना से यह कार्रवाई कराई है। उनका दावा है कि पुलिस उनके बैडरूम में घुस गई और यह सारा घटनाक्रम बच्चों के सामने हुआ। वहीं पुलिस ने बताया कि एनडीपीएस में दर्ज पुराने मामले में पूछताछ के लिये उन्हें ले जाया जा रहा है। उन्हें जलालाबाद की अदालत में पेश किया जाएगा। वहीं खैरा का कहना है कि वह फिर से अदालत का रुख कर न्याय की गुहार करेंगे।

सीबीआई ने केजरीवाल के खिलाफ भी जांच प्रारंभ की

# आलीशान आवास बनाने का लगा है आरोप

**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के निर्माण में निविदा नियमों के उल्लंघन सहित कथित अनियमितताओं की जांच के लिए सीबीआई ने प्रारंभिक जांच शुरू की है। जांच दिल्ली सरकार के अज्ञात लोक सेवकों के खिलाफ दायर की गई है। यदि पूछताछ में पर्याप्त विवरण सामने आता है तो एजेंसी नियमित मामला दर्ज करेगी। सीबीआई ने दिल्ली सरकार के



लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर दस्तावेजों की प्रतियों की मांग की है, जिसमें पीडब्ल्यूडी अधिकारियों द्वारा भवन में परिवर्धन या बदलाव की मंजूरी के रिकॉर्ड भी शामिल हैं। एजेंसी ने भवन योजना के अनुमोदन और बेहतर विशिष्टताओं के कार्य को निष्पादित करने के लिए ग्राहक से अनुरोध से संबंधित दस्तावेज भी मांगे हैं, जिसमें संगमरमर का फर्श, साथ ही ठेकेदार को भुगतान का विवरण भी शामिल है। इन सभी को ›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** › कैंसर के बेहतर ईलाज की दिशा में प्रगति की वैज्ञानिकों ने

# जीवित फेफड़े के ऊत्तकों के बीच पहुंचा रोबोट

- सर्जरी में यहां तक पहुंचना कठिन था
- रोबोट सफलता पूर्वक वहां तक पहुंचा
- कई तकनीकों को मिलाकर बना रोबोट

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** फेफड़े के कैंसर के ईलाज में रोबोटिक्स भी मददगार बनने वाला है। वैज्ञानिकों ने जीवित फेफड़े के ऊतकों के माध्यम से



रोबोट को सफलतापूर्वक संचालित किया। संयुक्त राज्य अमेरिका में कैंसर से संबंधित मौतों का प्रमुख कारण फेफड़े का कैंसर है। कुछ ट्यूमर बेहद छोटे होते हैं और फेफड़ों के ऊतकों के भीतर गहराई में छिपे रहते हैं, जिससे सर्जनों के लिए उन तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। इस चुनौती से निपटने के लिए, यूएनसी-चैपल हिल और वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता एक बेहद लचीले लेकिन मजबूत रोबोट पर काम कर रहे हैं जो फेफड़ों के ऊतकों को पार करने में सक्षम है।

स्वायत्त स्टीयरेबल सुई रोबोट के विकास ने चिकित्सा, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विशेषज्ञता को मिश्रित करके यूएनसी की अत्यधिक सहयोगी संस्कृति का ›› पेज 2 भी देखें

### उनका शोध एक नए मुकाम पर पहुंच गया है


साइंस रोबोटिक्स में प्रकाशित एक नए पेपर में, यूएनसी कंप्यूटर साइंस विभाग में पीएचडी रॉन अल्टेरोविट्ज और यूएनसी मेडिसिन विभाग में एमडी एमपीएच जेसन अकुलियन ने साबित किया है कि उनका रोबोट स्वायत्त रूप से प्वाइंट ए से जा सकता है। एक जीवित प्रयोगशाला मॉडल में छोटे वायुमार्ग और रक्त वाहिकाओं जैसी महत्वपूर्ण संरचनाओं से बचते हुए खास स्थान तक सफर तय कर पाया है। पेपर के सह-लेखक और यूएनसी डिवीजन ऑफ पल्मोनरी डिजीज में इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी और पल्मोनरी ऑन्कोलॉजी के अनुभाग प्रमुख डॉ. अकुलियन ने कहा, यह तकनीक हमें उन लक्ष्यों तक पहुंचने की अनुमति देती है जिन तक हम अन्यथा मानक या यहां तक कि रोबोट ब्रोंकोस्कोप से नहीं पहुंच सकते। और क्रिटिकल केयर मेडिसिन। यह आपको अतिरिक्त कुछ सेंटीमीटर या कुछ मिलीमीटर भी देता है, जो फेफड़ों में छोटे लक्ष्यों का पीछा करने में काफी मदद करेगा।

दूसरे विश्वयुद्ध का जासूसी सुरंग पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा चार साल बाद

# लंदन का गुप्त भूमिगत सुरंग अब खोला जाएगा

**राष्ट्रीय खबर**

**लंदनः** द्वितीय विश्व युद्ध के समय की लंदन की जासूसी सुरंगें 2027 में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन जाएंगी। उम्मीद है कि इस नई प्रदर्शनी से चर्चिल वॉर रूम - केवल 12 फीट भूमिगत और लंबाई का एक छोटा प्रतिशत वहां आने वाले पर्यटकों को पैसा वसूल करा देगा। सिंगापुर में विश्व के ऐतिहासिक गार्डन बाय द बे के पीछे के वास्तुकारों ने इसे बनाने के लिए यूके के अधिकारियों के साथ काम किया है। अमेरिकी मीडिया ने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के



सुरंग नवीकरण के लिए कई मिलियन डॉलर की योजना बनाई गई है। इस मील लंबे विस्तार की अनुमानित लागत 268 मिलियन डॉलर है और यह इतिहास में रुचि रखने वाले और ऐतिहासिक लंदन के छिपे हुए पक्ष को देखने वाले पर्यटकों के ›› पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

## प्रदेश अध्यक्ष बने इंदरजीत सिंह

रांची: एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह को इंडियन यूथ कांग्रेस (आउटरीच सेल) का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इंदरजीत सिंह के पार्टी के प्रति कार्यो को देखते हुए इंडियन युथ कांग्रेस आउटरीच सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केरल के विधायक चांडी ओमेन ने प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, सांसद सह कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा, पूर्व केंद्र मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मार्केटिंग बोर्ड आयोग के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, आवास बोर्ड अध्यक्ष संजय लाल पासवान, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू सहित अन्य नेताओं ने बधाई दी है।

**रैली** संकल्प यात्रा के छट्ठे चरण के दौरान चंदनकियारी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की रैली

# हेमंत सरकार में पैसे के बल पर अयोग्य का बन रहा है राशन कार्ड, गरीब दलित भूखे मरने को मजबूर: बाबूलाल

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** संकल्प यात्रा के छट्ठे चरण के दौरान चंदनकियारी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला एवं भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गाँव गरीब किसानों के प्रति समर्पित है। प्रधानमंत्री मोदी जी गरीब घर से आते हैं इसलिए वे गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री बनते ही अपने कार्यकाल का पहला कार्य बहनों के लिए इज्जत घर शौचालय का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण जरूर किया किंतु बड़े घरानों व पूँजीपतियों के लिए। प्रधानमंत्री मोदी जी ने जनधन खाते खुलवाकर एक एक गरीब व्यक्ति को बैंकों से जोड़ दिया। कोविड काल में जब कल कारखाने बंद हुए तो मोदी जी ने सीधे खाते में पैसे डालने का कार्य किया जबकि राजीव गांधी के कार्यकाल में केंद्र से चलने वाला एक रुपया का पंद्रह पैसे पहुँचता था। उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों के लिए अनाज भेज रहे हैं किंतु हेमंत सोरेन अनाजों की कालाबाजारी करवा रहे हैं।

श्री मरांडी ने कहा कि मोदी जी ने महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल के तहत 33% बहनों को इसका लाभ मिलेगा। इससे पहले रक्षा बंधन में बहनों को गैस पर सब्सिडी का बड़ा तोहफा दिया था। इस योजना के तहत 75 लाख नये बहनों को भी जोड़ा जाना है जबकि कांग्रेस काल में पैरवी वालों को गैस कनेक्शन मिलता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लॉच किया। इसके तहत 13 हजार करोड़ के बजट का भी प्रावधान किया गया है। ट्रेनिंग के दौरान स्टाइफन भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने नाई, बढई, लोहार, मोची की चिंता की है। उन्होंने कहा कि जब जब कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनी है बड़े बड़े भ्रष्टाचार हुए हैं जबकि भाजपा की सरकार में विकास कार्य आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में सड़कों का जाल बिछा है जबकि इंडीं गठबंधन पैसे और परिवार के लिए राजनीति करती है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने रोजगार नहीं तो भत्ता का वादा किया था, प्रत्येक वर्ष नियुक्ति का वादा किया लेकिन 2023 बीतने वाला है अब तक नियुक्ति वर्ष नहीं आया। हेमंत सोरेन को नियुक्ति करने की मंशा नहीं है, भाजपा की सरकार बनने पर खाली पड़े पद भरे जाएँगे।

उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। हेमंत सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है। अपराधमुक्त प्रदेश बनाना है। हेमंत सरकार में जिस पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करना था वे हेमंत सरकार के इशारे पर वसूली में व्यस्त है। बालू गाड़ियों से वसूली में लगे हैं। जबकि दूसरे प्रदेशों में अवैध तरीके से बालू की ढुलाई हो रही है। कोयला बालू पत्थर जमीन की लूट मची है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था इतनी लचर है कि पिछले पाँच महीने में 23 व्यापारियों की हत्या हुई है जिनमें से 9 व्यापारियों ने पुलिस से सुरक्षा की माँग किया था बावजूद सुरक्षा नहीं मिला। उन्होंने मामले में सीबीआई जाँच की भी माँग किया।

**पेज एक का शेष**

### अब शुक्र ग्रह का अभियान .. ..

हमारे हाथ लग सकती हैं। यह आने वाले दिनों में हमारे ग्रह के भविष्य के लिए भी उपयोगी हो सकता है। भारत 2029-30 में शुक्र ग्रह पर एक मिशन भेजेगा। उन्होंने आगे कहा, शुक्र को ट्विन ऑफ अर्थ भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है पृथ्वी का जुड़वां। यह एक गैस ग्रह है और इसमें अम्लीय वर्षा होती है यही कारण है कि वैज्ञानिक ग्रह के पर्यावरण को समझने में अधिक रुचि रखते हैं। शुक्र एक ऑर्बिटर मिशन होगा, जो इसकी परिक्रमा करेगा और साथ ही भविष्य में इसकी बाहरी सतह का अध्ययन करने के लिए लैंडर और रोवर भी भेजेगा।

### श्रीनगर के पुलिस प्रमुख .. ..

लगा दी। जुलाई में लापता हुए दो युवकों के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मंगलवार को राज्य की राजधानी में छात्रों के नेतृत्व में हिंसा की एक ताजा घटना भड़क गई। अधिकारियों ने कहा, पिछली रात, प्रदर्शनकारी उरीपोक, याइस्कुल, सागोलबंद और तेरा इलाकों में सुरक्षा कर्मियों से भिड़ गए, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बलों को कई राउंड आंसू गैस के गोले दागने पड़े। उन्होंने कहा, प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों को आवासीय क्षेत्रों में प्रवेश करने से रोकने के लिए जलते हुए टायर, बोल्डर और लोहे के पाइप से सड़कें अवरुद्ध कर दीं। भीड़ ने डीसी कार्यालय में भी तोड़फोड़ की और दो चार पहिया वाहनों को आग लगा दी। सीआरपीएफ कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित किया। सुरक्षा बलों द्वारा हिंसक विरोध प्रदर्शनों का मुकाबला करने के लिए दो जिलों - इंफाल पूर्व और पश्चिम - में फिर से कर्फ्यू लगा दिया गया।

इस बीच, मणिपुर बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सुरक्षा बलों से किशोरों के खिलाफ मनमाने ढंग से और अचानक लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल नहीं करने का आग्रह किया।

### चार सौ करोड़ की ठगी का आरोपी .. ..

हो गयी थी। उस घर में मां चित्रा रानी अपने बड़े बेटे और बहू के साथ रहती हैं। चित्राणी ने कहा, कई दिनों से लड़के के लिए रिश्ता नहीं आया है। मैंने सुना है, व्यापार कर रहा हूँ। मैं क्या कह नहीं सकता। मुझे यह भी नहीं पता कि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। एक स्थानीय महिला ने कहा, मैंने शिबू को कई दिन पहले देखा था। लेकिन मुझे नहीं पता कि क्या करूं।

### दूसरा संविधान लाना चाहती .. ..

कमजोर किया गया वहीं अमीरों के हित में लगातर कानून बन रहे है और उन्हे तमाम रियायते दी जा रही है।उन्होने कहा कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण असमानता बढ़ रही है। आज पांच प्रतिशत लोगो के पास देश की 62 प्रतिशत सम्पत्ति है जबकि 50 प्रतिशत लोगो के पास महज तीन प्रतिशत सम्पत्ति है। महिला आरक्षण को लेकर उन्होने कहा कि महिला आरक्षण कोई नया नही है। स्वं राजीव गांधी ने पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण दिया। वह तो संसद एवं विधानसभाओं में भी आरक्षण का बिल लेकर आए थे लेकिन जो आज बड़ी बड़ी बाते कर रहे है उन्होने एक सदन में पास होने के बाद दूसरे सदन में उसे पास नही होने दिया। उन्होने कहा कि जिस तरह से हर वर्ष दो करोड़ नौकरियां देने,15 लाख सभी के खाते में आने तथा किसानों की आय दोगुनी करने जैसे तमाम वादों को जुमला बता दिया गया,कहीं ऐसा नही हो कि महिला आरक्षण को भी वह जुमला बता दे।श्री खड़गे ने कहा कि उनकी सोच है कि वह जो वादा करते है लोग थोड़े दिन में भूल जाते है। उन्हे सबक सिखाना जरूरी है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि उनकी सरकार ने किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीद का निर्णय लिया है।राज्य में 600 नई राइस मिले लग रही है। इससे लोगो को रोजगार भी मिलेगा। उन्होने कहा कि उनकी सरकार ने 42 हजार पदों पर भर्तियां की है और विकास के कार्यों के साथ ही राज्य की संस्कृति और परम्पराओं को भी बचाने का काम किया है।उन्होने कहा कि उनकी सरकार के कार्यों के चलते नक्सल बहुत पीछे चले गए है और बस्तर में शान्ति लौट रही है। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी सम्बोधित किया।इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डा.चरणदास महंत,राज्य की कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलेजा भी मौजूद थी।

### आलीशान आवास बनाने .. ..

मंगलवार सुबह 10 बजे तक सीबीआई को सौंपना है। श्री केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर उसे नष्ट करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, अब तक भाजपा ने केजरीवाल जी के खिलाफ 50 से ज्यादा मामले दायर किए हैं। उनमें कुछ भी सामने नहीं आया और न ही कुछ निकलेगा। श्री केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर विवाद इस साल की शुरूआत में तब शुरू हुआ जब भाजपा ने आप पर नवीकरण पर 45 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने का आरोप लगाया।

### जीवित फेफड़े के ऊत्तकों .. .. ..

लाभ उठाया। अल्टेरोविट्ज और अकुलियन के अलावा, विकास प्रयास में यूएनसी रेडियोलॉजी विभाग में एमडी, पीएचडी, यूह जेड ली, साथ ही वेंडरबिल्ट विश्वविद्यालय में रॉबर्ट जे. वेबस्टर और यूटा विश्वविद्यालय में एलन कुंत्ज शामिल थे।

रोबोट कई अलग-अलग घटकों से बना है। एक यांत्रिक नियंत्रण सुई को आगे और पीछे जाने के लिए नियंत्रित जोर प्रदान करता है और सुई का डिजाइन घुमावदार रास्तों पर स्टीयरिंग की अनुमति देता है। सुई निकेल-टाइटेनियम मिश्र धातु से बनी है और इसके लचीलेपन को बढ़ाने के लिए इसे लेजर से उकेरा गया है, जिससे यह ऊतक के माध्यम से आसानी से घूम सकती है।

परियोजना के मुख्य अन्वेषक और वरिष्ठ लेखक अल्टेरोविट्ज ने कहा, हमने जो स्वायत्त स्टीयरेबल सुई विकसित की है वह अत्यधिक कॉम्पैक्ट है, लेकिन सिस्टम प्रौद्योगिकियों के एक सूट से भरा हुआ है जो सुई को वास्तविक समय में स्वायत्त रूप से नेविगेट करने की अनुमति देता है। कागज। यह एक सेल्फ-ड्राइविंग कार के समान है, लेकिन यह अपने गंतव्य तक यात्रा करते समय महत्वपूर्ण रक्त वाहिकाओं जैसी बाधाओं से बचते हुए फेफड़ों के ऊतकों के माध्यम से नेविगेट करती है।

शोधकताओं ने अपने रोबोट का परीक्षण किया जबकि प्रयोगशाला मॉडल ने रुक-रुक कर सांस रोकने का प्रदर्शन किया। हर बार जब विषय की सांस रोकी जाती है, तो रोबोट को आगे बढ़ने के लिए प्रोग्राम किया जाता है।

अल्टेरोविट्ज ने कहा, हम नए स्वायत्त मेडिकल रोबोट बनाना जारी रखने की योजना बना रहे हैं जो विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहे मरीजों के लिए चिकित्सा परिणामों में सुधार करने के लिए रोबोटिक्स और एआई की ताकत को जोड़ते हैं और रोगी सुरक्षा की गारंटी प्रदान करते हैं।

### लंदन के गुप्त भूमिगत .. ..

लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है। सुरंगें, जिन्हें कभी यूके के आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम द्वारा संरक्षित किया गया था, इस पतझड़ के बाद नवीकरण शुरू करने की योजना की मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। किंग्सवे एक्सचेंज सुरंगों का निर्माण 1940 के दशक में लंदन के निवासियों को द्वितीय विश्व युद्ध की बमबारी से बचाने और आश्रय देने के लिए किया गया था। तब से, उन्हें जनता के लिए बंद कर दिया गया क्योंकि उनका उपयोग ब्रिटेन के शीर्ष-गुप्त विशेष गुर्गों के लिए किया जाता था।

प्रस्तावित योजना में बहाली में 170.5 मिलियन डॉलर का निवेश करने की उम्मीद है, और इसे पर्यटकों के आकर्षण बनने में मदद करने के लिए 97 मिलियन डॉलर का निवेश किया जाएगा। उम्मीद है कि स्थायी भूमिगत पर्यटक आकर्षण के रूप में आगे बढ़ेगा। इस परियोजना के 2027 में जनता के लिए खुलने की उम्मीद है।

त्रिनेत्रम नेत्रालय का उद्घाटन

## राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था कैसे मजबूत हो, इस पर काम हो रहा है : बन्ना गुप्ता

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** आदित्यपुर स्थित दयाल ट्रेड सेंटर में गुरुवार को त्रिनेत्रम नेत्रालय का उद्घाटन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया। मौके पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था कैसे मजबूत हो इस पर काम हो रहा है। बहुत जल्द आयुष्मान कार्ड से सरल तरीके से मरीजों का ऑपरेशन राज्यभर के अस्पतालों में शुरू होगा। उन्होंने नेत्र बैंक और उनकी एजेंसियों से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क कर मृत व्यक्ति के आंखों और अन्य ऑर्गेन से मरीजों को लाभ पहुंचाने का काम करें। आदित्यपुर में खुले नेत्रालय के बारे में उन्होंने कहा कि केडिया परिवार शुरू से समाज सेवा में अग्रणी रहा है। यह अस्पताल खोलकर निश्चित रूप से गरीबों की भलाई का काम करेंगे। यह अस्पताल कुशल चिकित्सक के साथ अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। यहां शहर के वरीय नेत्र सर्जन डॉ विवेक केडिया एवं रेटिना सर्जन डॉ आशीष प्रधान के नेतृत्व में कुशल सहायक टीम उपलब्ध हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर ने सीएम को लिखी चिट्ठी, कहा

# परंपरा, पहनावा के आधार पर एसटी सर्टिफिकेट निर्गत हो

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सीएम हेमंत सोरेन को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा है कि आदिवासियों की स्थापित रीति-रिवाज, पारंपरिक वेशभूषा और परंपराओं को मानने वालों को ही अनुसूचति जनजाति का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। सरकार इसे लेकर फैसला लें। रघुवर ने कहा कि जनजाति समाज समाज के लोगों ने बड़ी उम्मीद से हेमंत सोरेन को सीएम के पद पर बैठाया। लेकिन वे अब खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। आज झारखंड का जनजातीय समाज की परंपरा और पहचान पर हेमंत सरकार की वजह से संकट आ गया है। पर्दे के पीछे सरकार चलाने वाले लोग चाहते हैं कि यहां का आदिवासी समुदाय मांदर छोड़कर गिटार पकड़ ले। रघुवर ने कहा कि सरना कोड जनजातीय समाज को गुमराह करने के बजाए सीएम उनके एसटी सर्टिफिकेट के मामले पर फैसला लें। यह जनजातियों की सालों पुरानी मांग है। 1997 में केरल राज्य और एक अन्य बनाम चन्द्रमोहन मामले में केरल हाईकोर्ट ने स्पष्ट फैसला सुनाया था कि अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का क्या-क्या आधार होना चाहिए। लेकिन झारखंड सरकार इस अहम मुद्दे पर मौन हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि अनुसूचित जनजाति समाज के हित में वे केरल हाईकोर्ट के फैसले को झारखंड में उतारने का काम करें।

## भारत सरकार एचईसी को अविलंब 720 करोड रूपया कोलैटरल लोन को तुरन्त स्वीकृत करे: नायक

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** भारत सरकार एचईसी को अविलंब 720 करोड रूपया कोलैटरल लोन को किंतु परंतु बिना देर किए तुरन्त स्वीकृत करे ताकि रांची स्थित हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड(एचईसी) कंपनी फिर से अपने पुराने तेवर में लौट सके ।उपरोक्त बातें आज झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी हटिया विजय शंकर नायक ने भारत के प्रधान मन्त्री एवं वित्त मन्त्री भारत सरकार को ई मेल से पत्र भेजकर उक्त मांग किया है । इन्होने यह भी कहा है की एचईसी की खराब स्थिति से निकालने का एक मात्र कोलैटरल लोन ही विकल्प है । खस्ताहाल से निकालने के लिए एचईसी को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कोलैटरल लोन देने की तैयारी की प्रक्रिया पुरा करने में भारत सरकार अपनी इतिहासिक भूमिका निभाए ।ी नायक ने आगे कहा कि एच.ई.सी के पास वर्क ऑर्डर की कमी नहीं है, लेकिन वर्किंग कैपिटल की कमी के चलते समय पर काम पूरा नहीं कर पा रहा है और इस वजह से कंपनी लगातार घाटे में डूबती जा रही है। चंद्रयान-3 के लिए लॉन्चिंग पैड सहित कई महत्वपूर्ण उपकरणों का निर्माण करने वाली कंपनी के इंजीनियरों, अफ सरों, कर्मियों को 20 महीनों से सैलरी नहीं मिली है। पिछले दो-तीन वर्षों से वर्किंग कैपिटल के गंभीर संकट से जूझ रहे एचईसी में आज की तारीख में 3500 से ज्यादा इंजीनियर और कर्मी कार्यरत हैं। कंपनी पर इनका 20 महीने का वेतन बकाया है। वेतन की मांग को लेकर इंजीनियर, कर्मी लगातार आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन चंद्रयान-3 के लिए इसरो से मिले वर्क ऑर्डर को पूरा करने में उन्होंने कोई कसर बाकी नहीं रखी। अब 720 करोड रूपया कोलैटरल लोन अगर समय रहते तुरंत स्वीकृत कर दिये जाते है तो 20 महीने का वेतन जो बकाया है एच.ई.सी कर्मियों का उसे भुगतान करने की दिशा मे सहुलियत होगी और हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड(एचईसी) कंपनी फिर से अपने पुराने तेवर में लौट सकेगा।

## पूंजीपतियों के लिए हो रहा इस रेल का परिचालन:इंडिया

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड से दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरूआत हो गई है। केंद्र सरकार और भाजपा इसे अपनी बड़ी उपलब्धि मान रही है। वहीं विपक्षी पार्टियां वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के किराए को लेकर केंद्र पर सवाल उठा रही हैं और किराए को कम करने की मांग कर रही हैं। विपक्षी पार्टियों ने सवाल खड़ा किया है कि सुविधा में जरूर बढ़ोतरी की गई है, लेकिन इस सुविधा का लाभ सिर्फ वही लोग उठा सकते हैं जो पूंजीपति या पैसे वाले लोग हैं।विपक्षी पार्टियों ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत होने के बाद केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस ट्रेन का परिचालन सिर्फ पैसे वाले लोगों के लिए ही किया गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि झारखंड से दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन हो रहा है, एक रांची से पटना के लिए और दूसरा रांची से हावड़ा के लिए। दोनों ही ट्रेन महत्वपूर्ण स्थान के लिए परिचालित की गयी है। प्रतिदिन इस रूट में हजारों लोग आना-जाना करते हैं। लेकिन ट्रेन का अत्यधिक भाड़ा होने की वजह से आम लोग वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सफर का आनंद नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेन में जो व्यवस्था किए गए हैं, वह सराहनीय है।

**सरना धर्म कोड** सरना धर्म कोड को लेकर झारखंड में फिर शुरू हुई राजनीति

# चुनावी मुद्दा बनाने की तैयारी में इंडिया गठबंधन, असमंजस की स्थिति में भाजपा

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** झारखंड में फिर एक बार सरना धर्म कोड को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। इसकी शुरूआत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर की है। वहीं मुख्यमंत्री के चिट्ठी लिखने के बाद अब कांग्रेस ने भी आदिवासी समुदाय के लिए जनगणना में सरना धर्म के लिए अलग कोड की मुख्यमंत्री की मांग का समर्थन करते हुए भाजपा पर राजनीतिक हमले तेज कर दिए हैं। ऐसे में अलग सरना धर्म कोड को लेकर अभी भारतीय जनता पार्टी के नेता दुविधा में दिखते हैं।झारखंड भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह सरना धर्म कोड पर भाजपा के स्टैंड को लेकर पूछे सवाल पर इतना ही कहते हैं कि पार्टी अभी इस पर अध्ययन कर रही है। भाजपा के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचार के मामले में फंसे हेमंत सोरेन जान बूझकर नाजुक मुद्दे को उछाल रहे हैं।बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 26 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अनुसूचित जनजातियों के लिए अलग 'सरना धर्म कोड' निर्धारित करने की मांग की है। इससे पहले 11 नवंबर 2021 को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया था। जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अलग सरना धर्म कोड की मांग का प्रस्ताव विधानसभा से पास कराया था। जिसे राजभवन भेजा जा चुका है।अलग सरना धर्म कोड को जनजातीय समाज के लोगों की पहचान से जोड़ते हुए यह तर्क दिया जाता है कि 'सरना धर्म' हिंदू सनातन धर्म से भी प्राचीन धर्म होने के बावजूद आज इसकी अपनी पहचान नहीं है। इसका हवाला देकर जनजातीय समुदाय द्वारा अलग-अलग समय पर अलग सरना धर्म कोड की मांग की जाती रही है।

प्राचीनतम धार्मिक पद्धति होने का हवाला देकर आदिवासी समुदाय के कई संगठनों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि 'सरना धर्म' ही प्राचीनतम धर्म है, जो प्रकृति की पूजा करते हैं। इसके उपासक वर्तमान में झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, नार्थ ईस्ट के राज्य, बिहार, प। बंगाल और महाराष्ट्र में हैं। 26 सितंबर को मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को अलग सरना धर्म की मांग को लेकर जो पत्र लिखा है, उसमें उन्होंने बिंदुवार इसकी वजह बताई है। उन्होंने जनजातीय समुदाय द्वारा पेड़, पहाड़, जंगल के संरक्षण को ही अपना धर्म मानने का हवाला देते हुए देश और राज्य में सरना धर्म में आस्था रखने वालों की संख्या का जिक्र किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि आदिवासियों के लिए सबसे बड़ा ग्रंथ जंगल, पहाड़, जमीन और प्रकृति हैं। मुख्यमंत्री ने जनजातीय समुदाय की घटती जनसंख्या का हवाला देते हुए भी अलग धार्मिक पहचान की जरूरत बताई है।अलग सरना धर्म कोड की मांग को लेकर कांग्रेस ने भी आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है।

मुख्यमंत्री के पीएम को पत्र लिखने के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर सीधा हमला बोला है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने अलग सरना धर्म कोड का प्रस्ताव विधानसभा से पास कराकर राजभवन भेजा। लेकिन या तो भूलवश या फिर जान बूझकर राजभवन ने उसे सही तरीके से विधानसभा को नहीं लौटाया। राजेश ठाकुर ने कहा कि सब जानते हैं कि अब राजभवन भी पीएमओ से गाइड होता है।कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अर्जुन मुंडा बताएं कि वह सरना धर्म को मानते हैं या नहीं? अर्जुन मुंडा अगर सरना धर्म कोड को लेकर संजीदा हैं तो वह इसके लिए काम करें। राजभवन से बात करें और अलग सरना धर्म कोड का मार्ग प्रशस्त करें। उन्होंने कहा कि जनजातीय कल्याण का केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद अर्जुन मुंडा द्वारा अलग सरना धर्म कोड के लिए कुछ नहीं करना, सरना धर्म का अपमान जैसा है।मुख्यमंत्री, झामुमो और कांग्रेस द्वारा एक स्वर में अलग सरना धर्म कोड की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के राज्य प्रवक्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार के गंभीर मुद्दों से घिरे मुख्यमंत्री और सरकार लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।

## शहर >> अपडेट

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल की छात्रा का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रांची:** सरला बिरला पब्लिक स्कूल की नौवीं क्लास की छात्रा खुशी कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। दरअसल, 27 सितंबर को रांची के ऑड्रे हाउस में विश्व पर्यटन दिवस पर वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें खुशी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसे लेकर विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ। प्रदीप वर्मा ने छात्रा को उसकी सफलता पर बधाई दी और शुभकामनाएं दी। वहीं प्राचार्या परमजीत कौर ने खुशी की सराहना करते हुए अन्य बच्चों को भी ऐसी गतिविधि में शामिल होने को लेकर प्रोत्साहित किया।

जुलूस

जुलूस को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा

# पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन को लेकर रांची में जश्न, निकाला गया जुलूस

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** इस्लाम धर्मावलंबी पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन को रांची में धूमधाम से मनाया जा रहा है। राजधानी के अलग-अलग इलाकों से इस्लाम धर्मावलंबी जुलूस निकाल रहे हैं। जुलूस को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। एदारा ए शरिया के नाजिम मौलाना कुतुबद्दीन रिजवी ने कहा कि जुलूस का संदेश अमन, शांति और आपस में भाईचारा फैलाना है।



पुंदाग के इलाही नगर इलाके से ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में इलाही नगर और पुंदाग इलाके के न्यू मिल्लत कमेटी, फातमा जामा मस्जिद, मस्जिद ए सैदेना से पैगबंर मोहम्मद के जन्मदिन पर निकाले गए जुलूस में बड़ी संख्या में युवा और बुजुर्ग शामिल हैं। पैगबंर मोहम्मद के जन्मदिन पर रांची के अलग अलग इलाकों से निकलने वाला जुलूस डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा के मजार तक जाएगा।इसके लिए लोअर बाजार क्षेत्र, हिंदपीढ़ी क्षेत्र, हरमू क्षेत्र, कडरू, पुंदाग और डोरंडा हिनू इलाके से ईद उन मिलादुन्नबी के जुलूस का रूट तैयार किया गया है। इस्लाम धर्मावलंबी अल्लाह और उनके भेजे रसूल आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद में अपनी मुकम्मल ईमान रखते हैं। मुसलमान कहलाने के लिए यह जरूरी है कि अल्लाह का आखिरी पैगंबर हजरत मुहम्मद को नबी माने और उस पर अपनी आस्था व्यक्त करें।पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन पर निकलने वाले जुलूस के मोहम्मदी के दौरान विधि व्यवस्था को बनाये रखने के लिए एक हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। वहीं रैपिड एक्शन फोर्स, आईआरबी के जवानों को भी ड्यूटी पर लगाया गया है। जुलूस के साथ चल रहे लोगों के स्वागत के लिए रिसालदार बाबा दरगाह की ओर जाने वाले मार्ग पर जगह-जगह स्वयंसेवकों ने शिविर लगाया है। जहां शर्बत, पानी की व्यवस्था की गई है।

1 अक्टूबर से 37वें नेशनल गेम्स के लिए प्रशिक्षण शिविर,

## अब स्पोर्ट्स इक्विपमेंट्स की व्यवस्था में लगा खेल विभाग

NATIONAL GAMES GET SET GOA 2023

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** 37वें नेशनल गेम्स 25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक गोवा में आयोजित होना है। इसके लिए झारखंड के चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 1 अक्टूबर से शुरू किया जाना है। खेल विभाग, झारखंड ने अब खिलाड़ियों के लिए खेल उपकरणों की व्यवस्था किए जाने की सुध ली है। खेल निदेशालय के स्तर से इसके लिए अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना गुरुवार (28 सितंबर) को जारी की गयी है। इसके जरिये अलग-अलग खेलों के लिए आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविरों हेतु फुटबॉल, कबड्डी, मलखंब, रॉल बॉल, सेपक-टेकरा और वुशू खेलों के लिए उपकरण मांगे हैं। योग्य एवं अधिकृत निमार्ता फर्मों, विक्रेताओं से अलग-अलग मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा 6 अक्टूबर तक आमंत्रित की है।खेल निदेशालय द्वारा जारी टेंडर को मानें तो 6 अक्टूबर तक खेल उपकरणों के लिए टेंडर डाले जाने हैं। इसके बाद निविदा समिति खेल सामग्रियों की जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी।

चेस में विश्वजीत के साथ 20 खिलाड़ियों ने राज्य की टीम में बनायी है जगह

# सीएम हेमंत के बेटे विश्वजीत झारखंड का करेंगे प्रतिनिधित्व

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बेटे विश्वजीत एच सोरेन तमिलनाडु में होने वाली 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। शतरंज के खेल में विश्वजीत सहित 20 खिलाड़ियों ने झारखंड की टीम में अपनी जगह बनायी है। राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत राष्ट्रीय स्कूली खेल के लिए चेस समेत 8 खेलों का ओपन ट्रायल हुआ था। बिरसा मुंडा एथेलेटिक्स स्टेडियम खेलगांव में आयोजित चेस के ट्रायल में सीएम के बेटे विश्वजीत



एच सोरेन ने राष्ट्रीय स्कूली खेल के लिए अपना स्थान पक्का किया। चेस खेल का ट्रायल इंटरनेशनल आर्बिटर दीपक कुमार की देख-रेख में आयोजित किया गया था।राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने बताया कि राष्ट्रीय स्कूली खेल में भागीदारी से पहले झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा 21 दिन का कैंप लगाया जायेगा। ट्रायल के अंतिम दिन बास्केट बॉल और साइक्लिंग खेल गांव में, वहीं हॉकी का आयोजन बरियातू बालिका स्कूल में किया जायेगा। फुटबॉल का ट्रायल संत जॉन्स स्कूल में होगा। ट्रायल के लिए रजिस्ट्रेशन सुबह 6 बजे से 10 तक आयोजन स्थल पर ही किया जायेगा।

# राज्य में डेंगू का बढ़ता प्रकोप, ठीक होने के बाद भी दिख रहा कुप्रभाव



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** डेंगू का प्रकोप राज्य में बढ़ रहा है। रांची, जमशेदपुर, साहिबगंज सहित अन्य जिलों में भी इसका संक्रमण दिखने लगा है। वहीं चिकनगुनिया के मामले भी राजधानी में तेजी से फैल रहे हैं। राज्य के सरकारी और गैरसरकारी अस्पतालों में बड़ी संख्या में डेंगू के मरीज भर्ती हैं। वहीं कई मरीज ऐसे भी हैं जिन्हें पहले डेंगू हुआ और उसके ठीक होने के बाद मरीज में जॉन्डिस, टायफाइड या कोई अन्य बीमारी की पहचान हो गई। अबतक कुल 265 डेंगू संक्रमित और 55 चिकनगुनिया के संक्रमित मरीज मिले हैं।रांची सदर अस्पताल में बेटी की इलाज करा रही है सबीना परवीन कहती हैं कि उनकी बेटी को पहले सिर में दर्द और बुखार के बाद डेंगू का पता चला। जब डेंगू ठीक हुआ तो टायफइड हो गया है।सदर अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक और इंटरनल मेडिसीन के चिकित्सक डॉ एके झा कहते हैं कि डेंगू में इंटरनल ब्लीडिंग की भी संभावना बनी रहती है। इस वजह से इसका असर शरीर के अन्य अंगों पर भी पड़ता है। ऐसे में इनसे बचाव ही इसका सर्वोत्तम इलाज है। मच्छरों के काटने से बचाव के सारे उपाय किये जाने चाहिए। इसके अलावा डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर के पनपने पर काबू पाने के लिए जरूरी है कि घरों में लंबे दिनों तक पानी को स्टोर करके न रखें। छतों पर बिना ढंकी पानी की टंकी न हो, कोई टायर या टूटा बर्तन, घड़ा न हो जिसमें पानी जमे। उन्होंने कहा कि एडीज मच्छर का लार्वा साफ पानी में भी पनपता है, इसलिए इसका ध्यान जरूर रखना चाहिए कि घर में कूलर का पानी भी ज्यादा दिन का नहीं हो।स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता कहते हैं कि राज्य में जब कोरोना पर काबू पा लिया तो यह डेंगू क्या चीज है। वह कई बार कह चुके हैं कि सभी विभागों को डेंगू की रोकथाम के लिए सचेत किया गया है। परंतु अन्य विभागों की बात छोड़िए, राजधानी रांची में ही सदर अस्पताल और रिम्स जैसे बड़े संस्थान में डेंगू मच्छर के लार्वा पनपने का पर्याप्त साधन मौजूद है। सदर अस्पताल परिसर में पुराने लाल बिल्डिंग के छत पर ही कई पानी के टंकी बिना ढक्कन के रखे हुए हैं। जिसमें जमा पानी में एडीज मच्छर का लार्वा पनपने का खतरा बना हुआ है। यही हाल सदर अस्पताल और रिम्स के बेसमेंट में जमा पानी का भी है।

डॉक्टर एके झा ने कहा कि डेंगू के मरीज के ठीक हो जाने के बाद भी उसके खानपान पर ध्यान देना जरूरी है। वहीं दोबारा संक्रमण नहीं हो इसके लिए सचेत रहने की हिदायत दी। डॉक्टर एके झा कहते हैं कि एक बार डेंगू हो जाने के बाद शरीर में कुछ एंटीबॉडी बनता है परंतु यह भी सच है कि दोबारा भी डेंगू का संक्रमण हो सकता है। ऐसे में मच्छरों से बचाव बेहद जरूरी है। डॉक्टर एके झा कहते हैं कि डेंगू से ठीक हुए मरीज को सुपाच्य एवं तरल पदार्थ अधिक खाना चाहिए। कहा कि उसे कुछ दिनों तक गरिष्ठ भोजन से परहेज करना चाहिए।

आवास बनाने में 8 निकाय फिसदी,

## 22705 आवंटित आवास में सिर्फ 7334 बनाए




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वयन में झारखंड के 8 नगर निकाय काफी पिछड़े हुए हैं। इन निकायों ने आवंटित आवास में से 40 फीसदी भी आवास अबतक कंप्लीट नहीं किया है। इसे लेकर नगरीय प्रशासन निदेशालय ने कड़ा तेवर अपनाया है। इन सभी निकायों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। स्थिति में सुधार नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। निदेशालय का कहना है कि आवास निर्माण के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध है, इसके बाद भी निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिन 8 नगर निकायों की पीएम आवास योजना की स्थिति सबसे खराब है। उनमें - चतरा, चितरपुर, बड़हरवा, मेदिनीनगर, नगर उंटारी, हरिहरगंज, कपाली और महगामा शामिल हैं। इन निकायों को अबतक कुल 22705 आवास आवंटित किये गये हैं, जबकि इसके विरुद्ध इन्होंने सिर्फ 7334 आवासों का निर्माण ही पूरा किया है। इन निकायों में अबतक 1420 आवासों का निर्माण कार्य शुरू भी नहीं हुआ है।

शिक्षा व्यवस्था

क्वालिटी एजुकेशन की दिशा में झारखंड सरकार ने एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट शुरू हुआ

# झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए प्रोजेक्ट 'रेल' बच्चों का होगा विकास

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सरकारी स्कूलों में क्वालिटी एजुकेशन की दिशा में झारखंड सरकार ने एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट शुरू किया है। जिसके तहत स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को हर सप्ताह परीक्षा देनी होगी। झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई योजना रेल (रेगुलर एसेसमेंट फॉर इम्प्रुवमेंट लर्निंग ) प्रोजेक्ट के रूप में जानी जाती है।

इस योजना के तहत शनिवार को वर्ग 1 से 8 तक के बच्चों को परीक्षा देनी होती है। झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा निर्धारित



दो विषयों के डिजिटल प्रश्न पत्र जिला के माध्यम से स्कूलों तक पहुंचाया जाता है। विद्यार्थियों को स्कूल के द्वारा उनके क्लास में प्रश्न पत्र ब्लैक बोर्ड पर लिख कर दिया जाता है, जिसके बाद वे इसका उत्तर लिखकर कॉपी जमा करते हैं। कॉपी का मूल्यांकन उसी दिन स्कूल के शिक्षकों के द्वारा किया जाता है और फिर अभिभावक के पास बच्चे टेस्ट कॉपी लेकर उनके हस्ताक्षर लेने के लिए जाते हैं।निजी स्कूल की तर्ज पर शुरू की गई इस रेल प्रोजेक्ट को शिक्षा सचिव के रवि कुमार बच्चों की गुणवत्ता की जांच के लिए अहम मानते हैं। उनका कहना है कि इससे बच्चों में शैक्षणिक विकास होगा। इसका उदाहरण पायलट प्रोजेक्ट के तहत कोडरमा में शुरू की गई योजना है, जहां दो साल के अंदर जैक बोर्ड हो या अन्य बोर्ड रिजल्ट काफी बेहतर हुआ है।सरकारी स्कूलों में शुरू की गई साप्ताहिक परीक्षा से बच्चे काफी उत्साहित दिख रहे हैं। शिक्षकों का मानना है कि इससे बच्चों में प्रतियोगी भावना की उपज होगी। परीक्षा के भय को भी दूर किया जा सकेगा।

महीने में तीसरे शनिवार और छुट्टी के दिन को छोड़कर प्रत्येक शनिवार को स्कूलों में परीक्षा आयोजित की जाती है। जानकारी के मुताबिक परीक्षा के दिन शनिवार को विद्यार्थियों की संख्या अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक होती है।गवर्नमेंट मिडिल स्कूल जगन्नाथपुर की प्राचार्य निर्मला कुमारी कहती हैं कि साप्ताहिक परीक्षा से पहले बच्चों को पूरी तरह से संबंधित पाठ को पढ़ा दिया जाता है। उसके बाद परीक्षा ली जाती है।

### सीएम कार्यालय के कर्मी की पुरी के समुद्र में डूबने से मौत

**रांची:** झारखंड सीएम कार्यालय के एक कर्मचारी की पुरी के समुद्र में डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान विशाल उरांव के रूप में हुई है। वह सीएम कार्यालय में माली का काम करता था। वह मूल रूप से सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के चुनाभट्टा का रहने वाला था। विशाल का शव आज गुरुवार देर शाम तक उसके आवास पर लाया जायेगा। जानकारी के अनुसार, विशाल अपने 25 सदस्यीय टीम के साथ उड़ीसा के पुरी बीच में घूमने गया था। पुरी में स्वर्गद्वार के पास समुद्र में सभी लोग नहा रहे थे। इसी दौरान विशाल का दो दोस्त पानी में डूबने लगा। जिसको बचाने के लिए विशाल गया और गहरे पानी में डूब गया। हालांकि उसके दोनों दोस्त की जान बच गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## न्यूज फटाफट

### सीएम के निर्देश पर सनोती और पार्वती का स्कूल में हुआ नामांकन

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद अनगड़ा प्रखंड के पहाड़सिंह बिरहोर टोली की रहने वाली सनोती कुमारी (6 वर्षीय) और पार्वती कुमारी (5 वर्षीय) का नामांकन अनुसूचित जनजाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय तमाड़ के कक्षा एक में कराया गया है। अनगड़ा के इन दोनों बच्चियों का नामांकन मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला कल्याण पदाधिकारी को पूरे मामले पर नजर रखने का आदेश अधिकारियों द्वारा दिया गया। गांडीव में इनके माता-पिता के गायब होने की खबर छपी थी। 1 सितंबर की सुबह से दोनों बच्चियों के माता-पिता लापता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जानकारी मिली थी कि अनगड़ा प्रखंड के पहाड़सिंह बिरहोर टोली निवासी बहादुर बिरहोर अपनी पत्नी और अपने डेढ़ साल की बच्ची को लेकर 1 सितंबर की सुबह दोना पत्तल और दातुन बेचने के लिए किता स्टेशन से ट्रेन पकड़कर रांची स्टेशन के लिए निकले थे। लेकिन अबतक वे घर नहीं लौटे है। जब माता-पिता घर नहीं लौटे तो दोनों बच्चियों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। इस मामले की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री ने बच्चियों को हर तरह से मदद करने और बच्चियों के माता-पिता को जल्द ढूंढने का निर्देश अधिकारियों को दिया है।

### कुंडुख भाषा का 16वां राष्ट्रीय सम्मेलन 30 से कोलकाता में

**रांची:** आदिवासी लूर अड्डा, हातमा सरना टोली में कुंडुख लिटरेरी सोसाइटी झारखंड चैप्टर की प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हरि उरांव ने बताया कि 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कोलकाता में कुंडुख लिटरेरी सोसाइटी ऑफ इंडिया नई दिल्ली के तत्वावधान में त्रिदिवसीय कुंडुख भाषा का 16वां राष्ट्रीय सम्मेलन रवीन्द्र ओकाकुरा भवन सभागार में हो रहा है। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि बुलू चिक बड़ाइक, राज्यमंत्री, आदिवासी विकास विभाग, पश्चिम बंगाल एवं विशिष्ट अतिथि छोटेन डी लामा, सचिव आदिवासी विकास विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार होंगे। उद्घाटन सत्र के बाद परिचयात्मक सत्र, पुरस्कार वितरण वितरण, पुस्तक विमोचन एवं पहला टेक्निकल सत्र होगा। जिसमें कुंडुख कविता, कुंडुख आधुनिक कहानी एवं कुंडुख भाषा का विकास पर व्याख्यान होगा। 1 अक्टूबर को दूसरा टेक्निकल सत्र है जिसमें सिनगी दई, कईली दई, चम्पू दई, बुद्धू भगत ग्रुप में डिस्कशन होगा। 2 अक्टूबर को तीसरा टेक्निकल सत्र सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही सम्मेलन की समाप्ति की घोषणा होगी ।

### केंद्रीय भूमि जल बोर्ड में हिंदी पखवाड़ा सह पुरस्कार वितरण समारोह

**रांची :**केंद्रीय भूमि जल बोर्ड प्रभाग-5 एवं राज्य एकक कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी पखवाड़ा का समापन किया गया। गत 14 सितंबर से लेकर 27 सितंबर तक चले इस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें श्रुति लेख में प्रथम सदानंद सिंह यादव, द्वितीय दीपक कुमार, तृतीय अमित कुमार सिन्हा रहे। अनुवाद में प्रथम अमित कुमार सिन्हा, द्वितीय पवन कुमार दीपक और तृतीय रविंद्र कुमार पांडेय। कविता पाठ में प्रथम पवन कुमार दीपक, द्वितीय सदानंद सिंह यादव एवं तृतीय सुधीर कुमार ओझा रहे। टंकण में प्रथम विवेक कुमार, द्वितीय अभय कुमार सैनी, तृतीय निर्मला कुमारी। निबंध में प्रथम पवन कुमार दीपक, द्वितीय विवेक कुमार एवं तृतीय अमित कुमार सिन्हा को पुरस्कृत किया गया। अनुवाद में प्रथम अमित कुमार सिन्हा, द्वितीय रंजन कुमार व तृतीय रविंद्र कुमार पांडे। टिप्पणी लेखन में प्रथम विवेक कुमार, द्वितीय अभय कुमार सैनी व तृतीय रंजन कुमार विजयी घोषित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी अधिकारी रोज अनिता कुजूर ने की। इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता एस सी प्रसाद ने हिंदी को जन जन की भाषा बताते हुए निरंतर कार्यालय में कार्य हिंदी में करने की अपील किए। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर मोहम्मद सादमान, सपना साक्षी, मुकेश कुमार, धनेश्वर प्रसाद, राजकिशोर वर्मा, नंदकुमार पांडे, देवेंद्र कुमार, शंकर सिंह, एस सी स्वांसी, उमेश कुमार, निरंजन कुमार, सुशांत कुमार और अविनाश कुमार सहित कई कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

### रांची में 12 को होगा झारखंड आंदोलनकारियों का महाजुटान

**रांची:** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 12 अक्टूबर को रांची में झारखंड आंदोलनकारियों का महाजुटान होगा। राज्य के सभी जिले से झारखंड आंदोलनकारी अपने मान सम्मान, पहचान, नियोजन, स्वाभिमान, आत्म सम्मान, अस्मिता एवं अस्तित्व की रक्षा व सम्मान राशि 50-50 हजार रुपए देने की मांग को लेकर जुटेंगे। इस महाजुटान में भाग लेने वाले प्रत्येक झारखंड आंदोलनकारी को सम्मान पत्र एवं झारखंड आंदोलनकारी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक विनोद कुमार सिंह, विधायक दीपक बिरुवा, विधायक डॉ लंबोदर महतो, झारखंड आंदोलनकारी चिंहितिकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो, असम से आदिवासी संग्राम परिषद के दो सदस्य सहित कई गणमान्य भाग लेंगे। यह जानकारी डोरंडा झंडा चौक स्थित कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो, संयोजक इजहार राही, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, भुवनेश्वर केवट, सुबोध लकड़ा और रंजीत उरांव ने दी।

### श्री काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति रातु रोड के अध्यक्ष बने सुजीत वमा

**रांची:** श्री काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति शास्त्री चौक रातु रोड की बैठक मधुकम जतरा मैदान में हुई। बैठक की अध्यक्षता महादेव टोप्पो ने की। बैठक मे निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी। पुरानी कमटी को भंग कर सुजीत वर्मा को अध्यक्ष बनाया गया एवं पूर्णरूपेण कमिटी का विस्तार अगली बैठक मे करने का निर्णय लिया गया। आयोजन के लिए पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन भी माता जी के जयकारे के साथ कर की गई। बैठक में शशिकांत तर्की, बिंदुल वर्मा, ननकू तिर्की, फ्रांसिस तिर्की, मंटू वर्मा, सोनू वर्मा, अनिल वर्मा, बिट्टू वर्मा, दीपू सिन्हा, मंटू लाल, संतोष सोनी, राकेश सिन्हा, राजू शर्मा, प्रकाश बड़ाईक, मोनू सिंह, मंटू गुप्ता, रणधीर तिर्की, शिव किशोर शर्मा, गौतम वर्मा, अनिल एक्का, रवि कुमार, कुंदन वर्मा, छोटू मालाकार, बजरंग सिंह, राजेश महतो, रमेश सिंह, राजा, डी.के.सिंह, नंदू साहा आदि शामिल थे।

### महाधिवेशन को लेकर आजसू कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

**रांची:** आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक गेतलसूद मुंडा टोली में हुई। जिसमें केंद्रीय महाधिवेशन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में पारसनाथ उरांव ने कहा आजसू पार्टी का इस बार का महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा। जिसमें पूरे झारखंड से लाखों लोगों का मोरहाबादी मैदान में जुटान होगा। इसको लेकर गांव गांव जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में जलनाथ चौधरी, अनिल मुंडा, सोनी देवी, आरती देवी, रीमा देवी, बाबूलाल महतो, वासुदेव गोस्वामी, रामचन्द्र मुंडा, मुकेश करमाली, दिलीप मुंडा, दीपक मुंडा, संदीप लोहरा, बजरंग लोहरा, गोपाल महतो, बिटू लोहरा, अगमलाल मुंडा एवं सीमा देवी आदि उपस्थित थे।

### हेक हो सकता है आपका डाटा

**रांची:** अगर आप गूगल क्रोम ब्राउजर या एप्पल डिवाइज का इस्तेमाल करते हैं तो अलर्ट हो जायें। आपका डाटा हैक हो सकता है। भारत सरकार की ओर से ऐसे यूजर्स के लिए साइबर सुरक्षा से संबंधित वेबसाइट सर्ट इन पर एक चेतावनी जारी की गयी है। भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल, इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसे यूजर्स से सिस्टम अपडेट करने की अपील की है। सरकार ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट सर्ट इन पर कई कमियों के बारे में चेतावनी दी है। इन खामियों को नजरअंदाज करने पर हैकर्स एप्पल डिवाइसेज को हैक कर यूजर्स का डाटा चुरा सकते हैं।

शहर >> अपडेट

## व्रजपात से बछिया की मौत

**बेड़ो:** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के बोदा गांव में गुरुवार को करीब पौने तीन बजे अपराह्न हुई बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने पर बिहा अंबा टांड़ में चरने किए बंधी बोदा निवासी कयूम खान की बछिया की मौत हो गई। उस वक्त और भी मवेशी चरने के लिए वहां पर बंधे हुए थे।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

## सरकारी कर्मचारियों से आम लोगों ने पूछा सवाल

**तमाड़ :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सचिवालय पुन्डीदीरी मे मुखिया लक्ष्मीकांत सिंह मुंडा की अध्यक्षता में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया जिसमे पंचायत के अन्तर्गत कार्यरत सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी कर्मचारीयों को जनता के बीच उपस्थित होकर जनता का सवाल का जवाब देना पड़ा। खासकर डीलरों द्वारा राशन कार्डधारियो से दो महीना का अंगूठा लेकर एक महिने का राशन देने की शिकायत पर विशेष सवाल किया गया। डीलरों द्वारा जवाब दिया गया की हमें एक महीना का ही राशन दिया गया है, उपर का आदेश है अंगूठा दो महीने का लेना है और राशन एक महिने का ही देना है, इसमे कई ले या ना ले।इसके अलावे आँगनबाड़ी, स्वास्थ सहिया, जल सहिया एवं अन्य जन समस्याओं पर भी बारी बारी से सवाल जवाब किया गया, सबॉ का जवाब सुनने के बाद उच्च अधिकारियों के साथ मिलकर समस्याओं का समाधान करने निर्णय लिया गया।ग्राम सभा में विषेश रुप ग्राम प्रधान भूतनाथ मुंडा, अनिल मुंडा, उप मुखिया संगीता देवी वार्ड सदस्या नमिता मुंडा, विमला देवी, कनक देवी, बेलवरण मुंडा आँगनबाड़ी सेविका दुर्गा देवी, मनसा मुंडा के अलावे सैकड़ो ग्रमीण उपस्थित थे ।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**चांडिल :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक स्थित राम मंदिर प्रांगण में गुरुवार को कुकडू प्रखंड के 20 सुत्री अध्यक्ष स्वर्गीय शक्तिपद महतो का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन झारखंड आंदोलनकारी अधिकार समिति कोल्हान द्वारा किया गया एवं स्वर्गीय महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहीं उपस्थित लोगों ने एक मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा कि शांति की कामना किया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन झारखंड आंदोलनकारी अधिकार समिति के संयोजक राम प्रसाद महतो ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो वरिष्ठ नेता सुखराम हेम्ब्रम, विशिष्ठ अतिथि अधिवक्ता महेंद्र कुमार महतो उपस्थित हुए। वहीं झामुमो कार्यकताओं व ग्रामीणों ने बारी बारी से स्वर्गीय शक्ति पद महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सुखराम हेम्ब्रम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय शक्ति पद महतो झारखंड आंदोलनकारी रह चुके हैं एवं 20 सुत्री अध्यक्ष भी थे। वे एक मृदुभाषी उदार चरित्र के व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय महतो क्षेत्र में जनताओं के साथ हर सुख दुख में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। आज हमें उनके आदर्श व सिद्धांतों पर चलने की संकल्प लेने की जरूरत है।मौके पर कुकडु प्रखंड अध्यक्ष इन्द्रजीत महतो, पंचानन पातर, नरेंद्र नाथ गोप, लक्ष्मी नारायण सिंह मुण्डा, दुखु सिंह मुण्डा,अघोर महतो, हरेंद्र नाथ महतो, लालू हाजाम, विजय कृष्ण महतो आदि उपस्थित थे।

महाधिवेशन

29, 30 सितम्बर और 1 अक्टूबर को मोरहाबादी रांची में

# केन्द्रीय महाधिवेशन में एक लाख आजसू पार्टी के पदाधिकारी होंगे शामिल: विकास

● झारखण्ड के ज्वलंत विषयों वर्तमान हालात पर होगी चर्चा



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग गुरूवार को आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में राँची में आयोजित आजसू पार्टी का तीन दिवसीय केन्द्रीय महाधिवेशन जो कि आगामी 29 सितम्बर, 30 सितम्बर और 1 अक्टूबर को मोरहाबादी मैदान रांची में आयोजित की गई है इसकी तैयारी की समीक्षा की गई और कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि आजसू पार्टी का तीन दिवसीय केन्द्रीय महाधिवेशन 29, 30 सितम्बर और 1 अक्टूबर को मोरहाबादी राँची में आयोजित होगा। जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि झारखण्ड के पूर्व उपमुख्यमन्त्री सह आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अगुवाई में पुरे झारखण्ड से एक लाख आजसू पार्टी के पदाधिकारी इस महाधिवेशन में शामिल होंगे।

तीन दिवसीय महाधिवेशन में आजसू पार्टी झारखण्ड के ज्वलंत विषयों पर, झारखण्ड के वर्तमान हालत पर और झारखण्ड निर्माण के उद्देश्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा करेगी। केन्द्रीय महाधिवेशन में हजारीबाग जिला से हजारों की संख्या में आजसू पार्टी के जिला कमिटी, प्रखण्ड कमिटी, पंचायत कमिटी एवं ग्राम प्रभारी शामिल होंगे। इसकी तैयारी में मुख्य रूप से केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य विजय वर्मा, केंद्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, महानगर अध्यक्ष आफताब आलम, महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव संगीता बारला, महिला जिला अध्यक्ष सुहानी एक्का, आजसू के वरिष्ठ नेता मो यूनुस हुसैन, कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव, छात्र संघ के जिला संयोजक विशाल कुमार प्रजापति, अधिवक्ता संघ के प्रमोद कुमार वर्मा, सदर प्रखण्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश देव, दारू प्रखण्ड अध्यक्ष राजू प्रसाद, आजसू के वरिष्ठ नेता अशोक प्रसाद कुशवाहा, मो0 उमर फारूक, मो कलाम सहित अन्य लोग शामिल थे।

## धूमधाम से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी



राष्ट्रीय खबर

**बेड़ो:** हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म दिवस प्रखंड के विभिन्न स्थानों में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नरकोपी, बिल्टी, मसियातु, चपाडीह, डोरंडा पिपरटोली, कमल टोली, करगे, कादोजोरा, हांठू व घाघरा सहित कई गांवों से जुलूस निकाला गया। मुस्लिम समाज के लोग पैगंबर हजरत मोहम्मद के आमद पर खुशी का इजहार करते नजर आए और ईद मिलादुन्नबी मनाया। इस दौरान हुजूर की आमद मरहबा आका की आमद मरहबा की आवाज फिजा में गूंजती रही।

कदम कदम पर या रसूल अल्लाह के नारे लगाए जा रहे थे। बच्चे, बूढ़े, जवान सभी के चेहरे पर खुशी दिख रही थी। जुलूस में नौजवानों ने हाथों में झंडा थामे हुए हुजूर की आमद में जश्न मनाया। झंडा लहराते हुए गांव भ्रमण किया गया। लोग एक दुसरे को हजरत पैगंबर मोहम्मद के जन्म दिवस पर सभी को मुबारकबाद देते नजर आये। बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाये, चारों ओर खुशी का माहौल था। वहीं शाम में इबाबत व मिलाद कार्यक्रम किया गया।

पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी का देख भागने में रहे सफल बदमाश

## विद्युत सबस्टेशन में कर्मियों को बंधक बनाकर लूटने का प्रयास



राष्ट्रीय खबर

**कसमार :** कसमार थाना क्षेत्र के बगियारी विद्युत सबस्टेशन में बुधवार रात्रि को खराब पड़े 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर से कीमती पुर्जों को लूटने आये बदमाश पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को देख भागने में सफल रहे। बताया जाता है कि रात्रि पाली में ड्यूटी कर रहे विद्युत कर्मी कन्हाई गोसाईं व सुबोध कुमार महतो को पिस्टल व रिवाल्वर का भय दिखाकर बंधक बनाया। इसके बाद 5 एमवीए के खराब पड़े ट्रांसफार्मर के अंदर के कीमती पुर्जों को निकालने के लिए निचले हिस्से को गैस कट्टर से काट रहे थे। उस वक्त पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को देख भाग खड़े हुए। सबस्टेशन में रात्रि ड्यूटी पर तैनात कन्हाई गोसाईं व सुबोध महतो ने बताया कि 7-8 की संख्या में पंहुचे बदमाशों ने उन्हें आवाज देकर गेट खोलवाया और दोनों कर्मियों को कुर्सी के सहारे गमछे को फाड़कर कपड़े से बांध दिया। उसके बाद ट्रांसफार्मर में ऊपर वाले पाट्र्स को खोलकर गिरा दिया। गैस कट्टर के जरिए ट्रांसफार्मर को काटने लगे। इस बीच मंजूरा की ओर से आ रही कसमार पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को दूर में खड़ी वाहन पर नजर पड़ी। सामने जाकर देखा तो नंबर प्लेट गोबर से पोत दिया गया था। अन्दर खाने पीने के सामान दिखा। टार्च मारने पर कुछ दूर में और एक पिकअप वाहन दिखा। इस बीच किसी बदमाश ने ट्रांसफार्मर काट रहे लोगों को सूचना दी और सभी भागने में सफल रहे। बता कि इससे पूर्व भी सबस्टेशन में दो बार चोरी की घटनाएं हो चुकी है।

## चंडी बाबू के निधन से शिक्षा-जगत को अपुरणीय क्षति: अखिलेश्वर



राष्ट्रीय खबर

**तालगड़िया:** चास कॉलेज के संस्थापक सदस्य, पूर्व प्राचार्य सह झारखंड के जाने-माने शिक्षाविद् डॉ. चंडीचरण महतो का गुरूवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। निधन की खबर सुनकर गांव एवं शहर के हर वर्ग के लोगों का तांता उनके निवास स्थान चास के शिवपुरी कॉलानी में उमड़ पड़ा। उनके निधन से बोकारो, धनबाद समेत पूरे झारखंड में शोक की लहर है। सभी महानुभावों की मौजूदगी में दो मिनट का मौन रहकर शोक सभा आयोजित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी के नेता अखिलेश्वर प्रसाद महतो एवं राजदेव माहथा ने अपने व्यान में कहा कि डॉ. चंडी बाबू के कॉलेज के कार्यकाल में उक्त कॉलेज में शिक्षण ग्रहण कर रहे गरीब-ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को हर तरफ से काफी मदद करते रहें थे। वर्ष 70 के दशक में कॉलेज-राम रुद्र हाई स्कूल में चल रहा था। चास स्थित दीवानगंज में जब कॉलेज का नव भवन निर्माण हो रहा था, उस समय संस्थापक सदस्य के रूप में डॉ. चंडी बाबू का काफी योगदान रहा है। उनके असमायिक निधन से शिक्षा-जगत को अपुरणीय क्षति हुई है, जिसे भरपाई होना मुश्किल है। पुष्पांजलि एवं शोक सभा में चास कॉलेज के प्राचार्य ओपी सिंहा, बेरमो केबी कॉलेज के प्राचार्य केपी सिंहा, जेएमएम नेता विश्वनाथ महतो, पार्वती चरण महतो, युधिष्ठिर रजवार, उमेश चंद्र महतो, निरंजन महतो, अश्विनी कुमार सिन्हा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। वहीं पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने भी उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव धनबाद के निरसा अंतर्गत डुमरजोर ले जाया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

## पूर्व मुखिया पर जानलेवा हमला



राष्ट्रीय खबर

**बुढ़मू :** कांके प्रखंड झामुमो कमेटी के उपाध्यक्ष सह उरुगुट्टू पंचायत के पूर्व मुखिया फलिंद्र मुंडा के ऊपर गुरुवार की सुबह अज्ञात अपराधियों ने जानलेवा हमला किया। इस हमले में पूर्व मुखिया बाल बाल बच गये। जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 6 बजे फलिंद्र मुंडा उरुगुट्टू स्थित अपने घर के सामने अखबार पढ़ रहे थे। इसी बीच बाइक से पहुंचे दो अज्ञात अपराधियों ने झामुमो नेता के कनपट्टी में रिवाल्वर सटाकर मारने का प्रयास किया। लेकिन फायर नहीं होने से वे बच गए। इसके बाद एक अपराधी को उन्होंने पकड़ने का प्रयास किया लेकिन अपराधी किसी तरह छूटकर बाइक में बैठे दुसरे अपराधी के साथ फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से एक जीवित कारतूस भी बरामद किया है। घटना की सूचना मिलते ही ठाकुरगांव थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित फलिंद्र मुंडा से घटना की जानकारी लिया। साथ ही उन्होंने आसपास मौजूद लोगों से भी पूछताछ किया। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओ पर जांच कर रही है जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे। वहीं झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर ने कहा कि प्रशासन जल्द घटना में शामिल अपराधियों का खुलासा करे। अन्यथा पार्टी उग्र आंदोलन को विवश होगी।

जुलूस > धूमधाम से मनाया गया पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन

# शान से निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** बोकारो-चास सहित आसपास के इलाकों में गुरूवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर ईद ए मिलाद उन नबी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जुलूस ए मोहम्मदी शान से निकला गया, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शरीक हुए। उकरीद मजारशरीफ में जलसा का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांवों में रहने वाले मुस्लिम समाज के लोगों का जुटान हुआ। लोगों ने नबी के बताए रास्ते पर चलते हुए इंसानियत को बनाये रखने का संकल्प लिया। सुबह में सिवनडीह के पास मदरसों के बच्चों का जुटान हुआ। जहां से एनएच पर विशाल जुलूस निकाला गया, जो उकरीद तक गया। वही सेक्टर 9 उतरी क्षेत्र का जुलूस हटिया मोड़ से निकलकर उकरीद के मजारशरीफ तक पहुंचा। जहां अमन चैन का दुआ किया। इस दौरान सभी जुलूस का स्वागत उकरीद मजरशरीफ में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन उकरीद की ओर से किया गया। जुलूस में शामिल लोगों के लिए शरबरत व ठंडा पानी का इंतजाम भी था। मौके पर केबीएम इंटर कॉलेज के संस्थापक सचिव तैयब अली अंसारी ने ईद ए मिलाद उन नबी के अवसर पर नगरवासियों के साथ-साथ तमाम मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद देते हुए अमन चौन के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। तैयब ने कहा कि आज मोहम्मद साहब का जन्मदिन है। मोहम्मद साहब ने मुस्लिम धर्म के माध्यम से पूरे विश्व को प्रेम, भाईचारा, सहिष्णुता, शांति और विश्व बंधुत्व के पैगाम दिए हैं। हम लोगों को मोहम्मद साहब के बताए गए बातों से प्रेरणा लेकर समाज में भाईचारा के साथ जीवन का आनंद लेना चाहिए और सेवा भाव से जरूरतमंद लोगों का सहयोग करना चाहिए। इस दौरान पुलिस-प्रशासन भी चौकस दिखा। जिन क्षेत्रों से जुलूस गुजरा, वहां के थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार, यातायात डीएसपी पूनम मिंज उकरीद मजार में स्वयं मौजूद थे। चास अनुमंडल के 15 थाना क्षेत्रों में 40 जुलूस निकाले गए। कार्यक्रम में कहीं अनहोनी घटना न हो इसको लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद थी।

>>>> न्यूज फटाफट

## विधि विधान से की गयी भगवान अनंत की पूजा



**बेड़ो:** प्रखंड मुख्यालय व आस-पास के क्षेत्रों में गुरुवार को अनंत चतुर्दशी का व्रत धूम धाम से मनाया गया। महादानी मंदिर प्रांगण में अशोक पंडा ने विधिवत सामुहिक पूजा अर्चना कराई। इस दौरान महिलाओं व बुजुर्गों संग बच्चों ने भी व्रत रखा तथा भगवान अनंत की कथा सुनी। वही अनंत भगवान को दूध, दही,मधु, पुआ, पूड़ी, केला, सेव, खीरा आदि का भोग कराया। साथ ही अनंत भगवान की कथा का श्रवण कर परिवार की खुशहाली की कामना की गई। कच्चे सूत से बने 14 गांठ वाले अनंत की पूजा कर लोगों ने अपनी आस्था जताई। कथा श्रवण कर घर में सुख, शांति, वैभव और यश की कामना की। कथा के बाद पुरुषों ने दाहिने व महिलाओं ने बायीं भुजा पर पीले रंग के अनंत का धागा बांध मिष्ठान व पकवान खाए।

## नारायण आईटीआई में मनाई गई भगत सिंह की जयंती

**चांडिल :** नारायण आईटीआई लुपुंगडीह में गुरुवार को भारतीय क्रान्तिकारी और स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे जी ने कहा कि भगत सिंह (जन्म: 28 सितम्बर 1907 , वीरगति: 23 मार्च 1931) भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रान्तिकारी थे। चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया। पहले लाहौर में बर्नी सैंडर्स की हत्या और उसके बाद दिल्ली की केन्द्रीय संसद (सेण्ट्रल असेम्बली) में बम-विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की। इन्होंने असेम्बली में बम फेंककर भी भागने से मना कर दिया। जिसके फलस्वरूप अंग्रेज सरकार ने इन्हें इनके दो अन्य साथियों, राजगुरु तथा सुखदेव के साथ फांसी पर लटका दिया। उस समय भगत सिंह करीब बारह वर्ष के थे जब जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ था। इस अवसर पर एडवोकेट निखिल कुमार, शांति राम महतो, पवन कुमार महतो, देवकृष्ण महतो, अजय मंडल, गौराब महतो, शिशु मति दास, निमाई मंडल आदि मौजूद थे।

## शान व शौकत के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी

**चांडिल :** पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्म दिवस के मौके पर गुरुवार को चांडिल अनुमंडल के चांडिल, कपाली, गौरांगकोचा, आमड़ा, कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के चौड़ा एवं तिरुलडीह में जश्न ए ईद मिलादुन्नबी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोंगो ने जुलूस ए मुहम्मदी निकाला ओर ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार को मनाया। वहीं लोग हजरत मुहम्मद के आमद पर खुशी का इजहार करते नजर आए। इस दौरान हुजूर की आमद मरहबा....आका की आमद मरहबा...हिंदुस्तान जिंदाबाद...इस्लाम जिंदाबाद.. की आवाज फिजा में गूंजती रही। जुलूस में नौजवानों ने हाथों में झंडा थामे हुए हुजूर की आमद में जश्न मनाया। इधर तिरुलडीह से निकाले गए जुलूस में लोगों ने तिरंगा झंडा भी लहराया। तिरुलडीह से मुस्लिम समुदाय के लोग जुलूस लेकर चौड़ा गांव गए और पूरा चौड़ा गांव घूमते हुए वापस तिरुलडीह मस्जिद आकर तिरुलडीह की जुलूस समाप्त हुई। वहीं चौड़ा गांव के जुलूस में चौड़ा, चौड़ा मांझी टोला, पश्चिम बंगाल के हुरुमदा, सिरकाडीह गांव के मुस्लिम समुदाय के लोग भी जुलूस लेकर पहुंचे और ईद मिलादुन्नबी मनाया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगो ने पैगंबर मुहम्मद के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जुलूस के दौरान कई जगहों पर लंगर लगाकर लोगो को तकसीम भी किया गया। इस दौरान देश मे अमन, चैन ओर तरक्की की दुआ मांगी गई। जुलूस के दौरान दंडाधिकारी भी प्रतिनियुक्त किया था, वहीं तिरुलडीह थाना की पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था में लगी हुई थी। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर तिरुलडीह थाना प्रभारी चित्तरंजन कुमार भी चौड़ा के जुलूस में शामिल हुए और मुस्लिम समुदाय के लोंगो को ईद मिलादुन्नबी की बधाई दी।

## कोचड़ो व बेड़ाडीह के क्षतिगस्त पुल का अविलंब निर्माण हो : आरती कुजुर

**नामकुम :** प्रखंड के हाहाप पंचायत के सुदूरवर्ती और मुंडा बहुल गांव बेड़ा डीह और कोचड़ो गांव का पुल क्षतिग्रत हो गया है । भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने बताया जब वो गांव का दौरा करने पहुंची तो बेडाडीह और कोचड़ो गांव का एक मात्र पुल जो गांव को अन्य गांव से जोड़ता है तथा गांव के ग्रामीणों के आवागमन का एक मात्र रास्ता है उसमे बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है,पुल के नीचे का सारा मिट्टी बह गया है केवल उपर का ढलाई कंकड़ मिट्टी होने के कारण थोड़ा टिका हुआ है,अगर कभी भारी वाहन प्रवेश किया या कटाव होकर पूरी मिट्टी खत्म हो जाएगी ।

## पूर्व शिक्षक धीरेंद्र की मनाई गई पुण्यतिथि



**चांडिल:** ईचागढ़ प्रखंड के बामुनडीह गांव निवासी पूर्व शिक्षक दिवगंत धीरेंद्र नाथ महतो की गुरुवार को तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। शिक्षाविद् उमाकांत महतो ने बताया कि स्व.धीरेंद्र महतो बचपन से ही संघर्षशील एवं मिलनसार व्यक्ति थे। इस अवसर पर मुखिया नयन सिंह मुंडा,उप प्रमुख दीपक कुमार साव,इंटर कालेज तिरूलडीह के प्राचार्य उपेन चन्द्र महतो,डॉ गुरुचरण महतो,जयचांद महतो,बलराम महतो,रमेश महतो,अनाथ महतो,गोपेश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## हाथी की मौत, जांच में जुटी वन विभाग



**चांडिल :** कुकडु प्रखंड क्षेत्र के सापारूम में गुरूवार को धान खेत में एक जंगली हाथी की मौत हो गई। हाथी की मौत की सुचना मिलते ही आस पास के ग्रामीणों का भीड़ मृत हाथी को देखने के लिए उमड़ पड़े। लोगों ने मृत हाथी को पुष्प व अगरबत्ती जलाकर नमन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व से ही हाथी काफी कमजोर हो गया था। विगत कुछ दिनों से शारीरिक रूप से कमजोर हाथी सापारूम जंगल में डेरा जमाए हुआ था। बताया जा रहा है कि हाथी ठीक से चल फिर भी नहीं सकता था। मालूम हो की विगत तीन चार महीने के पूर्व एक हाथनी की मौत कुकडु के सिरूम जंगल व ईचागढ़ के कुटाम पहाड़ में वयस्क हाथनी की मौत हो गई थी। वहीं वन विभाग द्वारा पशु चिकित्सक के देख रेख में मृत हाथी का पोस्टमार्टम किया गया व जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर विधि विधान से मृत हाथी का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वन विभाग मामले की जांच में जुटी हुई है।

## शहर >> अपडेट

### हरगडाडीह में पोषण सप्ताह दिवस मनाया गया

**रजरप्पा** :समेकित बाल विकास परियोजना रामगढ़ के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र हरगडाडीह में पोषण माह सप्ताह दिवस मनाया गया। इस दौरान दर्जनों गर्भवती महिलाओं को सेव, नाशपाती, केला एवं कई तरह के पौष्टिक फल दी गई ।रजरप्पा आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा उपस्थित महिलाओं को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बताया गया कि महिलाएं गर्भावस्था स्थिति में जच्चा बच्चा का ख्याल रखें।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### विधायक ने दिव्यांगों के बीच बांटे ट्राई साइकिल

**बेरमो** :गोमिया प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को दिव्यांगजनों के बीच उपकरणों का वितरण किया गया। उपकरण वितरण समारोह में मुख्य रूप से गोमियां विधायक डॉ लंबोदर महतो एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कपिल कुमार मौजूद रहे। गोमिया विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे प्रखंड में सर्वे के आधार पर 97 दिव्यांग जनों के बीच व्हील चेयर, ट्राई साइकिल एवं वाकिंग स्टीक ,श्रवण यंत्र का वितरण किया गय। कहा कि समाज के सभी लोगों का कर्तव्य है कि दिव्यांगजनों का सम्मान करें। उन्हें दिव्यांग कह कर संबोधन करें जिसे सरकारी तौर पर मान्यता प्राप्त है। इसको लेकर भारत सरकार एवं राज्य सरकार इनके प्रति अति संवेदनशील है। हमें संकल्प लेना होगा कि समाज में इन्हें समान रूप से सम्मान मिले। अधिकारियों से कहा कि सहायक उपकरण मुहैया करना समाजिक सुरक्षा योजना एवं पेंशन का लाभ हर सम्भव दिलाया जाय। साथ हीं दुबारा से दिव्यांगों का सर्वे करने का निर्देश दिया गया ताकि छूटे हुए दिव्यांगजन लाभ से वंचित न रहें। मौके पर प्रमुख प्रमिला चौड़े, बीस अध्यक्ष लुदु मांझी, सीडीपीओ अलका रानी,मोहन नायक, पिंकी कुमारी सहित आंगनबाड़ी सेविका मौजूद थीं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### समाचार पत्र हॉकर्स को भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह नेकिया सम्मानित

**बेरमो**: भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवारा कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह के कर कमलो द्वारा बेरमो विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समाचार पत्रों के हॉकर्स भाइयों को बरसाती (पैंट/शर्ट)सऔर अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। हॉकर्स भाइयों को संबोधित करते हुए प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि हॉकर्स भाई गर्मी, सर्दी, बरसात के दिनों में प्रतिदिन सुबह-सुबह हमें अखबार पहुंचाते हैं। हॉकर्स अखबार और पाठक के बीच सेतु का काम करते हैं। कोरोना काल के बाद हॉकर्स भाइयों के आमदनी में काफी गिरावट आई है। उन्होंने राज्य सरकार से हॉकर्स भाइयों के लिए 5 लाख का दुर्घटना बीमा योजना, 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा योजना, सभी हॉकर्स के लिए दिए जाने की मांग की।हॉकर्स भाइयों में प्रमुख रूप से लक्की सिंह, रवि सिंह, संतोष साव, राजेंद्र रजक, दिलीप रजक, संतोष साव, रामदीप गिरि, शंभू गिरि, राहुल कुमार, शुभम कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा फुसरो मंडल उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह आदि मुख्य उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**तेनुघाट** : अमर शहीद भगत सिंह जयंती के अवसर पर गोमिया के साड़म स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भगतसिंह युवा सेना के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में गोमिया बीडीओ कपिल कुमार ने पहुंचकर रक्तदाताओं को सम्मानित किया। वहीं उन्होंने भगतसिंह युवा सेना के सदस्यों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर बीडीओ कपिल कुमार ने कहा कि रक्तदान, एक महादान होता है,इससे बड़ा कोई दान ही नही होता है।

---

**भवन निर्माण** — जिला प्रशासन ने स्कूल संचालन के लिए कर रही भवन की तलाश

# गोला में खुलेगा केंद्रीय विद्यालय



- रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला अंचल में कुछ भी होना असंभव नहीं है
- गोला में सरकारी जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है
- कर्मचारी सरकारी भूमि को दिलाने में आनाकानी करते हैं

राष्ट्रीय खबर

**गोला :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन का गोला में केंद्रीय विद्यालय खोलने का फैसला है। इसके लिए प्रशासन द्वारा गोला में सरकारी जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। जमीन मिलने के साथ केंद्रीय विद्यालय का अपना नया भवन होगा, इससे पहले विद्यालय को तत्काल संचालित करने के लिए 15 कमरे का एक भवन की तलाश शुरू की गई है। इस खबर से गोला क्षेत्र के लोग काफी खुश हैं, परन्तु क्षेत्र में अतिक्रमण की भेंट चढ़ने के कारण प्रशासन को गोला क्षेत्र में एक ही जगह पर विद्यालय खोलने के लिए ना तो पर्याप्त सरकारी जमीन मिल पा रही है और ना ही तत्काल भवन, जहाँ विद्यालय संचालित हो सके। क्षेत्र में कहीं जमीन है भी तो सरकारी कर्मचारियों के उदासीन रवैया के कारण वह भी जमीन मिलना मुश्किल हो गया है। कर्मचारी सरकारी भूमि को दिलाने में आनाकानी करते हैं। अड़चन आने से पहले ही अडचन खड़ा कर दिया जाता है। यही वजह है कि क्षेत्र के लोग कहते हैं कि गोला के अंचल में कुछ भी होना संभव है। रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला अंचल में कुछ भी होना असंभव नहीं है। अगर आपके साथ दलाल और कर्मचारी हैं, तो असंभव काम भी संभव हो सकता है। इसके कई उदाहरण सामने हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंचल के हेरामदगा में एक सीएनटी अंतर्गत जमीन की डॉक्यूमेंट ऑनलाइन के बाद रजिस्ट्री भी हो गई। सूत्र यह भी बताते हैं कि इस जमीन के डॉक्यूमेंट में अंचल अधिकारी तक के फर्जी सिग्नेचर हैं, जिसकी जांच के उपरांत दलालों, कर्मचारियों, कंप्यूटर कक्ष के स्टॉफ का भंडाफोड़ हो जाएगा। एक ऐसा मामला है, जिसमें सीएम हेमंत सोरेन को भी लोग ताख पर रखे हुए हैं।

वर्ष 2020 में सीएम हेमंत सोरेन ने अपने दादा शहीद सोबरन सोरेन के शहादत दिवस में भूमिहीन को घर बनाने के लिए अपने हाथों से जमीन का पर्चा थमाया था। बावजूद उस भूमिहीन निमाई रजक को दो साल के बाद भी जमीन नहीं मिल पाई। गोला के केनके गांव में 35 एकड़ भूमि पर 150 करोड़ रुपए की लागत से बना राज्य का पहला व देश का दूसरा महिला इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण कराने से क्षेत्र के लोगों में आस जगी थी कि हमारी बच्चियां भी अब इंजीनियर बन सकेंगी। लेकिन सरकार ने महिला इंजीनियरिंग कॉलेज को सामान्य डिग्री कॉलेज में परिवर्तन करने का फैसला ले लिया है। इससे महिला सशक्तीकरण पर गहरा आघात पहुंचा है। क्षेत्र के लोगों का अपनी बच्चियों को इंजीनियर के रूप में देखने का सपना अब सपना बनकर ही रह गया है। सरकार के इस फैसले से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। बताते चलें कि महिला इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण पूर्व मंत्री सह वर्तमान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने झारखंड की बेटियों को तकनीकी दक्षता दिलाने को लेकर कराया था। इस सपने को मूर्त रूप देते हुए अत्याधुनिक भवन का निर्माण व आधारभूत संरचना को आकार दिया गया है। 150 की लागत से निर्मित कॉलेज का उद्घाटन विधानसभा चुनाव से पूर्व हुआ था। झारखण्ड का पहला महिला इंजीनियरिंग कॉलेज का गोला में भव्य भवन बनकर तैयार है। भवन निर्माण के कई वर्ष बीत जाने के बावजूद यहां इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं खुल पाया है, जबकि गोला में झारखण्ड का पहला महिला इंजीनियरिंग खोलने की घोषणा वर्षों पूर्व तत्कालीन मुख्य मंत्री रघुवर दास ने की थी। अब अगर कहें कि इस भव्य भवन में तत्काल कुछ संचालित कराया जाय, तो नाक मुँह बनने लगाता है। ऐसे में तो यह भवन कुछ वर्षों बाद जर्जर हो जाएगा?



---

ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा आयोजित

## हेमंत सोरेन सरकार में महिलाएं हो रहीं स्वावलंबी: बेबी देवी



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** पेटरवार मे ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलंबी सहकारी समिति आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें राज्य के मंत्री बेबी देवी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के नेतृत्व में सरकार बेहतर काम कर रही है। महिलाएं स्वावलंबी हो रही हैं। वे घर पर ही समूह के माध्यम से स्वरोजगार योजना से जुड़कर अच्छी आमदनी कर रही हैं। बेबी देवी 27 सितंबर को पेटरवार प्रखंड के अरारी फुटबॉल मैदान में पेटरवार ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं. कार्यक्रम में पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो भी मौजूद थे।

---

लोगों के लिए जगह-जगह शरबत और नाश्ते पानी का किया गया था इंतजाम

## ईद जश्ने मिलादुन्नबी कुजू में धूमधाम से मनाया गया



राष्ट्रीय खबर

**कुजू :** कुजू कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्र में जश्ने ईद मिलादुन्नबी धूमधाम से मनाया गया। इस दरमियान इस्लाम धर्म के मानने वाले लोगों ने अपने-अपने घरों में इस्लामिक झंडा और गली मोहल्ले को झंडे और फूल पत्तियों से सजाया। ईद मिलादुन्नबी को लेकर कुजू जमा मस्जिद से काफिले की रवानगी हुई। जिसमें क्षेत्र के बच्चे बूढ़े और जवान रंग-बिरंगे पोशाक और पगड़ी पहनकर हाथों में रंग-बिरंगे इस्लामिक झंडा लेकर शामिल हुए। काफिले में चल रहे लोगों के लिए जगह-जगह शरबत पानी और नाश्ते का इंतजाम किया गया था। वही शांति नगर में मोहम्मद मुजम्मिल और दिलजान मिया और मोहम्मद सलीम उर्फ बबलू द्वारा अपने मोहल्ले में बिरयानी शरबत का इंतजाम किया था। जिसमें सभी लोगों ने शिरकत किया।

---

## नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 30 को रजरप्पा में होगा गंगा आरती




राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा :** नमामि गंगे योजना के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक की अवधि को स्वच्छता ही सेवा अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर 30 सितंबर को शाम 5:30 बजे से रजरप्पा मंदिर परिक्षेत्र अंतर्गत दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम तट पर गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में वीडियो संदेश जारी करते हुए उपायुक्त ने सभी जिले वासियों से 30 सितंबर को नमामि गंगे योजना के तहत रजरप्पा मंदिर परिसर में आयोजित गंगा आरती में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने सभी को जानकारी दी है कि जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक के समीप गांधी घाट को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। जिसके उपरांत गांधी घाट पर भी नियमित रूप से आरती का आयोजन किया जा सकेगा। पर्यटकों व जिले वासियों के लिए वोटिंग, बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद की सुविधाएं आदि भी वहां उपलब्ध होंगी। इसे लेकर भी उपायुक्त ने सभी जिले वासियों को अपने महत्वपूर्ण सुझावों से जिला प्रशासन को अवगत कराने की अपील की है।

---

## टेकलाल महतो हम सबो के आदर्श : चित्रगुप्त



राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर :** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित झाकोमयू कार्यालय में झामुमो नेता स्व टेकलाल महतो की 12वी पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद झामुमो के जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो ने स्व टेकलाल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि स्व टेकलाल महतो हम सबो के आदर्श थे। उन्होंने पार्टी के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। हम सभी को उनके आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। तत्पश्चात उपस्थित सभी कार्यकताओं ने बारी बारी उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर झामुमो चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष खुदीराम महतो, सचिव बिमल करमाली, लूखेश्वर चौधरी, महेंद्र मिस्त्री, कीर्ति करमाली, प्रकाश महतो, बिरजी देवी, मालती देवी, आशीष करमाली, चंद्रकिशोर पासवान सहित कई मौजूद थे।

---

**टेबल चैंपियनशिप** — रांची में तृतीय झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल चैंपियनशिप का आगाज 30 सितंबर से

# टीटी टीम की कमान उत्तम कुमार को, गौतम सिंह कोच नियुक्त

- रामगढ़ जिला के खिलाड़ी भी भाग लेंगे
- स्कूल के प्राचार्य टी.के. मिश्रा ने खिलाड़ियों को शुभकामना दी

राष्ट्रीय खबर



**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** तृतीय झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन रांची जिला टीटी संघ के तत्वावधान में 30 सितंबर से 02 अक्टूबर तक दलादल्ली के प्रतिष्ठित जेके इंटरनेशनल स्कूल में किया जायगा। इसमें रामगढ़ जिला के खिलाड़ी भी भाग लेंगे। इसके अंतगर्त अंडर 17 व 19 और सीनियर वर्ग में खिलाड़ी भाग लेंगे। कोच रामानुज सिंह, अजीत कुमार एवं संघ के बरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह के देखरेख मे चयनित खिलाड़ी अभ्यास कर रहे थे। चयनित 05 खिलाड़ी उक्त प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे, चयनित खिलाड़ियों में कप्तान उत्तम कुमार के अलावे आदित्य राज, बैभव मिश्रा, अनुराग किनवार सहित आदित्य कुमार शामिल हैं। ये बालक श्रेणी में भाग लेंगे। सभी खिलाड़ी डीएवी (घाटो) के छात्र हैं। वहीं कप्तान उत्तम कुमार (सीबीएसई) के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व किया है। टीम के मुख्य कोच पूर्व कोल इंडिया स्टार गौतम सिंह होंगे। स्कूल के प्राचार्य टी.के. मिश्रा ने खिलाड़ियों को शुभकामना दी। झारखंड टीटी संघ के संयुक्त सचिव सह जिला के महासचिव राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि बीते वर्ष की रैंकिंग में आदित्य राज एवं वैभव कुमार मिश्रा ने अपने अपने वर्ग में टॉप 10 में थे।

**टीम 29 सितंबर को रांची के लिए रवाना होगी**

रामगढ़ जिला संघ के चेयरमेन हिमांशू कुमार झा ने सभी कोचों का आभार जताया एवं रामगढ़ जिला टीटी संघ के संरक्षक सह हेड एडमिन, वेस्ट बोकारो डिविजन के रोहित प्रसाद ने कहा कि सभी उदयीमान खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन कर जिला को गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाए दी। शुभकामनाएं देनेवालों में संघ के चेयरमैन हिमाशु कुमार झा ,संरक्षक विजय मेवाड़, सन्नी कुमार, (एसबीआई) घाटो के मुख्य शाखा अधिकारी पुन्ना श्री, गोपाल जाजू, मेहंदी हसन, दीपक सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, वरिष्ठ खिलाड़ी रामबली सिंह, विनय सिंह , ललित कुमार, सतीश चौधरी, संजय सिंह, मोहन सिन्हा शामिल हैं।

---

### साड़म में चल रहे सात दिवसीय श्रीगणेश महोत्सव का हुआ समापन



**बेरमो/ललपनिया**: बोकारो जिला अन्तर्गत गोमिया प्रखण्ड के साड़म संतोषी मंदिर स्थित मैदान में साड़म-होसिर प्रबंध समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय गणेश महोत्सव सह मेला समापन हो गया। साड़म होसिर मंदिर प्रबन्ध समिति अध्यक्ष सह संस्थापक सह राज्य पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह के देख रेख में सात दिवसीय गणेशपूजा उत्सव आयोजित था। समापन पर समिति द्वारा भगवान गणपति की प्रतिमा विधि विधान के साथ तेनुघाट दामोदर नदी में विसर्जन कर दिया गया।मालूम हो कि भगवान श्रीगणेश उत्सव पर वीते 16 वर्षो से होता आ रहा है। समापन बाद यहां आयोजकों के द्वारा धार्मिक रीति रिवाज के मुताबिक बुधवार को बाल भोज प्रसाद का वितरण किया गया। यहां पूजा पंडाल में हवन पूजन एवं मंत्रोच्चारण साथ विराजे गए भगवान श्री गणपति की पूजा कार्यक्रम में सात दिनों तक निरंतर क्षेत्र के श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा, महिलाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। वही विराजे गणेश भगवान को निहारने के लिए भक्त उमड़ पड़े ।पूजा अर्चना के ततपश्चात श्रद्धालुओं ने श्री गणेश भगवान के आगे माथा टेक अपने सपरिवारों की सुख-शांति समृद्धि, उन्नति की मंगलकामना की ।महोत्सव समापन केबाद बालक भोज कार्यक्रम में पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह सहित जीपसदस्य अकाशलाल सिंह पूर्व जीप सदस्य प्रकाश लाल सिंह, समाजसेवी सुरजलाल सिंह, उप मुखिया पंकज कुमार जैन, प्रो.धनंजय रविदास, अजित कुमार सहाय, मोहन मुरारी चौधरी, सनत प्रसाद, अधिवक्ता मनबोध दे, रोहित ठाकुर, अरुण दे, बिजय राम, सरोज कुमार, अशोक कुमार, पंकज प्रसाद, बासुदेव यादव राजेश भंडारी, अंकुश भंडारी, पूर्व उपमुखिया विकास जैन नवीन जैन, टिकम जैन सहित भारी संख्या में क्षेत्र ग्रामीण श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के तत्वाधान में मेरी माटी, मेरा देश अभियान चलाया गया



**बेरमो**: सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के तत्वाधान में बुघवार को आजादी के अमृत महोत्सव मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत एक मुट्ठी चावल एवं मिट्टी संग्रह फुसरो बाजार मे किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत ढ़ोरी महाप्रबंधक कार्यालय से की गई जो अनपति देवी सरस्वती विद्या मंदिर फुसरो तक गई। वही कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए एसओपी प्रतुल कुमार ने कहा मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों दी श्रद्धांजलि देने के लिए इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार,एरिया सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उडके, कार्मिक प्रबंधक शालनी यादव,सीएमयू ढ़ोरी क्षेत्रीय सचिव आर उनेश,अरूण कुमार समेत दर्जनो लोग मुख्य रूप से शामिल थे।

### साड़म में हर्षोउल्लास के साथ ईद ए मिलादुन्नबी का त्योहार सम्पन्न हुआ



**तेनुघाट** : गोमिया के साड़म,होसिर, आईईएल,स्वांग सहित विभिन्न जगहों पर हर्षोउल्लास के साथ ईद ए मिलादुन्नबी का त्योहार सम्पन्न हो गया गया। यहां साड़म के पलानी,नैनाटांड़, दलाल टोला, चटनियांबागी,इस्लाम टोला, नौवाबाँध, राय मोहल्ला सहित विभिन्न जगहों से बड़े ही अकीदत के साथ जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस ए मोहम्मदी साड़म-होसिर के विभिन्न चौक चौराहे से होते हुए लालबांध के पास पहुंचकर सम्पन्न हो गया। जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान लोग सरकार की आमद मरहबा,आका की आमद मरहबा जैसे आदि नारे लगाकर मोहम्मद साहब के प्रति अपना एहतराम प्रकट कर रहे थे। मौके पर चटनियां बागी के समाजसेवी लालमोहम्मद ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी त्योहार मनाने का उद्देश्य यह है कि आज ही के दिन पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था,और पूरी दुनियां में आज ही के दिन उनके आमद की खुशी में पूरे अकीदत के साथ ईद मिलादुन्नबी का त्योहार मनाया जाता है ।पैगम्बर मोहम्मद साहब शांति और अमन चैन के लिए जाने जाते हैं ।जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान लोग देश,समाज और परिवार के सुख समृद्धि के लिए पैगम्बर साहब से दुआएं मांगते हैं।

### गणेश महोत्सव में हुआ भगवती जागरण, झूमे लोग



**बेरमो** : गोमिया प्रखण्ड के साड़म संतोषी मन्दिर प्रांगण में भगवती जागरण का आयोजन किया गया। यह आयोजन साड़म होसिर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सात दिवसीय गणेश पूजा के अवसर पर 26 सितंबर की रात किया गया। कार्यक्रम का कान्य कुंज ब्राहमण समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक बिष्णुगढ़ थाना प्रभारी राम नारायण सिंह, तेनुघाट थाना प्रभारी सुनील कुमार व बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर अमित कुमार शाही ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर उद्घाटन किया. इस मौके पर दीपक म्यूजिकल की गायिका पायल बनारसी ने गणेश वंदना 'गणपति आयो बाबा रिद्धि सिद्धि लायो' गीत के साथ शुरूआत की। इसके अलावा गायक आनंद पांडेय, सोनू राज और नित्या सिंह के द्वारा भी कई गीत प्रस्तुत किए. वहीं गायिका नित्या सिंह के कर्मा पर्व से लेकर खोरठा और भोजपुरी गीत प्रस्तुत कर खूब झुमाया. कार्यक्रम में प्रकाश लाल, शेखर प्रजापति, महादेव प्रजापति, सनत प्रसाद, रंजीत साव, प्रदीप साव, धनंजय रविदास, पंकज जैन, मनबोध डे आदि का योगदान रहा।

### भगत सिंह की बलिदान और अटूट समर्पण पीढ़ियों तक प्रेरित करता रहेगा:जीएम एम के राव

**बेरमो**: फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत करगली गेट स्थित शहीद भगत सिंह की जयंती घूम-घाम से मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया ।बीएंडके जीएम एम के राव ने भगत सिंह की जयंती पर गुरुवार को उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत की आजादी के लिए उनका बलिदान और अटूट समर्पण पीढ़ियों तक प्रेरित करता रहेगा। कहा कि सभी युवा साथियों ने भगत सिंह जी के आदर्शो को अपने जीवन में उतारने की शपथ ले। भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने सरदार भगत सिंह के जीवन परिचय पर कहा की भगत सिंह जी ने मात्र 23 वर्ष की आयु में देश के लिए अपनी जवानी और प्राण समर्पित कर दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकोमयू के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुशील सिंह और संचालन क्षेत्रीय सचिव गजेन्द्र प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर बीएंडके एसओपी राजीव कुमार,एएफएम जी चौबे, एसओपी पीएडपी एस के झा , शक्ति मंडल, रामनिहोरा सिंह, कैलाश ठाकुर, नंदकिशोर, शनि सिंह, नितेश सिंह, बबलू सिंह ,आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

संपादकीय

# मणिपुर में कठपुतली सरकार है क्या

पूर्वोत्तर का यह राज्य फिर से अशांत हो गया। कई बार लगता है कि राजनीतिक मकसद हासिल करने के लिए यहां भी हिंदू कार्ड खेला जा रहा है, जिस तरह चुनावी माहौल में देश के दूसरे हिस्सों में दंगे होते हैं। अब पांचवें महीने में और अभी भी ऐसा लगता है कि मणिपुर के दुःस्वप्न का कोई अंत नहीं दिख रहा है, जो 3 मई को शुरू हुआ और कुकी-जो समुदाय और मेइतेइस के बीच सबसे खराब रक्तपात का कारण बना। पूरी तरह से तबाही मचाने वाले शुरूआती दिनों के बाद, कुछ समय के लिए शांति की उम्मीदें जगी थीं, लेकिन तलहटी में छिटपुट गोलीबारी से बिना किसी चेतावनी के वे चकनाचूर हो गईं और बमुश्किल ठीक हुए घाव फिर से खुल गए। लेकिन राहत के इन छोटे-छोटे दौरों के दौरान भी, शत्रुता की अंतधार्रा अपरिवर्तित रहती है। युद्धरत समुदायों के नागरिक निकायों ने नाकेबंदी और जवाबी नाकेबंदी कर दी है, जिससे न केवल यात्री यातायात बल्कि माल और वस्तुओं का यातायात भी प्रतिबंधित या समाप्त हो गया है, जिससे जीवन दयनीय हो गया



है, खासकर गरीब वर्गों के लिए जो महंगी कीमतों पर आवश्यक चीजें नहीं खरीद सकते हैं। अंतर्निहित तनावों को देखते हुए, विनाशकारी लपटों को प्रज्वलित करने के लिए इसे केवल एक छोटी सी चिंगारी की आवश्यकता है। इस बीच, यह भी स्पष्ट हो गया है कि राज्य सरकार न केवल अनभिज्ञ है, बल्कि स्वायत्त भी नहीं है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और उनके कैबिनेट सहयोगी नियमित रूप से हर रणनीति की मंजूरी के लिए नई दिल्ली की ओर दौड़ते रहते हैं, जिससे इस धारणा को बल मिलता है कि राज्य सरकार एक कठपुतली से ज्यादा कुछ नहीं है। अगस्त में केंद्र के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के दौरान संसद में केंद्रीय गृह मंत्री के अलावा किसी और ने राज्य सरकार का सुझावात्मक समर्थन भी नहीं किया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या मणिपुर में नेतृत्व परिवर्तन या राष्ट्रपति शासन लगाने पर विचार किया जा रहा है, तो उनका जवाब नकारात्मक था, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र के साथ सहयोग कर रही है। इसके अलावा, जो प्रश्न अनुत्तरित है वह यह हैः केंद्र सरकार राज्य में जो भी प्रशासनिक ढांचा पसंद करती है, वह ऐसा क्यों नहीं है? क्या आप संकट को आकार देने और इसे खत्म करने में राज्य सरकार की असमर्थता से परेशान हैं? भारतीय जनता पार्टी शायद इस धारणा को हल्के में ले रही है कि मणिपुर जैसे पूर्वोत्तर राज्यों में मतदाता हमेशा दिल्ली में सत्ता में रहने वाली पार्टी की ओर झुकते हैं। संघर्ष में 175 लोगों की मौत, 1,118 घायल और 32 लापता होने की आधिकारिक पुष्टि पहले ही हो चुकी है। मृतकों में से 96 अभी भी राज्य के मुर्दाघरों में हैं, उनके शवों पर अभी तक दावा नहीं किया गया है। आगजनी के भी कम से कम 5,172 मामले हुए हैं जिनमें से 4,786 घर, 254 चर्च और 132 मंदिर हैं। अनुमान है कि 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं और समुदाय द्वारा संचालित राहत शिविरों में रह रहे हैं। लगभग 5,000 लूटी गई बंदूकें भी अभी भी दंगाइयों के हाथों में हैं, जिनमें से अधिकांश घाटी क्षेत्रों में पुलिस शस्त्रागारों से ली गई हैं। पहाड़ों में भी हथियार लूटने की घटनाएँ हुईं। दरअसल, पहली डकैती 3 मई को मुख्य पुलिस स्टेशन के सामने चुरचांदपुर में एक लाइसेंसी बंदूक की दुकान से हुई थी, जो कई सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी और दिन के आगजनी हमलों की तस्वीरों के साथ फुटेज को सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित किया गया था। दुकान-मालिक द्वारा दर्ज कराई गई पहली सूचना रिपोर्ट में कहा गया है कि लूटे गए हथियारों में 17 पंप-एक्शन रिपीटर शॉटगन सहित 500 मिश्रित हथियार थे। अगले कुछ दिनों में हर जगह भीड़ द्वारा बंदूक लूटने की घटना देखी गई। यह भी भ्रमित करने वाली बात है कि लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की सघनता के बावजूद सरकार द्वारा कुल क्षेत्र पर प्रभुत्व हासिल नहीं किया जा सका है, जो राज्य पुलिस कांस्टेबलों के साथ मिलकर जमीन पर लगभग एक लाख जोड़ी जूते जोड़ देगा। झड़पें होने पर अग्निशमन अभियानों के अलावा स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कोई प्रत्यक्ष प्रयास नहीं देखा जा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है; किसी भी समुदाय-स्तरीय सुलह पहल से पहले खुली शत्रुता का अंत होना चाहिए। क्या फिर कोई बड़ी योजना है? क्या इस संघर्ष को इतना लंबा खिंचने दिया जा रहा है। म्यांमार में अपने शिविरों में मौजूद मैतेई विद्रोहियों को बड़े पैमाने पर लड़ाई में शामिल होने के लिए मजबूर करें ताकि उन्हें घेर लिया जा सके और बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर किया जा सके, जैसा कि नागा और कुकी विद्रोहियों को किया गया था। लेकिन इससे जुड़ा सवाल यह है कि कठपुतली सरकार अपने स्तर पर इस दिशा में कोई सार्थक पहल कर सकती है या नहीं।

# खाद्य बर्बादी पर जल्द नियंत्रण बेहद आवश्यक

**(अंतर्राष्ट्रीय खाद्य हानि और बबार्दी जागरूकता दिवस विशेष - 29 सितंबर 2023)**

पृथ्वी पर प्रत्येक सजीव को जीवित रहने के लिए आवश्यक ऊर्जा भोजन द्वारा प्राप्त होती है, बिना भोजन के ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह सकते, परन्तु सभी जीवो में केवल मनुष्य ही ऐसा प्राणी है जो अपनी जरूरत पूरी होते ही भोजन को महत्वहीन समझकर व्यर्थ कर देता है। मनुष्य के पास खाद्य सामग्री के रूप में स्वाद अनुसार चयन के लिए विविध व्यंजन का विकल्प है, जिसका वह अपने हिसाब से उपभोग करता है। दुनिया में भारत ऐसा देश है, जहां खाद्य बबार्दी और भूख दोनों बड़ी मात्रा में मौजूद है। हमारे यहां सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम अनाज का मोल केवल पैसे से लगाते हैं, जो संपन्न लोग है, वे अपने पसंद अनुरूप भोजन पर ज्यादा खर्च करते हैं, तो दूसरी तरफ कुपोषितों को पौष्टिक खाना तो दूर, भर पेट अन्न तक नहीं मिलता। भूख सबकी साधारण एक जैसी होती है, फिर भी अनाज का इतना ज्यादा अपव्यय बेहद दुखद है। धरती पर भोजन का दर्जा भगवान के समतुल्य मानकर दुनिया के हर धर्म में विशेष सन्मान दिया है। भोजन का पहला भोग ईश्वर को लगाते हैं, फिर हम भोजन ग्रहण करते है। किसान फसल बुआई से पहले और फसल कटाई पर ईश्वर और प्रकृति को धन्यवाद स्वरूप त्यौहार मनाते है। हमारे समाज में अन्नदान को सर्वोपरि माना गया है।



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**
स्तंभकार

जीवन देनेवाले भोजन को हम जरूरत के बाद अगर कचरे में फेंक देते हैं तो हमारे लिए यह बहुत ही शर्मनाक बात हैं, भोजन प्रकृति द्वारा मनुष्य की कड़ी मेहनत से प्राप्त होता है, इसका मोल उसकी कीमत से परे समझना बहुत जरूरी है। पहले अभिभावक अनाज के हर एक दाने का मोल समझें, फिर अपने बच्चों को भी इसकी अहमियत समझाएं।

अनाज को उगाने से लेकर हमारी थाली तक पहुंचाने में अनेक लोगों का संघर्ष जुड़ा होता है, किसान अनाज को उगाने के लिए दिन-रात खेत में मेहनत करता है, अनेक बार प्राकृतिक आपदा और आर्थिक संकट से किसान जूझता है, इतनी मेहनत के बावजूद भी बहुत बार उनके अनाज को मंडी में योग्य दाम नहीं मिलता। मंडियों में संग्रहण हेतु गोदामों के कमी के चलते अनाज खुले में रखने को मजबूर होते है, बारिश और खराब मौसम से ऐसा अनाज भीगकर सड़ता है। गोदाम के उचित रखरखाव की कमी के कारण हर साल सैकड़ों टन अनाज चूहे खा जाते है, संघर्ष करते हुए अनेक किसान हताश होकर आत्महत्या करते हैं, महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र में किसानों की आत्महत्याएं ज्यादा दर्ज होती है। हाल ही में संभागीय आयुक्त विभाग की जारी रिपोर्ट अनुसार, मराठवाड़ा क्षेत्र में 1 जनवरी 2023 से 31 अगस्त 2023 के बीच 685 किसानों ने आत्महत्या की है, जो हमारे आधुनिक एवं उन्नत कहलाने वाले समाज के लिए बेहद शर्मनाक और चिंताजनक बात है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण अनुसार, भारत देश में खाने से पहले ही एक-तिहाई अनाज बर्बाद हो जाता है। यूएनईपी खाद्य अपशिष्ट सूचकांक रिपोर्ट 2021 बताती है कि, भारत में घरेलू भोजन की बबार्दी हर दिन 137 ग्राम खाना, सालाना प्रति व्यक्ति लगभग 50 किलोग्राम है।

खाद्य और कृषि संगठन के अनुमानित आंकड़े अनुसार, भारत में 40% खाना बर्बाद हो जाता है जो एक साल में 92,000 करोड़ रुपये के बराबर होता है, 30 प्रतिशत सब्जियां और फल कोल्ड स्टोरेज की कमी के कारण समाप्त हो जाते है। जब हम भोजन बर्बाद करते हैं, तो हम उसे उगाने, फसल काटने, परिवहन करने और पैकेज करने में लगने वाली सारी ऊर्जा, पानी, श्रम, प्रयास, निवेश और बहुमूल्य संसाधनों को भी बर्बाद कर देते हैं। सीमित संसाधनों का अनावश्यक विनाश होता है, जिससे ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन बढ़ता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की खाद्य अपशिष्ट सूचकांक रिपोर्ट 2021, दशार्ती हैं कि, 61% खाद्य अपशिष्ट घरों से, 26% खाद्य सेवा से और 13% खुदरा से आता है। दुनिया भर में किसी भी अन्य देश की तुलना में चीन और भारत हर साल अनुमानित 92 मिलियन और 69 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक घरेलू खाद्य अपशिष्ट पैदा करते हैं। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने खुलासा किया था कि पांच वर्षों के दौरान (2016 - 2020) केंद्रीय अन्न भंडार में 25,000 मीट्रिक टन से अधिक खाद्यान्न बर्बाद हो गया। लोकसभा में अपने लिखित जवाब में यह भी बताया था कि मार्च 2020 से दिसंबर 2021 के बीच लगभग 3,500 मीट्रिक टन अनाज बर्बाद हो गया। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2022 में भारत 121 देशों में से 107वें स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति, 2022 रिपोर्ट के अनुसार, 224.3 मिलियन लोग या भारत की 16 प्रतिशत आबादी अल्पपोषित है, जिनमें से 53 प्रतिशत कुपोषित हैं। सभी के लिए पर्याप्त भोजन होने के बावजूद दुनिया में, 690 मिलियन लोग भूखे सोते हैं, जिनमें भारत के 189.2 मिलियन लोग शामिल हैं। 2019-20 में भारत में 69 प्रतिशत बच्चों की मौत का कारण कुपोषण है।

कुछ दिन पहले मैंने देश के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के भोजनगृह में भोजन करने के लिए भेट दी, वहां विद्यार्थियों के साथ मैं भोजन कर रहा था, भोजन होने के बाद मैं अपनी थाली उठाकर जब आगे बढ़ा तो मैं सामने का नजारा देखकर स्तब्ध रह गया, अनेक विद्यार्थियों ने थाली भरकर भोजन तो लिया लेकिन स्वाद पसंद ना आने के कारण या किसी अन्य कारण से उन्होंने अपनी थालिया वैसी ही अन्न से भरी हुई छोड़ दी थी, जब मैंने वहां के कर्मचारियों से बात की तो पता चला कि ऐसा नजारा रोज देखने को मिलता है, जो बहुत ही दुखद है। देश के कोने-कोने से विद्यार्थी पढ़ते आते हैं, सबकी अपनी पसंद और अलग-अलग व्यंजन, स्वाद होता है, परंतु थाली में भोजन लेकर रोज-रोज उसे ऐसा बर्बाद करना कौन-सी शिक्षा हमें सिखाती है? अनाज की असली कीमत केवल एक मेहनतकश इंसान ही समझ सकता है, जिसने भूख की तकलीफ को समझा है, जिया है, वर्ना आज तो कहने को बड़ी-बड़ी बातें सभी करते हैं लेकिन दूसरे तरफ वही लोग घर, समारोह में खाद्य बबार्दी करते नजर आते हैं। भारतीय समारोह में तो खाद्य बबार्दी जगजाहिर है, आखिर कब सुधरेंगे हम? खाना मुफ्त का हो या खरीदा हुआ, हमें अपनी भूख के हिसाब से ही थाली में थोड़ा-थोड़ा भोजन लेना चाहिए, जरूरत के अनुसार ही उपभोग होना चाहिए।

# अतिथि की पहचान

प्रेरक-प्रसंग



एक अमीर व्यापारी ने बीरबल को अपने घर खाने पर आमंत्रित किया। वहां पहुंचने पर बीरबल ने घर में बड़ी संख्या में लोगों को देखा। फिर बीरबल व्यापारी से पूछते हैं की ह्लराज्य के आधे लोगों को यहाँ भोजन के लिए आमंत्रित किया गया है क्याह्व। व्यापारी ने बीरबल को कहा की कि ह्लकमरे में सिर्फ एक व्यक्ति के अलावा बाकी सभी मेरे नौकर हैं।

व्यापारी बीरबल से कहता है की क्या आप बता सकते हैं की इन सभी में से अतिथि कौन है ?ह्व उसके बाद बीरबल ने कुछ सोचा और व्यापारी से कमरे में मजाक करने के लिए कहा। एक व्यक्ति को छोड़कर हर कोई व्यापारी के बुरे मजाक पर हंसता है। अब बीरबल समझ जाते हैं की जो नहीं हँसा है वही व्यापारी का अतिथि है क्यूंकि व्यापारी का मजाक बेकार था और नौकर तो मालिक के किसी भी मजाक पर हँसते हैं लेकिन अतिथि नहीं। व्यापारी पूछता है कि बीरबल ने दूसरे अतिथि को कैसे पहचाना। बीरबल ने माफी मांगते हुए खुलासा किया कि आपका मजाक बेकार था और केवल नौकर ही इस पर हंसे। अतिथि, जो आपका नौकर नहीं था इसलिए वह आपको खुश करने के लिए बाध्य नहीं था, इसलिए अतिथि ने मजाक पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

नजरिया

# जस्टिन ट्रूडो भारत से तनाव के जिम्मेवार



**अवधेश कुमार**
पत्रकार

कनाडा भारत तनाव उस अवस्था में पहुंच गया है जहां से संबंधों का सामान्य होना आसान नहीं होगा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और उनकी सरकार की हरकतों ने भारत के पास जैसे को तैसा आक्रामक प्रत्युत्तर देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। ट्रूडो? ने हाउस ऑफ कॉमंस में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर को कनाडा का सम्मानित नागरिक बताते हुए उसकी हत्या का आरोप भारत पर लगाया उसे कोई सभ्य और स्वाभिमानी देश सहन नहीं कर सकता। निज्जर की 18 जून को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरी शहर में गुरुद्वारे के बाहर कार सवार दो बंदूकधारियों ने हत्या कर दी थी। ट्रूडो सरकार ने भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी को निष्कासित करने का आदेश सुना दिया। भारत ने कुछ ही घंटे बाद कनाडा उच्चायुक्त को विदेश मंत्रालय में बुलाकर एक राजनयिक को निष्कासित करने का आदेश सुनाया। कनाडा सरकार ने अगले दिन एडवाइजरी जारी किया जिसमें कहा गया कि जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को देखते हुए सतर्क रहें और जाने से बचें।

> **कनाडा ने भारत के साथ मुक्त व्यापार वार्ता रद्द कर दिया। भारत ने कनाडा की वीजा सेवा को रद्द करने की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की जो अभूतपूर्व है।**


वर्तमान भारत इस तरह की उदंडता सहन नहीं कर सकता था और भारतीय नागरिकों खासकर छात्रों युवाओं के लिए एडवाइजरी जारी हुआ कि वहां भारत विरोधी और अलगाववादी हिंसक गतिविधियों को देखते हुए यात्रा करने से बचें, सतर्क रहें। यह भी कि कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग अपने नागरिकों की हर क्षण सहायता करने को तैयार है। कनाडा ने भारत के साथ मुक्त व्यापार वार्ता रद्द कर दिया। भारत ने कनाडा की वीजा सेवा को रद्द करने की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की जो अभूतपूर्व है। किसी कनाडाई को तत्काल भारत का वीजा नहीं मिलेगा।

कोई भी संतुलित ,विवेकशील और समझबूझ वाली सरकार इस तरह वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भारत जैसे देश के साथ ऐसा व्यवहार करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। ट्रूडो ने कहा कि निज्जर की हत्या और भारत सरकार के एजेंट के बीच संभावित संबंध के ठोस आरोपों की कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां पूरी सक्रियता से जांच कर रही है। उन्होंने अंग्रेजी में क्रेडिबल एविडेंस यानी विश्वास योग्य साक्ष्य मिलने की बात कही। कहा कि कनाडा की धरती पर कनाडाई नागरिक की हत्या में विदेशी सरकार की किसी भी प्रकार की संलिप्तता अस्वीकार्य है और यह हमारी संप्रभुता का उल्लंघन है। भारत द्वारा इसका खंडन स्वाभाविक था। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कनाडा में हिंसा की किसी घटना में भारत की संलिप्तता के आरोप बेतुका और निराधार हैं।भारत ने कितना कड़ा तेवर अपनाया इसका प्रमाण इस पंक्ति से मिलता है कि इस प्रकार के निराधार आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश है जिन्हें कनाडा में प्रश्रय दिया जाता है और जो भारत की क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा बने हुए हैं।

यही सच है। कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादियों , समर्थकों और चरमपंथियों को भारत विरोधी गतिविधियों के लिए जितनी स्वतंत्रता और सहयोग प्राप्त है वैसा पाकिस्तान के अलावा कहीं नहीं। कनाडा के नेता खालिस्तानी तत्वों के प्रति खुलेआम सहानुभूति जताते हैं।


जानकारी

# लाल किला



मुगल वास्तुकला द्वारा लाल बलुआ पत्थर से बना सुंदर किला, यात्रियों को आकर्षित करने वाला मुख्य स्थान है। यह बहुत-सी अलग-अलग तरह की जगह का संगम है। आपको इसमें संग्राहलय देखने को भी मिलेगा व पारंपरिक हस्तशिल्प और सजावटी सामान, कृत्रिम गहने आदि इसके मीना बाजार में जगमगाते हुए मिलेंगे। कारीगरों ने इतनी महीनता से इसका हर कोना उकेरा है कि तारीफ किए बिना आपसे रहा नहीं जाएगा। यहाँ आकर आप दिल्ली के फोटो लेकर एक सुंदर नजारा अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं। शाम के वक्त यहाँ का लाईट व साउंड शो आपको बेहद पसंद आएगा। यह सबसे प्रसिद्ध दिल्ली पर्यटन स्थल है।

# iPhone 15 Pro के यूजर्स कर रहे ओवरहीटिंग की शिकायत



साइबर दुनिया

**नई दिल्ली:** दुनिया भर में लोकप्रिय iPhone बनाने वाली अमेरिकी कंपनी अस्त्रस्त्र'ी ने इस महीने की शुरूआत में iPhone 15 सीरीज को लॉन्च किया था। इस सीरीज के iPhone 15 Pro और iPhone 15 Pro Max के यूजर्स को इन स्मार्टफोन्स में ओवरहीटिंग की समस्या होने की रिपोर्ट मिली है। इसका कारण iPhone 15 Pro और iPhone 15 Pro Max में नए A17 प्रो चिप का इस्तेमाल होने की अटकलें लगी थी। हालांकि, TF Securities के एनालिस्ट, Ming-Chi Kuo का कहना है कि इन स्मार्टफोन्स में ओवरहीटिंग का कारण इनके इंटरनल डिजाइन में किए गए बदलाव हैं। Medium पर एक पोस्ट में Kuo ने बताया है कि उनके मार्केट सर्वे से पता चला है कि iPhone 15 Pro और iPhone 15 Pro Max में कथित ओवरहीटिंग की समस्या ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (TSMC) के एडवांस्ड 3 ल्ले नोड से नहीं जुड़ी। इन दोनों स्मार्टफोन्स में TSMC के 3 nm A17 प्रो चिप का इस्तेमाल किया गया है। एपल ने आईफोन 15 सीरीज के अन्य मॉडल्स में A16 बायोनिक चिप दिया है। Kuo का दावा है कि इन स्मार्टफोन्स में ओवरहीटिंग का कारण एपल की ओर से इनके थर्मल डिजाइन में किए गए बदलाव हो सकते हैं। कंपनी ने इन दोनों स्मार्टफोन्स में टाइटेनियम फ्रेम का इस्तेमाल किया है। ऐसी रिपोर्ट है कि iPhone 15 Pro और iPhone 15 Pro Max के बहुत से यूजर्स को हीटिंग अधिक होने के कारण समस्या हो रही है। इससे टेम्परेचर 46 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ रहा है। दक्षिण कोरिया के एक YouTube चैनल ने एक वीडियो पोस्ट कर थर्मल इमेजिंग कैमरा के इस्तेमाल से इन स्मार्टफोन्स में बढ़ते टेम्परेचर को दिखाया है। Kuo का कहना है कि इस समस्या का कुछ समाधान करने के लिए एपल इन स्मार्टफोन्स के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट को जारी कर सकती है। हालांकि, ऐसा करने के लिए कंपनी को इनके प्रोसेसर के परफॉर्मेंस को घटाना पड़ सकता है।

टॉप ट्वीट



" हम यह सुनिश्चित करेंगे कि बंगाल में गरीब लोगों के उचित धन के लिए हमारी आवाज दिल्ली में नेताओं के कानों तक पहुंचे। "

**ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री



"वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म 'बरफी' ने रणबीर को न सिर्फ भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी काफी ख्याति दिलाई। रणबीर ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया।"

**अनुराग बासु**
निर्देशक

संपादक के नाम पत्र

## चीन पैठ बनाने की बना रहा है रणनीति

चीन भारत मे डोरे डालने की कोशिश हरदम करता आ रहा है ।विस्तारवाद की बढ़ती इच्छा और बढ़ती आबादी से परेशान चीन ने पड़ोसी देशों की तरफ नियत बिगाड़ रहा है ।हमेशा सुर्खियों में रहने वाला चीन अमेरिका को मात देने और उससेमुकाबला करने की धारणा रखकर ताइवान पर अपना हक जमाने के लिए किसी भी हद तक जाने की ठान ली है ।ताइवान की परिधि सीमित है ।वह छोटा देश है ।लेकिन सैन्य क्षमता भरपूर होने की वजह से किसी भी खतरे से को निपटने के लिए तैयार है ।भारत की सरहदों पर दबाव बढ़ाने के बाद भारत की सैन्य ताकत देखकर उसने सेना को वापस लौटा दिया ।भारत मे उसकी एक नही चली ।पाकिस्तान में अपना प्रभाव दिखाकर अब वह अफगानिस्तान में बढ़ता जा रहा है ।इन पड़ोसियों देशो में अपना प्रभाव छोड़ने के लिए आवास बनाकर गरीबो को सौंपने की रणनीति बनाई है जिसमे श्रीलंकाई नागरिक शामिल है ।श्रीलंका के साथ भारत के राजनयिक संबंध है ।श्री लंका मानवतावादी अभिगम के तहत खराब दिनों में भारत ने मदद भी की है ।जबकि नेपाल और भारत के रिस्ते मजबुत है ।इस संबंध पर चीन ग्रहण लगाना चाहता है ।नेपाल में सांस्कृतिक दखलगिरी करने की चेष्ठा कर रहा है ।चीन के प्राचीन ग्रंथों को नेपाली भाषा मे अनुवाद कर नेपाल में बांटने की कोशिश की जा रही है ।यह संस्कृति पर हमला है ।क्योंकि भारत और नेपाल की एक ही संस्कृति है ।चीन की भावना खराब होती जा रही है ।यह पड़ोसियों की मदद कर अपना वर्चस्व स्थापित कर इन देशों की संस्कृति पर हमला करना चाहता है ।जिससे अपना हक जमाया जा सके ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### बेडोकला स्वास्थ्य सेवा में प्रथम स्थान

**हजारीबाग:** बरकट्ठा प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बेडोकला सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा में बेहतर प्रदर्शन को लेकर पूरे राज्य प्रथम स्थान लाया है। जानकारी देते हुए बीपीएम रंजीत कुमार ने बताया कि पूरे राज्य में जितने भी राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक द्वारा प्रमाणित एचडब्लूसी है।

## सिटी अपडेट्स >>

### किसानों का एकदिवसीय गोष्ठी का आयोजन

**बड़कागांव:** बड़कागांव वायर क्राफ्ट साइंस लिमिटेड के तत्वाधान में बड़कागांव प्रखंड के चंदौल पंचायत स्थित डुंडीटांड़ गैस प्लांट प्रांगण में एकदिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को डीएसआर विधि से धान की रोपाई एवं बाग धान की बुनाई पर चर्चा की गई। साथ ही साथ रोपाई एवं बुनाई धान की पैदावारी, लागत एवं अन्य जानकारियां पर चर्चा किया गया। कंपनी के झारखंड राज्य के रिसर्च एंड डेवलपमेंट मैनेजर कुलवंत किशोर द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि झारखंड के क्लाइमेट के अनुसार प्रति एकड़ 8 से 9 किलो धान की बुनाई हमारे कंपनी के बीच का किया जाना है। झारखंड में डीटी 8433, 6444 गोल्ड, तेज गोल्ड एवं 6585 एसटी अनुकूल है और अच्छी पैदावारी होती है। इसमें घास मारने के लिए वर्षा होने के 15 दिन बाद काउंसिल एक्टिव दवा का छिड़काव करना अनिवार्य है। डीएलएफ झारखंड इंचार्ज सुमित ढाका ने कहा कि सर्वप्रथम जमीन की जुताई जनवरी-फरवरी में किया जाना है। तत्पश्चात मई-जून में भी कड़ी धूप में जोताई करना जरूरी है एवं इस समय ही बाग धान की बुनाई कर देना है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मचला को पराजित कर रतनपुर बना चैम्पियन

**चौपारण :** चौपारण ब्रहमोरिया पंचायत कर हथिया में अम्बेडकर क्लब द्वारा आयोजित 15 दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुवा समापन। फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्यातिथि के रूप में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार पहुँचे। खिताबी भिड़ंत रतनपुर और मचला के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में रतनपुर की टीम ने मचला के 2 - 1 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। इससे पहले फाइनल मुकाबला का शुभारम्भ पूर्व विधायक ने किया। विजेता व उप विजेता टीम को पूर्व विधायक ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियो को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने विजेता टीम को बधाई व उपविजेता टीम को भविष्य की शुभकामनाएँ दिया। कहा युवाओं को फिटनेश के लिए खेल जरूरी है। खिलाड़ी हमेशा फिट होते है और फिट युवक ही नौकरी में सफलता हाशिल करते है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि महेश भुइयाँ, समिति सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र यादव बसरिया मुखिया मंजू देवी, बंसती देवी, पूर्व जिप सदस्य रामस्वरूप पासवान, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि शिव नारायण पासवान, समाजसेवी संजू यादव, पसंस अशोक यादव, मो ताहिर अंसारी, रामभरोश साव, संजय यादव ,जगरनाथ राणा,शिक्षक रामसेवक यादव, सुरेश शर्मा, कपिल यादव, रामधनी दांगी, शिवकुमार यादव, विनय यादव, एस सी मोर्चा मंडल अध्यक्ष कृष्णा पासवान ,विशेश्वर राणा, पिंटू सोनी, प्रमोद केशरी। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष रोहित पासवान, सचिव मनुवर अंसारी, टीम के कप्तान रामप्रवेश रविदास, उपकप्तान राहुल साव, उपाध्यक्ष बिट्ठू चंद्रवंशी, सदस्य सोनू अंसारी, असलम अंसारी, नरेश कुमार, ह्रदय कुमार, प्रदीप कुमार, अभय कुमार, उज्वल कुमार, समित कुमार ने महती भूमिका निभाया।

**आस्था** | जुलूस मोहम्मदी में बड़ी संख्या में शामिल हुए मुस्लिम धर्मावलंबी

# पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार

- जुलूस ए मोहम्मदी में मुलिम धर्मावलंबी बढ़-चढ़कर शिरकत की
- हमारे नबी करीम ने बहुत कुछ सिखाया है



राष्ट्रीय खबर

**चरही:** चरही गुरुवार को कोयलांचल क्षेत्र सहित चुरचू प्रखंड के विभिन्न गांव में ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास और जोश के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम धर्मावलंबी जुलूस ए मोहम्मदी में बड़ी संख्या में शामिल होकर नात और हमदो सना पढ़ते हुए नजर आए। क्या छोटे बच्चे बच्चियां क्या बूढ़े और क्या नौजवान सभी मुस्लिम धर्मावलंबी ने जुलूस ए मोहम्मदी में बढ़-चढ़कर शिरकत की और त्योहार की रौनक को चार चांद लगाने का काम किया। कोयलांचल क्षेत्र के पिपरा, कजरी, करीमगंज, प्रेम नगर तथा परेज में सुबह से ही जुलूस ए मोहम्मदी की रौनक देखने को मिली। वही प्रखंड के अन्य गांव जैसे चीचीकला, तसनालो, जरबा, इंद्रा, बसाडीह चरही सहित अन्य गांव में लोगों ने बड़े पैमाने पर जुलूस ए मोहम्मदी निकाला। गौरतलब है कि बारह रबी उल अव्वल यानी की ईद मिलादुन्नबी का त्योहार पूरी दुनिया में नबी ए करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिन की खुशी पर मनाया जाता है। इस्लामिक महीने के तीसरे महीने में बारह तारीख को यह त्यौहार देश-विदेश में बड़े पैमाने पर पूरे हर्षोल्लास के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा मनाया जाता है। ईद मिलादुन्नबी के दिन सुबह से ही लोग नए लिबास नए कपड़े पहन कर जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल हुए। वहीं विभिन्न स्थानों पर ईद मिलादुन्नबी के दिन नात खानी मिलाद खानी तथा लंगर खानी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां जुलूस में शामिल लोगों के बीच लंगर का वितरण किया गया। इसके इलावा दिनभर जुलूस ए मोहम्मदी में घूमने मिलाद नात और लंगर के बाद विभिन्न गांव की मस्जिद में मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिन के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जहां पर गांव के इमाम द्वारा लोगों को मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बारे में कई तरह की जानकारियां दी गई। मिलाद के प्रोग्राम में नबी का जिक्र करते हुए लोगों को बताया गया कि हमें हमारे नबी करीम ने बहुत कुछ सिखाया है जिसमें से अमन चैन दुनिया में कायम रखना एक दूसरे की मदद करना गरीबों के लिए हमेशा खड़े रहना मजबूर की मदद करना जैसे कई उदाहरण शामिल हैं कार्यक्रम के दौरान नबी का जिक्र करते हुए इमाम ने बताया कि हमारे नबी ने कभी भी किसी से झूठ ना खाने की हिदायत दी। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने हमेशा हर हाल में सच के साथ जीवन व्यतीत करने की शिक्षा दी। इस मौके पर बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने भी सभी पंचायत वासियों सहित प्रखंड वासियों को ईद मिलादुन्नबी की बधाई और शुभकामना दी।

दिव्यांग संगठन ट्रस्ट की मासिक बैठक

## भवन के लिए सांसद व विधायक पास लगा रहे हैं गुहार



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** बड़कागांव दिव्यांग संगठन ट्रस्ट की मासिक बैठक पुर्वी पंचायत भवन में की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ राणा व संचालन विश्वनाथ महतो ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉक्टर अशोक अग्रवाल ने लघु कुटीर उद्योग के बारे मे दिव्यांग जनों को जानकारी दिए। एंव दिव्यांग संगठन ट्रस्ट के प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ राणा ने कहा कि दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 जब तक धरातल पर लागू होगा। तभी दिव्यांग जनों को अधिकार मिलेगा। वही संयोजक रामेश्वर महतो ने कहा कि हम लोगो को अपना भवन होता तो दिव्यांग जन गांधी जयंती मनाते। हम लोग कई वर्षो से भवन निर्माण के लिए संसद और विधायक के पास गुहार लगा चुके हैं आज तक हम लोग को भवन न ही जगह मिला ना बन पाया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ.अशोक अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि बिजेंद्र चौधरी, डॉक्टर सिद्धार्थ बिस्वल, कंशीनाथ चक्रवर्ती, प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ राणा, रामेश्वर महतो पार्वती देवी, बिमला देवी, आरती देवी, पूजा देवी, अशोक प्रजापति, आनन्द राम, गौतम कुमार, मुकेश कुमार, होरिल महतो, लालधारी महतो, मोती महतो, रूपमणि कुमारी, ललिता कुमारी आदि उपस्थित थे।

अनाथ बच्चों को मेहता विकास मंच ने लिया गोद

## मैट्रिक तक की पढ़ाई का सभी खर्च करेंगे वहन: जयनारायण



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** इचाक प्रखण्ड के हदारी गांव निवासी नंदकिशोर प्रसाद मेहता और उनकी पत्नी मनीषा देवी के निधन के बाद उनके तीन बच्चे अनाथ हो गए। उन्हें मेहता(कुशवाहा) विकास मंच ने गोद लिया। मंच के अध्यक्ष जय नारायण प्रसाद मेहता और संरक्षक लखन प्रसाद मेहता ने बताया कि जहां बच्चे अनाथ हो गए वहीं उनकी बूढ़ी माता का सहारा छीन गया। नंदकिशोर का शव घर के कुछ दूरी पर कुँवा से बरामद हुआ था। पति के मृत्यु के बाद असाध्य रोग से पीड़ित पत्नी मनीषा भी दम तोड़ दी थी। वे लोग अपने एक पुत्री लवली कुमारी व दो पुत्र मयंक कुमार तथा मंटू कुमार को पीछे छोड़ गए। इनकी स्थिति को देखते हुए मेहता विकास मंच ने इन बच्चों को मैट्रिक तक कि पढ़ाई की खर्च वहन करने का फैसला लिया। और गुरुवार 28 सितंबर 23 को बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिया। वही मानव विकास संस्था के सचिव बीरबल मेहता ने कहा कि दो बच्चों का पढ़ाई लिखाई हमने अपने विद्यालय में मुक्त कर दिया है। मेहता विकास मंच ने बच्चों की बेहतर भविष्य के बारे में भी सोच रखा है। मौके पर संगठन सचिव धनुधारी मेहता, सचिव सरोज कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष निर्मल प्रसाद मेहता समाजसेवी कैलाश मेहता, दिगम्बर कुमार मेहता, नरेश मेहता, सुरेंद्र प्रसाद मेहता, सुरेंद्र मेहता, रमेश मेहता, अजय मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

## नाली निर्माण का किया शिलान्यास: अम्बा



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग रोड स्थित बड़कागांव काली मंदिर से लेकर बड़कागांव दैनिक बाजार एवं थाना रोड से लेकर हेल्थ होम तक 40 लख रुपए लागत राशि से नाली का निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक अम्बा प्रसाद के द्वारा नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर योजना का शिलान्यास किया गया। बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकताओं के द्वारा बड़कागांव मुख्य चौक पर ढोल नगाड़े के साथ विधायक का ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। उक्त नाली निर्माण कार्य पूजा लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन के संवेदक प्रोपराइटर प्रवीण कुमार के देख रेख में 40 लख रुपए लागत राशि से किया जाएगा। मौके पर विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड में विकास की असीम संभावनाएं हैं। कई रोड पुल पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। मेरा प्रयास है कि कोई भी रोड जर्जर नहीं रहे। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पंकज गुप्ता, बड़कागांव पूर्वी जिप प्रतिनिधि दीपक करमाली, विधायक प्रतिनिधि कालेश्वर राम, सुरेश महतो, पदुम साव, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, रमेश सिंह भोक्ता ,दिनेश्वर पासवान, विजय पासवान, महेंद्र साव जुबेदा बेगम, मजहर मलिक के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग सांसद हजारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हजारीबाग लोकसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वे हजारीबाग लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करवा रहे हैं। अभी तक बरही, सदर व मांडू विधानसभा में इन शिविरों का आयोजन किया जा चुका है।

इसी क्रम में 28 सितम्बर को बड़कागांव विधानसभा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने शिविर का लाभ लिया। इस शिविर में आंख, शुगर, ब्लड प्रेशर, डेंगू, मलेरिया व टाइफाइड समेत अन्य महत्वपूर्ण जांचें निशुल्क की गयीं। यहाँ जनरल फिजिशियन भी उपस्थित थे। जनता ने इस शिविर की काफी सराहना की और इसके लिए जयंत सिन्हा को धन्यवाद दिया। चार विधानसभाओं में आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविरों में अभी तक 700 से अधिक लोग लाभ ले चुके हैं। जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम हजारीबाग लोकसभा को झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बिंदु बनाना चाहते हैं। इसी दिशा में हम पूरी निष्ठा के साथ कार्यरत हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर इसी लक्ष्य का प्रयास हैं। जनता को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, इसके लिए हर साधन उपलब्ध करवा रहे हैं।

**यादें** | सांस्कृतिक संस्था सागर भक्ति संगम ने स्वर कोकिला को किया याद

# लता मंगेशकर को गीतों से दी श्रद्धांजलि



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग भारत की स्वर कोकिला के नाम से विख्यात संगीत साधिका लता मंगेशकर की 94 जयंती पर सांस्कृतिक संस्था सागर भक्ति संगम के तत्वाधान में एक जयंती समारोह का आयोजन हुआ। संगम के कलाकारों ने लता मंगेशकर के गाए गीतों को प्रस्तुत कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉक्टर सुरेश प्रसाद ए मेरे वतन के लोगों, जरा आंख में भर लो पानी और गोपाल ठाकुर ने बड़ा नटखट है, कृष्ण कन्हैया, क्या करें यशोदा मैयाह्न गीत प्रस्तुत सदस्यों को भाव विभोर कर दिया । मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी बटेश्वर मेहता ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत जयंती समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगम संयोजक विजय केसरी एवं संचालन वीरेंद्र जायसवाल ने किया। मुख्य अतिथि बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि लता मंगेशकर सदा अपने श्रोताओं के बीच जीवित रहेंगी । उनका संगीत का सफर बहुत ही लंबा रहा था। उन्होंने संगीत के माध्यम से देश का नाम वैश्विक स्तर पर ऊंचा किया था । लता मंगेशकर एक सहज, सरल, प्रकृति की विदुषी संगीत साधिका थी । उनका संपूर्ण जीवन संगीत साधना में बीता था । उनके न होने पर भी उनके गाए कालजयी गीत सदा सूरज और चांद की तरह चमकते रहेंगे। जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए संगम के संयोजक विजय केसरी ने कहा कि लता मंगेशकर की पहचान उसके गाए गीत ही बन गई । लता जी की आवाज ही उसकी पहचान बनकर श्रोताओं के दिलों में सदा धड़कती रहेगी । उनके गाए गीत ने उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित किया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने जब दिल्ली में उनका एक कार्यक्रम करवाया था। इस कार्यक्रम में लता जी ने ए मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी, जो शहीद हुए हैं जरा याद करो उनकी कुबार्नी प्रस्तुत किया था। हाल में बैठे सभी महानुभावों की आंखें नम हो गई थी। लता जी गाए गीत आज भी बहुत ही चाव के साथ सुने जाते हैं। शिक्षाविद के.सी. मेहरोत्रा ने कहा कि लता मंगेशकर विश्व की एकमात्र ऐसी गायिका थीं। जिसने तीस हजार से अधिक गीतों को गया था। इस बात को गिनीज बुक्स ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने भी स्वीकार किया। लता जी ने बीस से अधिक भारतीय भाषाओं में गीत गाकर संपूर्ण देश को एक सूत्र में बांधने का एक सफल प्रयास किया था। उन पर माता सरस्वती की बड़ी कृपा थी । नब्बे वर्ष की उम्र में भी उनकी गायिकी में वही ताजगी और खनक विद्यमान थी। लता जी ने यह मुकाम कड़े संघर्ष संघर्ष के बाद हासिल किया था। उनका संपूर्ण जीवन भारतीय संगीत को समर्पित रहा था। उनकी आवाज लोगों को मनोरंजन के साथ एक ऊर्जा भी प्रदान करती है। सरस्वती की साधिका लता जी ने ऊवरदान को सदा लोगों के बीच पूरे उत्साह से बांटा था। ऐसी शख्सियत लता जी की थी आयोजित जयंती समारोह में योगेंद्र प्रसाद गुप्ता, महावीर महतो, गोपाल ठाकुर, डॉ सुरेश प्रसाद, सतीश होर्रा, बीना अखोरी, देवनारायण प्रजापति, कृष्ण प्रसाद गुप्ता आदि सम्मिलित हुए । धन्यवाद ज्ञापन सुरेंद्र गुप्ताः पप्पू ने किया।

## न्यूज फटाफट

### किशोरियों के संग किया गया पोषण माह का आयोजन

**हजारीबाग:** इचाक हदारी में पोषण माह का आयोजन व बैठक किशोरियों के संग किया गया। किशोरियों के बीच मुख्य रूप से पोषण एवं मोटे अनाज के साथ-साथ मद्य निषेध पर विशेष चर्चा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्वी जीप सदस्य रेणु देवी, बाल विकास पदाधिकारी नीलू रानी, पंचायत समिति सदस्य रेणु देवी, डॉक्टर चंचला ,पर्वेक्षिका अनीता रानी, एएनएम गीता कुमारी ,अंजू कुमारी, सुषमा देवी ,सुनीता देवी, ज्योति देवी ,किरण पासवान, सेविका मीना देवी ,उषा देवी, समेत दर्जनों किशोरिया मौजूद रही।

### जमुवारी में 24 घण्टा का अखंड कीर्तन का आयोजन



**हजारीबाग:** इचाक प्रखण्ड के जमुवारी गांव के बजरंगबली मंदिर में गुरुवार को 24 घण्टा का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन का शुभारंभ गुरुवार को अपराह्न 1:18 बजे मुख्य यजमान मुंशी महतो उनकी पत्नी नागेश्वरी देवी पुरोहित लोकेश पांडेय ने विधिवत प्रारम्भ करवाया। जो शुक्रवार को अपराह्न 1:18 बजे समाप्त होगा। कीर्तन हरे राम, हरे राम, राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे के बोल से किया जा रहा है। कीर्तन को सफल बनाने में ब्यास प्रसाद मेहता, संजय कुमार मेहता, मुकेश राणा, राजू कुमार, काशी मेहता, ज्ञानी मेहता, प्रकाश मेहता, मेमचंद महतो, ओम प्रकाश मेहता, नेमचंद महतो, राजेश राणा, सरजू महतो, बिंदेश्वर मेहता, उमेश मेहता, मुंशी महतो, सूरज कुमार,बकसु महतो, रुदन मेहता, भेखलाल मेहता के अलावा जमुवारी, निचली जमुवारी, मंगुरा, मोक्तमा, कनौदी समेत आस पास के सैकड़ो ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

### जश्ने इन मिलादुन नवी कार्यक्रम का आयोजन



**हजारीबाग :** इचाक गौरबंदा धावैया मस्जिद गोसिया से जुलूस से मोहम्मदी बहुत ही धूमधाम से नौजवान बुजुर्ग बच्चे जुलूस से मोहम्मदी में शामिल होकर खुशी मनाया एवं कार्यक्रम का आयोजन किया। जुलूस मोहम्मदी का संचालन खातिबो इमाम हाफिज सिकंदर आलम एवं सदर मोहम्मद आरजुल साहब, मो मुस्लिम मो शमसुद्दीन साहब एवं शशिकांत सिंह ,मो असगर, मो कलीम ने किया। हाफिज सिकंदर ने कहा कि यह त्यौहार अल्लाह की बहुत बड़ी नेमत है हमारे पैगंबर मोहम्मद साहब 20 अप्रैल 571 को इस दुनिया से तशरीफ लाए और अमलो शांति का पैगाम दिया। इस त्यौहार में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे मस्जिद एवं गली-गली लाइट एवं पताका से सजा दिया जिसे देखने में चक चांद लग रहा है। मौके पर जुलूस में शामिल सिकंदर अंसारी पूर्व पंचायत समिति सदस्य, मंसूरआंसारी, एहसान, फैजल, जबिर ,अफरोज ,फिरोज, आबिद, सद्दाम, साबिर ,शाहजहां, अफजल, जहूर हुसैन समेत सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए।

### पूर्व विधायक ने बिजली समस्या को लेकर जीएम से की मुलाकात



**हजारीबाग:** बरही विधानसभा में बिजली की समस्या और कई ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत को लेकर संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह भाजपा नेता व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने हजारीबाग बिजली विभाग के जनरल मैनेजर अशोक कुमार सिन्हा व अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार से मुलाकात किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने जनरल मैनेजर को बताया कि ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत लगातार क्षेत्र से उन्हें मिल रही है। लोग बिजली की व्यवस्था से परेशान है। बरही विधानसभा अंतर्गत बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के बैरिशाल 100 केवीए धनवार पंचायत अंतर्गत कोरियाडीह व बरदाग में 100 केवीए चौपारण प्रखण्ड के डेबो पंचायत अंतर्गत कोरियाडीह में 100 केवीए नवादा में 100 केवीए करमा पंचायत अंतर्गत वृंदावन 100-100 केवीए के 2, दादपुर पंचायत अंतर्गत सिंहपुर में 63 केविए, पड़रिया पंचायत अंतर्गत इगुनिया 100 केवीए, भगहर, अम्बातरी, परसतारी, भगहर नावाडीह टोला, अम्बातरी हरिजन टोला में 63 केविए का ट्रांसफॉर्मर जला पड़ा है। वहीं पूर्व विधायक श्रीयादव ने उन्हें बताया कि हजारीबाग से ट्रांसफार्मर लाने व ले जाने में काफी परेशानी होती है। उन्होंने बरही में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग सेंटर खोलने का मांग किया। इस बाबत जनरल मैनेजर ने पूर्व विधायक को आश्वस्त किया कि जल्द ही बरही में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग सेंटर खोला जाएगा।

### सैकड़ों कार्यकताओं के साथ रांची जायेंगे आजसू विधानसभा प्रभारी

**हजारीबाग:** बरही आजसू पार्टी का तीन दिवसीय राज्य स्तरीय महा अधिवेशन रांची में प्रारंभ हो रहा है। जिसमे आजसू बरही विधानसभा प्रभारी राज सिंह चौहान सैकड़ों कार्यकताओं के साथ महाधिवेशन में शामिल होंगे। उक्त जानकारी देते हुए श्री चौहान ने कहा की आगामी 29, 30 सितंबर एवं 01अक्टूबर को होने वाले अधिवेशन में कार्यकताओं को पार्टी के विषय में कई जानकारियां दिया जाएगा। आगामी चुनाव के तैयारियों पर भी चर्चा होगी। जिसमे बरही से सैकड़ों कार्यकर्ता रांची के मोराबादी मैदान इस सम्मेलन में भाग लेने जाएंगे। महाधिवेशन में राज्य के युवाओं, महिलाओं और बुजुर्ग लोगों की समस्याओं, विचारों और सुझावों पर मंथन किया जाएगा।

### रैयतों ने कराया अनिश्चितकालीन खदान बंद

**चरही:** चरही कोवयलांचल क्षेत्र के तापिन साउथ कोलियरी के खदान को गुरुवार को स्थानीय फुसरी के रैयतों ने अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया। आपको बता दें कि ग्रामीण जमीन के बदले नौकरी के लिए गोल बंद हुए इसके बाद ग्रामीणों द्वारा खदान को बंद कर दिया गया। स्थानीय रैयतों का कहना है कि जब तक सीसीएल प्रबंधन जमीन के बदले नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू नहीं करती है तब तक अनिश्चितकाल के लिए खदान को बंद रखा जाएगा। वही खदान बंद होने के बाद परियोजना पदाधिकारी तथा महाप्रबंधक द्वारा रैय्यतों के साथ वार्ता की गई लेकिन वार्ता विफल रही। इससे पहले गुरुवार को सुबह 6:00 बजे से ही स्थानीय रैयत खदान बंद करने के लिए खदान में मौजूद रहे जिससे सभी तरह के कार्य परियोजना में ठप रहे। आपको बता दें कि ग्राम फुसरी का कुल रकवा 906.45एकड़ भूमि जो पूर्णता सीसीएल द्वारा अधिग्रहित किया गया है लेकिन अब तक मात्र जमीन के बदले 37 नौकरी ही दी गई है।

## न्यूज फटाफट

### भारत ने निशानेबाजी में चौथा स्वर्ण पदक जीता



**हांगझोउ :** भारत के सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने निशानेबाजी स्पर्धा में गुरुवार को चौथा पदक जीता। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत ने अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है। इससे पहले 2006 में दोहा में भारत के निशानेबाजों ने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए थे। सरबजोत सिंह ने क्वालीफाइंग राउंड में 580 के साथ भारत के लिए सर्वोच्च स्कोर बनाया। अर्जुन सिंह चीमा 578 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे जबकि शिवा नरवाल 576 के स्कोर के साथ 56 निशानेबाजों के बीच 14वें स्थान पर रहे। व्यक्तिगत स्पर्धा में सिर्फ शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल में जगह बनाते हैं। हालांकि, तीनों भारतीय निशानेबाजों के 1734 के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक दिलाया। वही चीन को (1733) स्कोर के साथ रजत जबकि वियतनाम (1730) ने कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत फाइनल में, सरबजोत सिंह ने चौथे स्थान के लिए 199 का स्कोर बनाया और पदक की दौड़ से बाहर हो गए। अर्जुन सिंह चीमा 113.3 अंकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे। 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत फाइनल में वियतनाम के क्वांग हुई फाम ने (240.5) के साथ स्वर्ण, दक्षिण कोरिया के वोन्हो ली ने रजत (239.4) और उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव ने (219.9) कांस्य हासिल किया। इस बार एशियाई खेलों में निशानेबाजी स्पर्धाएं एक अक्टूबर तक आयोजित की जाएंगी। राइफल, पिस्टल और शॉटगन श्रेणियों में कुल 33 स्वर्ण पदक दांव पर हैं।

### मुक्केबाज जैस्मिन ने मुकाबला जीता



**हांगझोउ :** भारतीय मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया ने महिलाओं 60 किलोग्राम वर्ग में आज खेले गए मुकाबले में सउदी अरब की अशौर हदील एकतरफा अंदाज में 5-0 से हरा कर अपना मुकाबला जीत लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में 60 किलोग्राम मुक्केबाजी मुकाबले के पहले पहले राउंड में ही जैस्मिन ने विपक्षी खिलाड़ी पर मुक्कों की बरसात दी और दूसरे राउंड में भी वह लगातार हदील अशौर पर हमले करती रहीं। रेफरी ने बीच में ही मुकाबले को रोकना पड़ा। जैस्मिन को विजेता घोषित कर दिया गया। उन्होंने अशौर को 5-0 से हराया। इसी के साथ जैस्मिन क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है।

### डेविड बेकहम को साइकिलिंग स्पर्धा में आठवां स्थान

**हांगझोउ :** भारत के साइकिलिस्ट डेविड बेकहम एल्काटोहचूंगो गुरुवार को एशयाईि खेलों के पुरुषों के क्लासिफिकेशन मुकाबले में आठवें स्थान पर रहे। इससे पहले दिन में आज सुबह उन्होंने पुरुषों की स्प्रिंट 1/16 फाइनल रेपेचेज मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। अपराह्न 5वें से 8वें स्थान के लिए हुए मुकाबले में उन्हें आठवां स्थान प्राप्त हुआ। यह एशियाई खेलों में किसी भी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

**विजय** एशियाई खेलों के पुरुष क्रिकेट मुकाबले में गुरुवार खेले गये टी-20 मैच में

# मालदीव ने मंगोलिया को नौ विकेट से हराया

- डवासुरेन जमयनसुरेन ने 39 गेंदों पर सर्वाधिक 15 रन बनाये
- तुर-एरदेने सुमिया नौ रन बनाकर नाबाद रहे

**एजेंसियां**

**हांगझोउः** एशियाई खेलों के पुरुष क्रिकेट मुकाबले में गुरुवार खेले गये टी-20 मैच में मालदीव ने मंगोलिया को नौ विकेट से हराया। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज सुबह मालदीव ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और मंगोलिया को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मंगोलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 60 रन बनाये।



मंगोलिया की ओर से डवासुरेन जमयनसुरेन ने 39 गेंदों पर सर्वाधिक 15 रन बनाये। उन्हें हुसैन सादिन ने बोल्ड आउट किया। इसके अलावा उनका कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक पर नहीं पहुंच पाया।

तुर-एरदेने सुमिया नौ रन बनाकर नाबाद रहे। इसके अलावा मुनगुन अल्तानखुयाग ने आठ रन बनाये और उन्हें इस्माइल अली और हुसैन सादिन ने रन आउट किया। मंगोलियाई टीम को सर्वाधिक 16 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। मंगोलियाई की पूरी टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 60 रन ढह गयी। मालदीव की ओर से अज़ीम रफीग ने 10 रन देकर तीन विकेट, थोलई मोहम्मद राया ने सात रन देकर दो विकेट तथा हुसैन सादिन को एक विकेट मिला। मंगोलाई टीम के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी मालदीव ने अज़ीम र×फीग के 16 गेंदों में नाबाद 24 रन और कप्तान हसन रशीद के 14 गेंदों में नाबाद 21 की बदौलत यह मुकाबला छह ओवर चार गेंदों में 62 रन बनाकर जीत लिया। मालदीव की ओर से इस्माइल अली ने नौ रन बनाये और उन्हें तुमुरसुख ने ओल्गोोनबयार के हाथों कैच आउट कराया। मालदीव को आठ रन अतिरिक्त के रूप में प्राप्त हुए। मंगोलियाई गेंदबाज तुमुरसुख तुरमुंख को एक विकेट मिला। इस जीत के साथ मालदीव टीम अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

## खेल जगत अपडेट्स »

### टेबल टेनिस में मनिका बत्रा ने जीता एकल मुकाबला



**हांगझोउ :** भारत की शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने गुरुवार को महिला एकल राउंड ऑफ 32 मैच में नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के खिलाफ 11-5, 11-4, 11-3, 11-2 से जीत दर्ज की। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज यहां पहले मिश्रित युगल में हार के बावजूद मनिका बत्रा ने नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए और कल से शुरू होने वाले एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरी ओर, श्रीजा अकुला राउंड ऑफ 32 में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के सोंगयोंग प्योन के खिलाफ चार गेम में हार गईं।

### रोशिबिना देवी ने वुशु में दिलाया रजत पदक

**हांगझोउ :** भारत की नाओरेम रोशिबिना देवी ने गुरुवार को चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में महिलाओं की 60 किग्रा सांडा वुशु स्पर्धा में रजत पदक जीता। आज यहां खेले गये फाइनल में नाओरेम रोशिबिना देवी चीन की वू जियाओवेई से 2-0 से हारकर दूसरे स्थान पर रहीं और उन्हें रजत पदक मिला। यह भारतीय वुशू खिलाड़ी का लगातार एशियाई खेल में दूसरा पदक है। उन्होंने जकार्ता में 2018 खेलों में कांस्य पदक जीता था। इससे पहले नाओरेम रोशिबिना देवी ने क्वार्टरफाइनल में कजाकिस्तान की ऐमान करशचगा को डब्ल्युपीडी (प्वाइंट अंतर से विजेता) से हराकर पदक पक्का किया। उन्होंने सेमीफाइनल में वियतनाम की थी थू थोय गुयेन को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया। भारत ने एशियाई खेल में वुशु में कभी भी स्वर्ण पदक नहीं जीता है। नाओरेम रोशिबिना देवी की पदक जीतने के साथ ही एशियाई खेल 2023 में भारत के वुशु अभियान भी समाप्त हो गया है।

## दो दिवसीय सीनियर/जुनियर एवं सब जुनियर झारखंड राज्य स्तरीय बालक -बालिका मलखंब प्रतियोगिता संपन्न



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन से पंजीकृत रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वाधान में बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा, रांची के प्रांगण में दो दिवसीय सीनियर , जुनियर एवं सब जुनियर झारखंड राज्य स्तरीय बालक -बालिका मलखंब प्रतियोगिता संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय के सचिव सजल बनर्जी एवं विशिष्ट अतिथि बीएसपी के उपाध्यक्ष उदयन बसु ने संयुक्त रूप से हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं नारियल फोड़कर किया। आंगन्तुको का स्वागत एवं मंच का संचालन झारखंड राज्य मलखंब संघ के महासचिव अजय झा ने किया। जबकि प्रतियोगिता का संचालन वरिष्ठ राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार ने किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा खेल प्रकोष्ठ के रांची जिला संयोजक आशुतोष द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि विधालय सचिव सजल बनर्जी,समाजसेवी सह खेलप्रेमी मिथिलेश कुमार ने संयुक्त रूप से सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सभी पुरस्कार स्वर्गीर्य राम प्रवेश द्विवेदी के यादगार में पोता आशुतोष द्विवेदी द्वारा प्रायोजित किया गया। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन जामताड़ा जिला मलखंब एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ० भास्कर चंद ने किया। इस अवसर पर विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, संजय कुमार, कौशल कुमार, सौम्या सेजल वर्मा, प्रीति रानी ने निर्णायक की अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर कंचन दत्ता, राजेन्द्र कुमार , नीतेश साहु ,मंगरू उरांव , सोमारी उरांव एवं अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता के आधार पर झारखंड राज्य मलखंब टीम का चयन किया गया है जो दिनांक 26 से 28 अक्टूबर तक गोवा में आयोजित 37वीं राष्ट्रीय खेल के अन्तर्गत मलखंब प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का नेतृत्व करेगा।

## भारत की बैडमिंटन महिला टीम मंगोलिया को हराकर पहुंची क्वार्टर फाइनल में


**एजेंसियां**

**हांगझोउ :** भारत की बैडमिंटन महिला टीम ने गुरुवार को मंगोलिया को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, अश्मिता चालिहा और अनुपमा उपाध्याय की भारतीय महिला टीम ने राउंड ऑफ 16 मुकाबलों में 3-0 से जीत दर्ज की। बीजे जिम्नेजियम के कोर्ट पर खेलते हुए पीवी सिंधु ने मंगोलिया की म्याग्मार्टसेरेन गणबातर के खिलाफ मुकाबले की शुरुआत करते हुए मंगोलियाई प्रतिद्वंद्वी को आसानी से 21-2, 21-3 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। टीम के दूसरे मुक़ाबले में, बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 49वें नंबर की युवा भारतीय शटलर अश्मिता चालिहा ने खेरलेन डारखानबटार के ख़िलाफ़ 21-2, 21-3 के स्कोर के साथ 21 मिनट में जीत दर्ज की। वहीं तीसरे और अंतिम एकल मुकाबले में दुनिया की 85वें नंबर की भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय ने मंगोलियाई शटलर



खुलानगु बटार को 22 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे गेम में 21-0, 21-2 से हराकर भारतीय टीम को 3-0 से जीत दिलाई। भारतीय महिला टीम शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में थाईलैंड से मुकाबला करेंगी। इस बीच, भारतीय पुरुष टीम पहले दौर में बाई मिलने के बाद शुक्रवार को एक्शन में नज़र आएगी। एचएस प्रणॉय की अगुवाई वाली टीम क्वार्टरफाइनल में नेपाल या मंगोलिया से भिड़ेगी। सेमीफाइनल में जगह बनाते ही भारतीय बैडमिंटन टीम के लिए पदक पक्का हो जाएगा।

# 41 वर्ष के हुये रणबीर कपूर



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर आज 41 वर्ष के हो गये। मुंबई में 28 सितंबर, 1982 को जन्में रणबीर को अभिनय की कला विरासत में मिली। रणबीर के पिता ऋषि कपूर और मां नीतु सिंह बॉलीवुड के मशहूर कलाकार रहे हैं। रणबीर कपूर ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म 'सांवरिया' से की। इसी फिल्म से अनिल कपूर की बेटी सोनम कपूर ने भी शुरूआत की थी। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी 'सांवरिया' यूं तो टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी लेकिन रणबीर का अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया। इस फिल्म के लिये रणबीर फिल्म फेयर के डेब्यू पुरस्कार से सम्मानित किये गये। वर्ष 2009 में प्रदर्शित फिल्म ह्यवेक अप सिडह्लरणबीर के करियर की पहली हिट फिल्म साबित हुयी।

अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म 'वेक अप सिड'में रणबीर ने संजीदा अभिनय किया था। इस फिल्म के लिये रणबीर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्म फेयर क्रिटिक्स पुरस्कार दिया गया। वर्ष 2010 में रणबीर को प्रकाश झा की फिल्म 'राजनीति' में काम करने का अवसर मिला। राजनीति पर आधारित इस फिल्म में भी रणबीर ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वर्ष 2011 में प्रदर्शित फिल्म 'रॉकस्टार' ने रणबीर को फिल्म इंडस्ट्री में सही पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका दिलाई। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणबीर ने एक बार फिर से संजीदा अभिनय किया। इस फिल्म के लिये रणबीर को पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्म फेयर पुरस्कार दिया गया। इसी फिल्म के लिये उन्हें फिल्म फेयर का क्रिटिक्स पुरस्कार भी दिया गया।

वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म 'बरफी' ने रणबीर को न सिर्फ भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी काफी ख्याति दिलाई। अनुराग बासु के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणबीर ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया। इस फिल्म के लिये भी उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वर्ष 2013 में प्रदर्शित फिल्म ह्यये जवानी है दीवानीह्ल रणबीर कपूर के करियर की सबसे कामयाब फिल्म साबित हुयी। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणबीर की छवि एक रॉकस्टार की थी। युवाओं को ध्यान में रखकर बनायी गयी इस फिल्म में रणबीर और दीपिका पादुकोण की जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया।

# फिल्म एनिमल का टीजर रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म एनमिल का टीजर आज उनके जन्मदिन के अवसर पर रिलीज कर दिया गया है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर,अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म 'एनिमल'का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर में अनिल कपूर और रणबीर कपूर बाप-बेटे के किरादर में नजर आ रहे हैं, जहां अनिल अपने बेटे से काफी निराश नजर आते हैं। टीजर की शुरुआत में रणबीर, रश्मिका के सामने अपने पिता बनने की इच्छा जाहिर करते हैं, जिसपर रश्मिका कहती हैं कि बिल्कुल अपने पिता की तरह, लेकिन ये बात रणबीर को जरा भी रास नहीं आती है। इसके बाद



टीजर में कहानी को फ्लैशबैक में भी दिखाया गया है, जहां अनिल कपूर अपने बेटे को एक के बाद एक ज़ोरदार तमाचा लगाते हुए नजर आते हैं। कहानी बाप-बेटे के रिश्ते और बदले पर आधारित नजर आती है। एनिमल के टीजर के अंत में बॉबी देओल की झलक नजर आती है। फिल्म एनिमल 01 दिसंबर को रिलीज होगी।फिल्म एनिमल भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी की सिने1 स्टूडियोज़ और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा निर्मित है।

# 29 सितंबर को रिलीज होगी निरहुआ-आम्रपाली दुबे की फिल्म मंडप

**एजेंसियां**

**मुंबईः** एस आर के म्यूजिक प्रा. लि. के बैनर तले निर्मित अभिनेता दिनेशलाल यादव निरहुआ एवं अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की भोजपुरी फिल्म मंडप 29 सितंबर को रिलीज होगी। निर्माता रौशन सिंह ने बताया कि फिल्म मंडप देश भर में रिलीज होगी। उम्मीद है हमारी यह फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आएगी। हमने इस फिल्म को बिग स्केल पर बनाया है। फिल्म की कहानी के अनुसार, फिल्म की भव्यता दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने वाली है। वहीं, निरहुआ ने दर्शकों से फिल्म मंडप देखने की अपील करते हुए कहा कि मंडप एक स्वस्थ मनोरंजन वाली फिल्म है। फिल्म की कहानी सामाजिक और पारिवारिक मानदंडों के इर्दगिर्द है। फिल्म को आनंद सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म मंडप एक विशुद्ध भोजपुरी घर परिवार की कहानी है। हम



सबों ने फिल्म में अपना पूरा योगदान दिया है। इस फिल्म को अप सभी अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर देखें और इसके बारे में चर्चा भी करें कि आपको फिल्म कैसी लगी। फिल्म मंडप की सह निर्माता शर्मिला आर सिंह ने बताया कि फिल्म के संवाद से लेकर गीत संगीत तक बहुत अच्छे हैं। फिल्म में निरहुआ और आम्रपाली मुख्य भूमिका में हैं, जो फर्स्ट लुक में शादी के जोड़े में नजर आए हैं। फिल्म के खूबसूरत गाने की संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारेलाल यादव, अरविन्द तिवारी, उमा लाल यादव हैं। लेखक मनोज पांडे हैं। डीओपी साहिल जे अंसारी हैं। नृत्य कानू मुखर्जी का है। कला राजीव शर्मा और संकलन जितेंद्र सिंह जीतू ने किया है।

## राजश्री बैनर की फिल्म 'दोनों' का गाना 'खम्मा घनी' रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबईः** राजवीर देओल और पलोमा ढ़िल्लो स्टारर फिल्म ह्यदोनोंह्ल का गाना ह्यखम्मा घनी' रिलीज हो गया है। फिल्म दोनो का नवीनतम गाना खम्मा घनी को शंकर-एहसान-लॉय ने संगीतबद्ध किया है,जबकि गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं। इस गाने को विजय गांगुली ने कोरियोग्राफ किया है ।



फिल्म दोनो से सनी देओल के छोटे बेटे राजवीर देओल डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म में राजवीर देओल के अपोजिट मुख्य भूमिका में बॉलीवुड अभिनेत्री पूनम ढिल्लों की बेटी पलोमा नजर आएंगी। उनकी भी ये डेब्यू फिल्म ही है। राजश्री प्रोडक्शंस (पी) लिमिटेड जियो स्टूडियोज के सहयोग से प्रस्तुत दोनों को कमल कुमार बड़जात्या, राजकुमार बड़जात्या, अजीत कुमार बड़जात्या और ज्योति देशपांडे ने प्रोड्यूस किया है।

## नेहा राज और पल्लवी सिंह का नया लोकगीत 'ऐ राजा जी' रिलीज

**एजेंसियां**



**मुंबईः** गायिक नेहा राज और अभिनेत्री पल्लवी सिंह का गाना 'ऐ राजा जी' रिलीज हो गया है। ऐ राजा जी गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने को पल्लवी सिंह पर फिल्माया गया है। गाने के वीडियो में पल्लवी सिंह अपने पति से कहती नजर आ रही हैं कि 'शादी कइके तोहरा से बानी पछतात हो, अभी ले पुरनकी के नईखातू भुलात हो, एक ही गो रक्खा एक गो छोड़छाड़ द२, ए राजा जी हमर जान मारि द२, न त, गांव वाली गोरकी के भार परि द२' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत गाना 'ऐ राजा जी'।

## प्रदेश >> अपडेट

### ट्रक की चपेट में आने से तीन मजदूरों की मौत

**नवादा :** बिहार में नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र में गुरूवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से तीन मजदूरों की मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि नवादा सब्जी मंडी में काम के लिए चार मजदूर जा रहे थे, तभी सोभिया कृषि फार्म के समीप एक पिकअप वाहन ने रास्ता पूछा जिसे मजदूर बता रहे थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### स्वामीनाथन के निधन पर शोक जताया धनखड़ ने

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गुरुवार को गहरा शोक प्रकट किया। धनखड़न ने आज यहां जारी एक शोक संदेश में कहा है कि डॉ. स्वामीनाथन ने भारतीय कृषि के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। भारत को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने और करोड़ों भारतीय किसानों की समृद्धि में उनका अद्वितीय योगदान है। उपराष्ट्रपति ने कहा, इस संकट की घड़ी में मैं स्वामीनाथन के परिजनों और उनके शुभचिंतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

### शिवराज ने नेशनल गेम्स में भाग ले रहे खिलाड़ियों के साथ किया पौधरोपण

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राजधानी भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में सामाजिक कार्यकर्ताओं और नेशनल गेम्स में भाग ले रहे खिलाड़ियों के साथ पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री चौहान ने बरगद, गूलर और जामुन के पौधे लगाए। इस अवसर पर आगामी नेशनल गेम्स 2023 में मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले कोच पंकज पाराशर, खिलाड़ी आशु कुमार, रितिका कुशवाहा, निहारिका राजपुरोहित, श्वेता कुमारी, अरविंश मकरानी, तनु सेन और पंकज पाण्डेय उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### धनखड़ शुक्रवार को बिहार दौरे पर

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल शुक्रवार को बिहार के दौरे पर जाएंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने गुरुवार को यहां बताया कि उपराष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद धनखड़ का यह पहला बिहार दौरा होगा। उनके साथ उनकी पत्नी डॉ सुदेश धनखड़ के साथ भी रहेंगी। धनखड इस यात्रा में नालंदा विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे, जहां वह छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संवाद करेंगे। अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति गया भी जाएंगे।

### खडगे, राहुल, प्रियंका ने दी मिलाद-उन-नबी पर मुबारक

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने मिलाद-उन-नबी के अवसर पर देशवासियों को मुबारकबाद दी है। खडगे ने अपने शुभकामना संदेश में कहा सभी को ईद मिलाद-उन-नबी मुबारक। यह शुभ अवसर शांति, दया, समृद्धि लाए और सभी के बीच भाईचारे के बंधन को मजबूत करे। गांधी ने ट्वीट किया सभी को ईद मिलाद-उन-नबी मुबारक। यह त्योहार सबके जीवन में खुशियां, भाईचारा और अच्छी सेहत लेकर आए।

### पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे : लालू

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने देश के 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के प्रोफेसर की संख्या महज चार प्रतिशत रहने से संबंधित रिपोर्ट को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोला और कहा कि पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे हैं। यादव ने गुरुवार को सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर इस संबंध में प्रकाशित रिपोर्ट की प्रति के साथ टिप्पणी की, भाजपा की गरीब, वंचित,उपेक्षित और बहुजन विरोधी विचारधारा एवं धर्म के आवरण तले तथा मोदी सरकार की एक सोची समझी रणनीति है।

**सुनवाई** > इजराइल के सरकार की कार्रवाई पर चुनौती मामले की चल रही सुनवाई

# बेंजामिन नेतन्याहू का भविष्य अब सुप्रीम कोर्ट के हाथ

● नेतन्याहू को सबसे अधिक व्यक्तिगत रूप से प्रभावित करने वाली याचिकाएं शामिल हैं

**राष्ट्रीय खबर**

**यरूशलेम :** इजराइल का सर्वोच्च न्यायालय बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार की कार्रवाइयों की चुनौतियों पर सुनवाई करने में एक महीने से व्यस्त चल रहा है। एक महीने के भीतर इसमें तीन मामलों पर दलीलें सुनी जाएंगी - जिनमें, इस गुरुवार को, नेतन्याहू को सबसे अधिक व्यक्तिगत रूप से प्रभावित करने वाली याचिकाएं शामिल हैं: एक संशोधन जो किसी प्रधान मंत्री को कार्यालय के लिए अयोग्य घोषित करना अधिक कठिन बना देता है। कानून कहता है कि केवल स्वयं प्रधान मंत्री या कैबिनेट, दो-तिहाई बहुमत के साथ, नेता को अयोग्य घोषित कर सकता है, और केवल शारीरिक या मानसिक अक्षमता के कारण।



इसके बाद कैबिनेट वोट को संसद, जिसे नेसेट के नाम से जाना जाता है, में दो-तिहाई बहुमत से अनुमोदित करने की आवश्यकता होगी। यह संशोधन इजराइल के बुनियादी कानूनों में से एक में बदलाव है, जो देश के संविधान के सबसे करीब है। नेतन्याहू की दक्षिणपंथी सरकार द्वारा आगे बढ़ाए गए न्यायिक ओवरहाल पैकेज पर कानून शुरू होने से पहले संशोधन पारित किया गया था, जिसने देश को विभाजित कर दिया है और उन लोगों द्वारा महीनों तक विरोध प्रदर्शन किया गया है जो तर्क देते हैं कि यह इजराइल के लोकतंत्र को खत्म करता है और इसकी न्यायपालिका को कमजोर करता है। गुरुवार की सुनवाई में याचिकाकताओं का तर्क है कि संशोधन केवल नेतन्याहू के लाभ के लिए पारित किया गया था। वह चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमे का सामना कर रहे हैं, जिससे यह घटक प्राधिकरण का दुरुपयोग हो गया है। यह उन आधारों में से एक है जिसके आधार पर सर्वोच्च न्यायालय, सैद्धांतिक रूप से, किसी मूल कानून में संशोधन को रद्द कर सकता है। हालाँकि, न्यायालय ने कभी भी किसी बुनियादी कानून या किसी संशोधन को रद्द नहीं किया है। इस महीने की शुरूआत में, सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई में पारित एक और कानून के बारे में दलीलें सुनीं, जिसने सरकारी कार्यों को अनुचित मानने से रोकने की उसकी क्षमता को छीन लिया। यह एक बुनियादी कानून में संशोधन भी था। तीसरी याचिका न्याय मंत्री यारिव लेविन के खिलाफ है, जिन्होंने इसकी संरचना पर विवाद के बीच न्यायाधीशों को चुनने वाली समिति को बुलाने से इनकार कर दिया है। इजराइल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट के सेंटर फॉर डेमोक्रेटिक वैल्यूज एंड इंस्टीट्यूशंस के वरिष्ठ शोधकर्ता अमीर फुच्स ने बताया कि बुनियादी कानूनों में संशोधन के लिए सुप्रीम कोर्ट में पहले कभी भी इतनी चुनौतियां नहीं थीं। अदालत में एक साथ इतनी अधिक सुनवाई पहले कभी नहीं की थी। फुच्स ने कहा, यह एक अनोखा और अभूतपूर्व संवैधानिक संकट है। जब तक इस कानून में बदलाव नहीं किया गया, तब तक कोई लिखित कानून नहीं था जो यह तय करता हो कि किसी प्रधान मंत्री को सेवा करने के लिए अयोग्य होने के कारण पद से कैसे हटाया जा सकता है, हालांकि फुच्स ने कहा कि केस कानून के साथ कुछ मिसालें थीं जो संकेत देती थीं कि अटॉर्नी जनरल यह निर्णय ले सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि नेतन्याहू पर चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमे के कारण उन्हें सेवा के लिए अयोग्य घोषित करने की याचिकाएँ थीं।

## कोविड-19 महामारी ने अमेरिका में कैंसर के नए निदान को किया प्रभावित

**एजेंसियां**

**लॉस एंजिल्स :** अमेरिका में छह प्रकार के कैंसर नए निदान में 2020 की शुरुआत में यानी कोविड-19 महामारी की शुरुआत में अचानक गिरावट आई। यह दावा बुधवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में किया गया। इस रिपोर्ट को यूएस नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट, यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी), अमेरिकन कैंसर सोसाइटी और नॉर्थ अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ सेंट्रल कैंसर रजिस्ट्रीज ने संयुक्त रूप से तैयार किया है। रिपोर्ट में पाया गया कि महामारी की शुरुआत में महिला स्तन, फेफड़े, कोलोरेक्टल, प्रोस्टेट, थायरॉयड और अग्नाशय के कैंसर के निदान में कमी आई। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह गिरावट संभवतः चिकित्सा देखभाल और कैंसर जांच में रुकावट के कारण आयी। रिपोर्ट के अनुसार 2020 की शुरुआत में पैथोलॉजी रिपोर्ट में भी तेजी से गिरावट आई, जिससे पता चलता है कि उस दौरान कैंसर जांच और कैंसर से संबंधित अन्य प्रक्रियाएं कम की जा रही थीं। सीडीसी ने एक बयान में कहा, संयुक्त निष्कर्षों से पता चलता है कि अमेरिका में कोविड -19 महामारी के शुरुआती दौर में स्वास्थ्य सेवाओं में रुकावटों के कारण कई कैंसर का निदान नहीं किया गया था।

## कुशासन वाली भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश : अरुण यादव



**एजेंसियां**

**सागर :** पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने आज कहा कि 18 साल के कुशासन वाली भ्रष्टाचारी भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ जनता में भयंकर आक्रोश है। कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही बुंदेलखंड जन आक्रोश यात्रा के सिलसिले में यादव दमोह, छतरपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़ जिला से होकर बुधवार देर रात सागर पहुंचे थे। यहां उन्होंने जन आक्रोश रैली एवं जन आक्रोश सभा में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा में आरोप लगाया कि बुंदेलखंड अंचल के पांच जिलों से होकर यहां पहुंचने पर यह साफ तौर पर देखने आया है कि 18 साल के कुशासन वाली भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार के खिलाफ जनता में भयंकर आक्रोश है। भाजपा द्वारा निकाली गई ह्यअवसरवादह्व यात्रा में जनता ने अपना आशीर्वाद देने में जिस तरह की बेरुखी और जन आक्रोश यात्रा को भारी जन समर्थन दिखाया है उससे साफ है कि मध्यप्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। उन्होंने कहा कि महाकाल की नगरी उज्जैन में 12 साल की अबोध बालिका के साथ दुष्कृत्य की शर्मनाक खबर सुर्खियों में बनी हुई है, जो पूरे देश में प्रदेश को कलंकित और शर्मसार करने वाली है।

यह स्थिति पूरे प्रदेश में बेटियों और महिलाओं की है। यादव ने सागर के ऐतिहासिक तालाब की दुर्दशा पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि सागर का तालाब एक समय सागर की शान रही है। इस ऐतिहासिक विरासत को भी पूर्ण रूप से नष्ट किए जाने का काम यहां किया जा रहा है। उन्होंने बुंदेलखंड पैकेज में हुए भ्रष्टाचार पर आगे कहा कि पन्ना में 100 - 100 करोड़ रुपये के बांध बनाये थे वो पहली ही बारिश में बह गए। टिकट वितरण के संबंध में उन्होंने कहा कि टिकट को लेकर प्रक्रिया जारी है।

## बंगाल के लोग लंबे समय से धनराशि रोके जाने का खामियाजा भुगत रहे हैं: ममता



**एजेंसियां**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राष्ट्रीय राजधानी तक मार्च का आह्वान करते हुए गुरुवार को कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि बंगाल में गरीब लोगों के उचित धन के लिए हमारी आवाज दिल्ली में नेताओं के कानों तक पहुंचे। सु बनर्जी ने कहा, बहुत लंबे समय से बंगाल के लोग मनरेगा और आवास योजना की रोकी गई धनराशि का भुगतान न होने का खामियाजा भुगत रहे हैं। लेकिन हम झुकेंगे नहीं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को कहा, हम प्रभावित लोगों द्वारा लिखे गए पत्रों को लेकर दिल्ली तक मार्च करेंगे। एक साथ मिलकर हम बंगाल और उसके लोगों के लिए दृढ़ और अटूट रूप से खड़े हैं। मनरेगा योजना में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला राज्य होने के बावजूद केंद्र ने ईर्ष्या और प्रतिशोध की राजनीति के कारण हमारा धन रोक दिया है। सु बनर्जी ने कहा, हम दिल्ली तक लड़ाई लड़ेंगे। बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी के प्रमुख ने कहा, बंगाल के लोग अब भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेंगे। दो साल से अधिक समय से, उन्होंने 100-दिवसीय कार्यक्रम के तहत 6,907 करोड़ रुपये की राशि रोक रखी है। हम डटकर लड़ने के लिए तैयार हैं और यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे लोगों को उनका उचित हक मिले। सु बनर्जी ने कहा , भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की प्रतिशोध की राजनीति समाप्त होनी चाहिए। मनरेगा और आवास योजना के तहत बंगाल को मिलने वाली धनराशि को गलत तरीके से रोकने से भारी पीड़ा और अभाव का सामना करना पड़ा है। लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने का संकल्प लेते हुए हम उनके मुद्दे को दिल्ली के सत्ता गलियारों तक ले जाएंगे और न्याय मिलने तक जारी रहेंगे।

## भाजपा के कुशासन में कोई सुरक्षित नहीं : प्रियंका

**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के उज्जैन में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कुशासन में आदिवासियों से लेकर महिलाओं तक कोई सुरक्षित नहीं है। मती वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में एक छोटी बच्ची के साथ हुई बर्बरता आत्मा को झकझोर देने वाली है। अत्याचार के बाद वह ढाई घंटे तक दर-दर मदद के लिए भटकती रही और फिर बेहोश होकर सड़क पर गिर गई लेकिन मदद नहीं मिल सकी। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या ये मध्यप्रदेश की कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा है। भाजपा के 20 साल के कुशासन तंत्र में बच्चियां, महिलाएं, आदिवासी, दलित कोई सुरक्षित नहीं है। लाड़ली बहना के नाम पर चुनावी घोषणाएं करने का क्या फ़ायदा है, अगर बच्चियों को सुरक्षा और मदद तक नहीं मिल सकती वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने इस मामले में स्थानीय निवासियों पर भी सवालिया निशान लगाए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, उज्जैन मामले में अपराधियों को तत्काल गिरफ़्तार कर उन्हें सख़्त से सख़्त सजा मिलनी चाहिए। जिस क्षेत्र से यह बच्ची गुज़री है वहाँ के लोगों के लिए शर्म की बात है।

**संगठन** > वैगनर उन स्थानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जहां प्राकृतिक संसाधन हैं

# अफ्रीकी देशों में पूरी तरह सक्रिय है रूस का वैगनर समूह

▶▶ वैगनर के साथ इस प्रकार के सौदे करने वाले कुछ देशों ने अमेरिका से कहा है कि उन्हें इस पर खेद है

**राष्ट्रीय खबर**

**जिबूटी :** एक वरिष्ठ अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा, अमेरिका ने अफ्रीका से वैगनर बलों की वापसी किसी भी पर्याप्त या सार्थक संख्या में नहीं देखी है, क्योंकि क्रेमलिन इस बात पर विचार कर रहा है कि पिछले महीने अपने नेता की मृत्यु के बाद रूसी भाड़े के समूह के साथ क्या किया जाए। पहले यह माना गया था कि वैगनर प्रमुख की संदेहास्पद मौत के बाद यह निजी सेना का रूसी संगठन छिन्न भिन्न हो गया है। अफ्रीका के रक्षा सचिव के साथ यात्रा कर रहे पत्रकारों के एक छोटे समूह को बताया कि पूरे



अफ्रीका में वैगनर बलों की संख्या, जो ज्यादातर मध्य अफ्रीकी गणराज्य, माली और लीबिया में केंद्रित है, काफी स्थिर बनी हुई है। अधिकारी ने विस्तार से बताए बिना कहा कि ऐसे संकेत भी हैं कि वैगनर सेना नाइजर में जुलाई में तख्तापलट की कोशिश का फायदा उठाने की कोशिश कर रही है। अंततः, हालांकि, अधिकारी ने कहा, वैगनर वहीं जाता है जहां पैसा है। अक्सर, वे उन स्थानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जहां प्राकृतिक संसाधन हैं, जहां उनका नेतृत्व अपनी उपस्थिति के लिए सुरक्षा मूल्य - वस्तुतः पैसा - का भुगतान करने को तैयार है। अधिकारी ने कहा, वैगनर के साथ इस प्रकार के सौदे करने वाले कुछ देशों ने अमेरिका से कहा है कि उन्हें इस पर खेद है। अधिकारी ने कहा, इस बीच, अमेरिका ने क्रेमलिन के साथ वैगनर के संबंधों में अभी तक कोई निर्णायक बदलाव नहीं देखा है, या संकेत नहीं है कि मॉस्को ने पूरे महाद्वीप में समूह के संचालन को अवशोषित कर लिया है। अधिकारी ने कहा, यह संभवतः इस तथ्य को दर्शाता है कि क्रेमलिन अभी भी यह तय कर रहा है कि भाड़े के बलों के साथ क्या करना है, क्योंकि समूह के लंबे समय तक नेता येवगेनी प्रिगोझिन मर चुके हैं। अधिकारी ने कहा, आधिकारिक रूसी सैन्य प्रतिनिधिमंडलों के कई देशों में जाने के संकेत मिले हैं, जो इस बात का परीक्षण कर रहे हैं कि आधिकारिक रूसी सेना को काम करने का अवसर मिलेगा या नहीं।

लेकिन ऐसा नहीं लगता कि कोई निर्णायक बदलाव हुआ है, और मुझे लगता है कि यह दर्शाता है कि मॉस्को में अभी भी अनिश्चितता है कि वैगनर के साथ क्या किया जाए - क्या इसे रूसी सरकार की अनौपचारिक शाखा के रूप में उपयोग करना जारी रखा जाए , क्या इसे कमजोर कर देना है, किसी तरह इसे अपने अधीन कर लेना है, या अब जब स्वामित्व में बदलाव हो गया है, तो क्या इसे किसी और के निजी नियंत्रण में सौंप देना है। यह एक खुला प्रश्न बना हुआ था कि अपने नेता प्रिगोझिन की मृत्यु के बाद वैगनर सैन्य समूह का भविष्य क्या होगा। अधिकांश सुरक्षा विशेषज्ञों को संदेह है कि वैगनर प्रिगोझिन के बिना जीवित रह सकता है, जिससे समूह के लड़ाकों, हथियारों और संचालन का क्या होगा, इस पर प्रमुख प्रश्न उठते हैं।

## न्यूज फटाफट

### अफगानिस्तान में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**हेरात :** अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में कार के पलट जाने से पांच यात्रियों की जान चली गयी और एक अन्य घायल हो गया। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल्ला इंसाफ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना बुधवार शाम को गजारा जिले में घटित हुई। इसमें पांच यात्रियों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उल्लेखनीय है कि इसी तरह की एक सड़क दुर्घटना में मंगलवार को उत्तरी बल्ख प्रांत में एक यात्री की मौत हो गई थी और पांच अन्य घायल हो गए थे।

### उज्बेकिस्तान के गोदाम में विस्फोट से एक की मौत, 162 घायल

**ताशकंद :** उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में एक गोदाम में विस्फोट और आग लगने से एक किशोर की मौत हो गई जबकि 162 लोग घायल हो गए। उज़्बेक स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उज़्बेक आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि ताशकंद के एक गोदाम में रात में विस्फोट हुआ और आग लग गई। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर लिखा, विस्फोट से 17 साल के किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 162 अन्य घाायल हुए हैं।

### काकेशस से 65 हजार से अधिक लोग आर्मेनिया पहुंचे

**येरेवान :** काकेशस के नागोर्नो-काराबाख से 65 हजार से अधिक लोग विवादित क्षेत्र से अर्मेनिया चले गए हैं। अर्मेनियाई प्रधानमंत्री कार्यालय की प्रवक्ता नाजेली बगदासारियान ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बगदासारियान ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा, स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब चार बजे तक कुल 65,036 लोग नागोर्नो-काराबाख से आर्मेनिया पहुंचे हैं। अर्मेनियाई अधिकारियों के अनुसार, नवीनतम वृद्धि से पहले इस क्षेत्र में लगभग 1.20 लाख लोग रहते थे।

### उ. कोरिया अस्तित्व, विकास के अधिकारों की गारंटी के लिए परमाणु हथियार विकसित करता है

**प्योंगयांग :** उत्तर कोरिया ने देश के अस्तित्व एवं विकास के अधिकारों की गारंटी देने, युद्ध को रोकने और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा के लिए परमाणु हथियार विकसित करता हैं। यह बातें उ. कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए ने गुरुवार को उ. कोरिया की सुप्रीम पीपुल्स असेंबली की स्थायी समिति के अध्यक्ष चोए योंग हे के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कही हैं। उ. कोरिया की 14वीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के 9वें सत्र में चोए ने कहा, उ. कोरिया एक जिम्मेदार परमाणु हथियार सम्पन्न देश है और यह देश के अस्तित्व और विकास के अधिकारों को सुनिश्चित करने, युद्ध को रोकने और क्षेत्र और दुनिया के बाकी हिस्सों में शांति तथा स्थिरता की रक्षा के लिए अत्यधिक परमाणु हथियार विकसित करता है। उन्होंने कहा कि उ. कोरिया के सशस्त्र बलों का मिशन शक्तिशाली सैन्य क्षमताओं के साथ 'राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, लोगों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा करना, समाजवादी व्यवस्था, क्रांति के लाभों को सभी खतरों से बचाना, देश की शांति और समृद्धि की गारंटी' है। रिपोर्ट के मुताबिक सत्र ने सर्वसम्मति से देश के संविधान में संशोधन करके परमाणु सशस्त्र बलों पर उत्तर कोरिया की नीति को अपनाया है। उ. कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सत्र में भाग लिया और भाषण दिया। उन्होंने उन सांसदों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सभी कोरियाई लोगों की सामान्य इच्छा के प्रतिबिंब में मतदान के अधिकार का प्रयोग किया और देश के संविधान के इतिहास एक शानदार अध्याय जोड़ा।

### उत्तरी इजरायल के अरब शहर में गोलीबारी , पांच लोगों की मौत

**यरूशलम :** उत्तरी इज़रायल के अरब शहर में गोलीबारी में एक ही परिवार के पांच लोग मारे गए। इज़रायली पुलिस के मुताबिक बेडौइन शहर बासमत ताबुन में एक घर में पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इज़रायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने पीड़ितों की पहचान दो किशोर भाइयों, 40 साल की एक महिला और उसके 25 वर्षीय पुत्र और एक अन्य पुरुष रिश्तेदार के रूप में की है। घटना में महिला का 49 वर्षीय पति मामूली रूप से घायल हुआ है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराय गया है। इजरायली सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी शुरू करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस प्रमुख याकोव शबताई ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा कि इस तरह की गोलीबारी की पिछली घटनाएं अक्सर संगठित अपराध गिरोह के बीच संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती रही हैं। पुलिस हत्यारों को ढूंढने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इज़रायल में अरब अल्पसंख्यकों के लिए समान अधिकारों की वकालत करने वाले समूह अब्राहम इनिशिएटिव्स के अनुसार 2023 की शुरुआत से अब तक यहां अरब समुदाय के कम से कम 188 व्यक्ति हिंसा में मारे गए हैं। यह संख्या पिछले वर्षों में समान अवधि के दौरान पीड़ितों की संख्या से लगभग दोगुनी है। अरब नेताओं ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार पर अरब समाज में अपराध के खिलाफ लड़ाई की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है।

## आज का इतिहास

- ▶▶ 1650 : इंग्लैंड में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरुआत हुई।
- ▶▶ 1789 : अमेरिका के युद्ध विभाग ने स्थायी सेना स्थापित की।
- ▶▶ 1836 : मद्रास चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की स्थापना हुई।
- ▶▶ 1901 : दुनिया के जाने-माने फिजिसिस्ट एनरिको फर्मी का जन्म 1901 में आज ही के दिन हुआ था। इन्होंने परमाणु रिएक्टर बनाया था।
- ▶▶ 1911 : इटली ने ऑटोमन साम्राज्य के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
- ▶▶ 1915 : टेलीफोन से पहला अंतरमहाद्वीपीय संदेश भेजा गया।
- ▶▶ 1927 : अमेरिका और मैक्सिको के बीच टेलीफोन सेवा की शुरुआत हुई।
- ▶▶ 1959 : भारत की आरती साहा ने इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया।
- ▶▶ 1962 : कलकत्ता (अब कोलकाता) में बिड़ला तारामंडल खुला।
- ▶▶ 1971 : बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय तूफान से करीब 10 हज़ार लोगों की मौत हुई।
- ▶▶ 1977 : सोवियत संघ ने स्पेस स्टेशन साल्युत-6 को पृथ्वी की कक्ष में स्थापित किया।
- ▶▶ 1988 : चैलेंजर के दुर्घटनाग्रस्त होने के ढाई साल के बाद अमेरिका ने अपना पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।
- ▶▶ 2000 : चीन की मुन्चोनाक कोयला खान में 100 लोगों की मृत्यु।
- ▶▶ 2001 : संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद विरोधी अमेरिकी प्रस्ताव पारित किया।
- ▶▶ 2002 : दक्षिण कोरिया के बुसान में 14वें एशियाई खेलों का उद्घाटन।
- ▶▶ 2003 : ईरान ने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम जारी रखने का निर्णय लिया।
- ▶▶ 2006 : विश्व की पहली महिला अंतरिक्ष पर्यटक ईरानी मूल की अमेरिका नागरिक अनुशेह अंसारी पृथ्वी पर सकुशल लौटी।
- ▶▶ 2009 : अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज़ी फेडरेशन की ताजा रैंकिंग में भारत के विजेन्दर को 75 किग्रा वर्ग में 2700 अंकों के साथ पहला स्थान दिया गया।
- ▶▶ 2011 : चीन ने जिक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से पहली अंतरिक्ष प्रयोगशाला तियांगोंग-1 को अंतरिक्ष की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया।
- ▶▶ 2016 : भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक कर घुसपैठ की फिराक में सीमा के इर्द गिर्द छिपे आतंकवादियों को ठिकाने लगाने का दावा किया। पाकिस्तान ने भारत के दावे का खंडन किया।

## अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

रांचीः राजधानी रांची में ईदमिलाद-उन-नबी के जुलूस को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सभी संवेदनशील स्थानों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। सुबह से ही मेन रोड स्थित एकरा मस्जिद समेत अन्य स्थानों पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में दो हजार जवान तैनात किये गये थे।

वसूली पुलिसकर्मी के इलाज का था पैसा

# जैप ट्रेनिंग सेंटर में लाखों की वसूली मामला : पुलिस मेंस एसोसिएशन ने डीजीपी को लिख पत्र

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** जैप 4 ट्रेनिंग सेंटर में लाखों रुपए की वसूली मामले में पुलिस मेंस एसोसिएशन ने डीजीपी को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में कहा गया है कि जब्त किया गया पैसा पुलिसकर्मी के इलाज के लिए था। झारखंड पुलिस मेन्स एसोसिएशन की ओर से डीजीपी को लिखे पत्र में कहा गया है, जैप-4, बोकारो में अधिष्ठापन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हवलदार पिंकु कुमार द्वारा एक आवेदन दिया गया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि प्रशिक्षु हवलदार सुनील कुमार सिंह, जो अचानक तबीयत खराब होने के कारण गंभीर अवस्था में मेडिका अस्पताल रांची में भर्ती है। उनके इलाज में सहयोग के सभी




प्रशिक्षुओं की सहमति से सहायता राशि जमा किया गया था। जिसे जैप 4 के कमांडेंट अश्विनी सिन्हा और डीएसपी विनोद महतो द्वारा प्रशिक्षण अवधि कम कराने के नाम पर पैसा उगाही करने का आरोप लगाते हुए जब्त कर लिया गया है। डीजीपी को लिखे पत्र में कहा गया है, पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जैप-4, बोकारो जाकर इस मामले के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। प्रशिक्षुओं और अन्य श्रोत से जानकारी में बीमार पुलिसकर्मी के लिए सहयोग राशि जमा करने संबंधी बात प्रकाश में आयी है। अतः सादर अनुरोध है कि उक्त हवलदार द्वारा समर्पित आवेदन में उल्लेखित बिन्दुओं के संबंध में जांच के बाद जब्त राशि बीमार पुलिसकर्मी को देने और इस आरोप में निलंबित पुलिसकर्मियों को निलंबन मुक्त करते हुए, किसी अन्यत्र प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण पूर्ण कराने की अनुमति प्रदान करने की कृपा की जाये।

# जारी हुई झारखंड के प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियों के लिए नई नियमावली

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः**झारखंड प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी को लेकर नई नियमावली बनायी गई है। इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह नियमावली झारखंड प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी नियमावली 2023 कही जाएगी। नई नियमावली में कई नए नियम और शर्तें लागू की गई हैं। अधिसूचना में कहा गया है, 15 से अधिक सुरक्षा गार्ड्स के गार्डन के पर्यवेक्षण के लिए एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा। निजी सुरक्षा गार्ड के विभिन्न स्थानों में ड्यूटी होने की स्थिति में एक पर्यवेक्षक द्वारा उनके कार्य का पर्यवेक्षण करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा कहा गया है, एजेंसी निजी सुरक्षा गार्ड के लिए ड्यूटी पर यूनिफॉर्म पहनना अनिवार्य करें। जिसमें एजेंसी का नाम, संगठन में उसके पद को दिखाने वाला बैज, सिर पर पहनने की टोपी, जिसपर निजी सुरक्षा एजेंसी की पहचान चिह्न भी हो सकती है।जो प्रशिक्षण दिया जाएगा, वो कम से कम छह दिनों का होगा। जिनमें वर्तमान सुरक्षा रूपरेखा, निजी सुरक्षा एजेंसी की भूमिका और काम, पुलिस और अन्य संबंधित सरकारी विभागों के साथ संपर्क, विभिन्न दस्तावेजों की जांच, निजी सुरक्षा कर्मियों को क्या करना है और क्या नहीं करना है, वीआईपी सुरक्षा, सूचना सुरक्षा, पेट्रोलिंग, चौकी ड्यूटी, सुरक्षा कर्तव्य, आंतरिक सुरक्षा, संस्थागत सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

वापसी के क्रम में झारखंड में मानसून सक्रिय

# एक अक्टूबर तक भारी बारिश का अलर्ट

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** वापसी के क्रम में झारखंड में मानसून सक्रिय हो गया है। रांची समेत राज्य के अन्य हिस्सों में पिछले दो दिनों में तेज बारिश हुई है। गुरुवार को भी तेज हवा के साथ वर्षा हुई। इस बीच मौसम विभाग ने 30 सितंबर और एक अक्टूबर को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वज्रपात व तेज हवा चलने का अलर्ट जारी करते हुए कहा गया है कि 30 सितंबर को राज्य के दक्षिणी तथा उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। वहीं एक अक्टूबर को राज्य के 15 जिलों में भारी बारिश का अनुमान है।झारखंड के जिन 10 जिलों में



30 सितंबर को भारी बारिश का अलर्ट मौसम विभाग की ओर से जारी किया गया है, उनमें रांची के अलावा खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल हैं। वहीं एक अक्टूबर को गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ जिले में भारी वर्षा होने की संभावना है।

# झारखंड में आईईडी विस्फोट में एक जवान शहीद, एक जवान घायल

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड में चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में एक जवान शहीद हो गये जबकि एक जवान घायल हो गये। विस्फोट के बाद घायल कोबरा 209 बटालियन के इंस्पेक्टर भूपेन्द्र कुमार और हवलदार राजेश कुमार को हेलीकाप्टर से रांची लाया गया। जहां डाक्टरों ने जांच के दौरान हवलदार राजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि भूपेन्द्र कुमार का इलाज मेडिका में चल रहा है। एसपी आशुतोष शेखर ने गुरुवार को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ टोन्टो थानान्तर्गत तुम्बाहाका एवं सरजोमबुरु गांव के बीच में जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों की ओर से पूर्व में लगाये गये तीन आईईडी को विस्फोट किया गया, जिसकी चपेट में आने से कोबरा 209 बटालियन के इंस्पेक्टर भुपेन्द्र कुमार और हवलदार राजेश कुमार जख्मी हो गये। इसमें राजेश कुमार गंभीर रुप से जख्मी हुए है। पुलिस बल की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मुख्यालय और सीआरपीएफ रांची के सहयोग से हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल प्राथमिकी उपचार के बाद जख्मी हुए जवानों को बेहतर इलाज के लिए रांची के मेडिका अस्पताल भेजा गया है। संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

# 2.50 करोड़ की लागत से बिछना है राजधानी के अशोक नगर कालोनी में सड़कों के किनारे पेवर ब्लाक



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**राजधानी के सबसे पॉश कालोनी अशोक नगर में पेवर ब्लाक कब बिछेगा, इसको लेकर रांची नगर निगम के अधिकारी कोई निर्णय नहीं ले रहे हैं। 2.50 करोड़ की लागत से अशोक नगर के रोड नंबर-एक से लेकर रोड नंबर छह तक सड़कों के किनारे (इंटरनल रोड) में पेवर ब्लाक बिछाया जाना है। इसको लेकर रांची नगर निगम ने डेढ़ महीने पहले निविदा (टेंडर) भी निकाला था। अब तक इस टेंडर को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। टेंडर में 10 संवेदकों ने निविदा डाली है।रांची नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन की अध्यक्षता में टेडंर कमेटी भी गठित है पर कुंवर सिंह पाहन फोन ही नहीं उठाते हैं। जानकारी के अनुसार अब तक संवेदकों ने कई बार नगर निगम का चक्कर भी लगाया। पर कोई सीधा जवाब तक देना मुनासिब नहीं समेझता है। कई संवेदकों ने बिलो इस्टीमेटेड राशि निविदा डाली है। बताते चलें कि झारखंड सरकार ने हाल ही में एक नियम बनाया है कि 10 प्रतिशत से अधिक नीचे निविदा डालनेवाले संवेदकों अथवा कंपनियों के आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा पर रांची नगर निगम की लापरवाही से समय पर किसी योजना को पूरा करने में भी अब दिक्कतें आ रही हैं। पेवर ब्लॉक बिछाने के क्रम में किसका इंटरेस्ट है, इसको लेकर भी उहापोह की स्थिति बनी हुई है।

## प्रभावित प्रतिरोध मंच करेगा प्रदर्शन




रांची : नौकरी, मुआवजा और रोजगार को लेकर सीसीएल एनके एरिया प्रबंधन के नकारात्मक रवैया के खिलाफ रैयतों में आक्रोश बढ़ रहा है। प्रभावित प्रतिरोध मंच 29 सितंबर को डकरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर आंदोलन की रणनीति तैयार करेगी। इसको लेकर चुरी परियोजना का कामकाज पूरी तरह से मांग पूरी नहीं होने तक अनिश्चितकाल के लिये बंद कराया जाएगा। उक्त बातें प्रभावित प्रतिरोध मंच के अध्यक्ष नागेश्वर महतो ने राय पंचायत में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही।

# कुत्तों के काटने से साल में 50 लोगों की झारखंड में होती है मौत

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** रांची में बड़ी संख्या में लोग कुत्ता काटने के शिकार हो रहे हैं। हर माह रांची में करीब 1650 लोगों को कुत्ते अपना शिकार बना रहे हैं। एक व्यक्ति को करीब तीन डोज लगाये जाते हैं। इस तरह लोगों को हर माह औसतन 4910 रेबीज के टीके लगाये जा रहे हैं। पिछले पांच महीने में 24511 मरीजों को डोज लगाये गये हैं। सदर अस्पताल में हर दिन एंटी रेबीज के डोज लेने के लिए लोग पहुंचते हैं। सिविल सर्जन डॉ प्रभात ने बताया कि रांची ही नहीं पूरे झारखंड में रेबीज को लेकर जागरुकता बढ़ी है। बड़ी संख्या में लोग एंटी रेबीज का डोज लेने



पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत कम पर आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में कुत्ता काटने और सांप काटने पर झाड़ फूंक कराते हैं।डॉ प्रभात ने रांची के मामले में बताया कि अधिकतर लोग पहला डोज लेने के लिए 24 घंटे के अंदर अस्पताल पहुंचते हैं। कई ऐसे लोग भी हैं, जो काटने के बाद कई तरह के घरेलू उपचार करने के बाद अस्पताल पहुंचते हैं। ऐसे मामलों में इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। चिकित्सकों ने बताया कि घाव के वायरस को जल्द से जल्द हटाना जरूरी है। इसके लिए घाव को तुरंत पानी और साबुन से धोना चाहिए और इसके बाद एंटीसेप्टिक का उपयोग करना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार के संक्रमण की संभावना को कम किया जा सके।रेबीज एक विषाणुजनित संक्रामक बीमारी है। यह वायरस संक्रमित पशुओं के काटने और खरोंचने से मनुष्यों में फैलता है। यह एक जानलेवा रोग है। बीएयू के डीन वेटनरी डॉ सुशील ने बताया कि रेबीज का वायरस रेबीज से पीड़ित जानवरों जैसे-कुत्ता, बिल्ली, बंदर आदि की लार में मौजूद रहता है। आंकड़ों के अनुसार, मनुष्यों के लगभग 99 प्रतिशत मामलों में रेबीज की मुख्य वजह कुत्ते का काटना होता है। डॉ सुशील प्रसाद ने बताया कि झारखंड में हर वर्ष 50 से ज्यादा मौतें कुत्ते के काटने से होती है।

# रांची के मैक्लुस्कीगंज ने बढ़ाया झारखंड का मान, सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल के रूप में मिला सम्मान

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड पर प्रकृति ने असीम कृपा बरसाई है। यहां के घने जंगल, पहाड़ और झरने पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वहीं रांची से करीब 65 किलोमीटर दूर एंग्लो इंडियन समुदाय के लिए बसाया गया मैक्लुसकीगंज खूबसूरत वादियों और सुनहरे मौसम की वजह से पूरे देश में विख्यात है। इसको मिनी इंग्लैंड भी कहा जाता है। अब इसी मैक्लुस्कीगंज ने पर्यटन के मानचित्र पर झारखंड का नाम रौशन किया है। विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मैक्लुसकीगंज को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में से एक चुना गया है। झारखंड के पर्यटन विभाग के संयुक्त सचिव मोइनुद्दी खान ने इस पुरस्कार को रिसिव किया।कोलकाता के एंग्लो इंडियन समुदाय के एर्नेस्ट टिमोथी मैक्लुस्की के नाम पर इस जगह




को मैक्लुसकीगंज नाम मिला। अर्नेस्ट टिमोथी के पिता आयरलैंड के थे जबकि उनकी मां भारतीय थीं। अर्नेस्ट एक बड़े व्यवसायी थे। उनको यह इलाका आयरलैंड की याद दिलाता था। इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने 1933 में कोलोनाइजेशन सोसायटी के नाम से एक कोऑपरेटिव बनाई थी। इसके लिए उन्होंने प्लान तैयार कर रातु के तत्कालीन राजा से 10 हजार एकड़ जमीन लीज पर ली थी। इसके बाद 20 हजार एंग्लो इंडियन को कोऑपरेटिन का शेयर खरीदने के बदले लैंड देने के लिए आमंत्रित किया था। उनके इस आकर्षक प्रस्ताव पर एंग्लो इंडियन समुदाय से जुड़े 250 परिवार साल 1939 में यहां आकर बसे थे। इन परिवारों ने 10 हजार एकड़ में से 6,800 एकड़ जमीन खरीदी थी। शेष जमीन गैरमजरूआ की श्रेणी में आ गई जिसे वन विभाग ने अधिगृहित कर लिया। उस दौर में एंग्लो इंडियन समुदाय के लोगों ने स्लोप वाले आकर्षक घर और सुंदर गार्डेन बनाए थे।यहां गर्मी में भी सर्दी का एहसास होता है। यह इलाका प्राकृतिक खूबसूरती से भरा पड़ा है। 1935 में अर्नेस्ट टिमोथी मैक्लुस्की के निधन पर लापरा सेटलमेंट के तहत इस इलाके को मैक्लुसकीगंज नाम मिला। लेकिन समय के साथ संसाधनों की कमी की वजह से एंग्लो इंडियन परिवार यहां से शिफ्ट होते चले गये। ज्यादातर लोगों ने अपने नौकरों को अपने बंग्ले दे दिए। वहीं कुछ की जमीन हड़प ली गई। अब यहां के जर्जर हो चुके बंग्ले एंग्लों इंडियन की याद दिलाते हैं। हालांकि अभी भी यूरोप समेत विश्व के कई जगहों से लोग यहां घूमने आते हैं। यहां कई गेस्ट हाउस बने हुए हैं। मैक्लुस्कीगंज में अक्सर फिल्म की शूटिंग भी होती रहती है। लेकिन सच यह है कि यहां आने पर अब मायूसी ही हाथ लगती है। इसके बावजूद इसका आकर्षण बरकरार है। एंग्लो इंडियन परिवार से जुड़े कुछ लोग अभी भी हैं लेकिन उनकी माली हालत बेहद खराब है। खास बात है कि उन परिवार में आज भी अंग्रेजी भाषा का ही चलन है।

विश्व पर्यटन दिवस पर प्रगति मैदान में ट्रैवल फॉर लाइफ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और विकास मंत्री जी। किशन रेड्डी ने अपने संबोधन में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस दौरान रांची जिला पर्यटन के नोडल अधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह और एंग्लो इंडियन समुदाय की ओर से एशले गोम्स मौजूद थे। विभागीय अधिकारियों ने उम्मीद जतायी है कि इस पुरस्कार से मैक्लुस्कीगंज में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।